WWW.NAVPRADESH.COM
RNI NO.CHHHIN/2012/41806
navpradesh@gmail.com

दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, शुक्रवार, 12 सितंबर 2025 कृष्ण पक्ष- पंचमी, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 207 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

औद्योगिक नीति 2024-30 ने दी बस्तर को नई उड़ान: सीएम साय

बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट में 967 करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

महिलाओं और एससी-एसटी समुदाय को उद्योगों में मदद, बस्तर औद्योगिक और सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का बन रहा नया केंद्र, मिलेगा रोजगार

जगदलपुर/नवप्रदेश । छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने गुरुवार को बस्तर में आयोजित होने जा रहे 'इनवेस्टर मीट समिट के आयोजन पर कहा कि इससे हमारे उद्योगपतियों को बहुत मदद मिलेगी। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारे नवोदित उद्योगपति इससे उद्योग की बारीकियों के बारे में सीख सकेंगे। इसमें न केवल उनकी व्यक्तिगत समृद्धि निहित है, बल्कि इससे प्रदेश में भी विकास की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि इनवेस्टर मीट समिट का आयोजन छत्तीसगढ़ के अलावा अन्य राज्यों में भी किया जा चुका है। खासकर दिल्ली और मुंबई में, जिसमें बड़ी संख्या में उद्योग में हाथ आजमाने वाले लोगों ने हिस्सा लिया था। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उद्योग नीति का जिक्र करते हुए कहा कि अगर कोई महिला या एससी-एसटी समुदाय से आने वाला कोई शेष पृष्ठ 6 पर

छत्तीसगढ़ की नई उद्योग नीति को मिल रही सराहना: साय

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर में गुरुवार को इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की नई उद्योग नीति पर विस्तार से चर्चा की और बताया कि छत्तीसगढ़ की नई उद्योग नीति को देश और विदेश में सराहा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु के साथ ही टोक्यो (जापान), सियोल, दक्षिण कोरिया जैसे अंतरराष्ट्रीय शहरों में इन्वेस्टर कनेक्ट का सफल आयोजन किया गया था, इन कार्यक्रमों में भारत के प्रतिनिधियों ने भी भाग लिया।

नक्सल उन्मूलन में बड़ी सफलता, 2026 तक खत्म होगा नक्सलवाद

दिसंबर 2023 से अब तक सुरक्षा बलों की आक्रामक रणनीति के परिणामस्वरूप 453 नक्सली मारे गए, 1,611 गिरफ्तार हुए और 1,636 ने आत्मसमर्पण किया। बीते 20 महीनों में 65 से अधिक नए सुरक्षा शिविर स्थापित हुए हैं। सड़क, पुल और मोबाइल नेटवर्क जैसे ढाँचागत विकास ने भी इस प्रक्रिया को मजबूती दी है। सरकार का लक्ष्य मार्च 2026 तक नक्सल उन्मूलन सुनिश्चित करना है, जिसके साथ-साथ सतत विकास और शांति का मार्ग प्रशस्त होगा।

- नियद नेल्ला नार योजना और पुनर्वास नीति से सशक्त हो रहा बस्तर
- नया बस्तर -निवेश, विकास और विश्वास की नई पहचान
- बड़े सार्वजनिक निवेशों के साथ-साथ 1,000 करोड़ का निजी निवेश भी सेवा क्षेत्र और एमएसएमई
- 52,000 करोड़ की प्रतिबद्धताओं के साथ -नक्सल उन्मूलन से विश्वास निर्माण तक - बदलता हुआ बस्तर
- समावेशी विकास की ओर तेजी से अग्रसर बस्तर

तेंदूपत्ता संग्राहकों को अधिक दर

राज्य सरकार ने तेंदूपत्ता खरीदी दर को 4,000 से बढ़ाकर 5,500 प्रति मानक बोरा कर दिया है। इससे बस्तर के 52 लाख संग्राहक (13 लाख परिवार) सीधे लाभान्वित हो रहे हैं।

कौशल विकास से युवाओं को अवसर

मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना में प्रशिक्षण दिया गया, जिनमें से 39,137 को रोजगार मिला। आईटी, ऑटोमोबाइल, कंस्ट्रक्शन और सौर ऊर्जा क्षेत्रों में 3,296 युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

बड़े सार्वजनिक निवेश से बदलता बस्तर

बस्तर में एनएमडीसी द्वारा 43,000 करोड़ तथा सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल हेतु 200 करोड़ का निवेश किया जा रहा है। ये निवेश बस्तर की आधारभूत संरचना को मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

निजी निवेश और समावेशी विकास

बड़े सार्वजनिक निवेशों के साथ-साथ लगभग 1,000 करोड़ का निजी निवेश भी सेवा क्षेत्र और एमएसएमई में किया जा रहा है। यह विविधीकृत विकास रोजगार के अवसरों को बढ़ाएगा और समावेशी व सतत विकास को सुनिश्चित करेगा। कुल मिलाकर लगभग 52,000 करोड़ की प्रतिबद्धताओं के साथ बस्तर औद्योगिक और सामाजिक-आर्थिक परिवर्तन का नया केंद्र बन रहा है।

आज बेबाक

भारत के पड़ौसी देश अफगानिस्तान, म्यांमार, श्रीलंका और बांग्लादेश के बाद अब नेपाल में भी तख्तापलट हो गया। पाकिस्तान के हालात भी बदतर हैं। यह भारत के लिए चिंता का विषय है। जब पड़ौसियों के घर जल रहें हो तो चिंता होना स्वाभाविक है। खासतौर पर जब भारत में भी ऐसे हालात निर्मित होने की देशद्रोही ताकतें सपना देख रही हों। हालांकि ऐसी भीगी बिल्लियों के छींकने से पहाड़ नहीं गिरा करते। भारत पर यह शेर सटीक बैठता है कि - कुछ तो बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी सदियों से दुश्मन रहा है दौर-ए-जमां हमारा।

भारत और मॉरीशस दो अलग राष्ट्र, मगर सपने और नियति एक : पीएम नरेंद्र मोदी

वाराणसी (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत और मॉरीशस सिर्फ पार्टनर नहीं, बल्कि एक परिवार हैं। ये दो अलग-अलग राष्ट्र हैं, लेकिन हमारे सपने और नियति एक हैं। पीएम मोदी वाराणसी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मार्च में मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होने का सौभाग्य मिला था। उस अवसर पर हमने अपने संबंधों को एक उन्नत रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक बढ़ाया। अब हमने अपने द्विपक्षीय सहयोग के सभी पहलुओं की व्यापक समीक्षा की और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान भी किया।

संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, मॉरीशस, भारत की 'नेबरहुड फर्स्ट नीति और 'विजन महासागर का एक महत्वपूर्ण शेष पृष्ठ 6 पर

पीएम मोदी ने मॉरीशस के प्रधानमंत्री से की मुलाकात

वाराणसी (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को काशी में मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम संग बैठक करने पहुंचे। होटल ताज में दोनों देशों के प्रमुखों की मुलाकात हुई तो आपसी संबंधों में गर्मजोशी देखने को मिली। भारत और मॉरीशस के प्रधानमंत्री के बीच द्विपक्षीय मुद्दों पर बात हुई। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि अपनी द्विपक्षीय चर्चाओं के दौरान पीएम मोदी और रामगुलाम सहयोग के संपूर्ण आयाम की समीक्षा करेंगे, जिसमें विकास साझेदारी और क्षमता निर्माण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

पीएम आज "ज्ञान भारतम' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में होंगे शामिल

नई दिल्ली (आईएएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 12 सितंबर को दिल्ली के विज्ञान भवन में ज्ञान भारतम पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। सम्मेलन का उद्देश्य भारत की अमूल्य पांडुलिपि धरोहर को फिर से जीवंत बनाना और उसे वैश्विक ज्ञान संवाद के केंद्र में लाना है। पीएम मोदी इस अवसर पर ज्ञान भारतम् पोर्टल का शुभारंभ करेंगे, जो पांडुलिपियों के डिजिटलीकरण, संरक्षण शेष पृष्ठ 6 पर

वोटर लिस्ट में नाम से जुड़े मामले में सोनिया गांधी के खिलाफ याचिका खारिज

नई दिल्ली (आईएएनएस)। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने कांग्रेस की वरिष्ठ नेता और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को बड़ी राहत दी है। कोर्ट ने गुरुवार को नागरिकता और वोटर लिस्ट में नाम से जुड़े एक मामले में सोनिया गांधी के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया है। इससे पहले अदालत ने इस मामले में बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। याचिका में आरोप लगाया गया था कि सोनिया गांधी ने बिना नागरिकता हासिल किए 1980 की वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल कराया। याचिका में दावा किया गया था कि सोनिया गांधी ने 30 अप्रैल 1983 को भारतीय शेष पृष्ठ 6 पर

राहुल गांधी 'जनता दरबार' के बाद दिशा बैठक में पहुंचे

रायबरेली (आईएएनएस)। रायबरेली के ऊंचाहार में कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात करने के बाद कांग्रेस सांसद राहुल गांधी दिशा की बैठक में पहुंचे। इस दौरान उनका स्वागत जिलाधिकारी हर्षिता माथुर और एसपी यशवीर सिंह ने किया। वहीं, दिशा की बैठक में यूपी सरकार के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश सिंह, सपा से निष्कासित विधायक मनोज पांडेय और विधायक अदिति सिंह भी शामिल होने पहुंची। दिशा की बैठक शुरू होते ही ऊंचाहार से सपा के बागी विधायक मनोज पांडेय ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी को लेकर निंदा प्रस्ताव रखा। साथ ही लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से माफी मांगने को कहा। हालांकि, राहुल गांधी के मना करते ही उन्होंने इसका विरोध करते हुए बैठक का बहिष्कार किया। उन्होंने बैठक के बहिष्कार के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि राहुल गांधी लगातार सर्वोच्च न्यायालय, शेष पृष्ठ 6 पर

कोलकाता चिड़ियाघर में दो बाघिनों की मौत

कोलकाता (आईएएनएस)। पश्चिम बंगाल के मुख्य वन्यजीव वार्डन ने दक्षिण कोलकाता के अलीपुर स्थित प्रतिष्ठित प्राणी उद्यान में दो वयस्क बाघिनों की मौत की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए हैं। दोनों बाघिनों की मौत मंगलवार और बुधवार की रात महज 24 घंटों में हुई। हालांकि राज्य वन विभाग ने आधिकारिक तौर पर दावा किया है कि दोनों बाघिनों की मौत उनकी बढ़ती उम्र के कारण हुई, लेकिन दोनों मौतों के बीच इतने कम अंतराल को लेकर संदेह जताया जा रहा है। कई वन्यजीव प्रेमी इसे अप्राकृतिक मौत मान रहे हैं।

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र की अतिरिक्त जिम्मेदारी

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति चुने जाने के बाद आचार्य देवव्रत महाराष्ट्र के राज्यपाल की जिम्मेदारी निभाएंगे। सीपी राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र के राज्यपाल पद से इस्तीफा दिया है। इस कारण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को महाराष्ट्र की अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी। इस संबंध में राष्ट्रपति के प्रेस सचिव अजय कुमार सिंह ने गुरुवार को आधिकारिक आदेश जारी किया। प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है, 'सीपी राधाकृष्णन के उपराष्ट्रपति चुने जाने के कारण महाराष्ट्र के राज्यपाल का पद छोडऩे के फलस्वरूप भारत के राष्ट्रपति ने गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत को उनके अपने कर्तव्यों के अतिरिक्त महाराष्ट्र के राज्यपाल के कार्यों का निर्वहन करने के लिए नियुक्त किया है।

6 गिरफ्तार, हथियार और हवाला रकम बरामद

अमृतसर से हथियार तस्करी का बड़ा नेटवर्क बेनकाब

अमृतसर (आईएएनएस)। पंजाब पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। खुफिया जानकारी के आधार पर की गई कार्रवाई में अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से चल रहे हथियार तस्करी के संगठित मॉड्यूल का पर्दाफाश किया है। इस दौरान पुलिस ने छह लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह अत्याधुनिक पिस्तौलें और 5.75 लाख हवाला की नकदी बरामद की। पुलिस के अनुसार, यह गिरोह सोशल मीडिया के माध्यम से विदेश बैठे आकाओं के इशारे पर काम कर रहा था। इसकी कमान मुख्य आरोपी मेहकप्रीत सिंह उर्फ रोहित के हाथों में थी, जो विदेशी हैंडलर्स से सीधे निर्देश ले रहा था। पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने इस कार्रवाई की जानकारी देते हुए एक्स पोस्ट में लिखा, एक खुफिया ऑपरेशन में, अमृतसर कमिश्नरेट पुलिस ने सीमा पार से हथियारों की तस्करी करने वाले एक संगठित मॉड्यूल का भंडाफोड़ किया और छह लोगों को छह अत्याधुनिक हथियारों और 5.75 लाख हवाला राशि के साथ गिरफ्तार किया। इस गिरोह का संचालन महकप्रीत सिंह उर्फ रोहित अपने विदेश स्थित आकाओं के निर्देशों पर सोशल मीडिया के जरिए कर रहा था।

नेपाल में नई पीढ़ी के नेतृत्व की मांग हमें भी पीएम मोदी जैसा नेता चाहिए

काठमांडू (आईएएनएस)। नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल और जन आंदोलन के बीच अंतरिम सरकार पर विचार-विमर्श होने लगा है। इसमें अहम यह है कि नेपाल में लोगों के बीच भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी जैसे चेहरे की मांग उठ रही है। कई नागरिकों ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे नेतृत्व की तुलना करते हुए नेपाल में भी समान दृष्टिकोण वाले नेता की जरूरत पर जोर दिया है।

काठमांडू के एक स्थानीय निवासी ने कहा, हमें पीएम मोदी जैसे प्रधानमंत्री की जरूरत है, जो देश के लिए सोचता हो और उसे प्रगति की ओर ले जाए। हम पीएम मोदी का समर्थन करते हैं और नेपाल में भी ऐसा ही नेता चाहते हैं।

हम प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करते हैं

उन्होंने यह भी कहा, हमें प्रधानमंत्री मोदी जैसे प्रमुख की जरूरत है, जो देश के बारे में सोचे और उसकी प्रगति में योगदान दे। हम प्रधानमंत्री मोदी का समर्थन करते हैं और नेपाल में भी प्रधानमंत्री के रूप में ऐसा ही नेता चाहते हैं।

यह बयान नेपाल में चल रहे जन आंदोलन और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद आए राजनीतिक संकट के बीच सामने आया है। काठमांडू के एक स्थानीय युवक ने आईएएनएस से बातचीत में कहा, अभी जो चाहा था, वही हो रहा है और अच्छा हो रहा है।

रूसी सेना में शामिल होने के प्रस्तावों के झांसे में न आएं भारतीय: विदेश मंत्रालय

नयी दिल्ली (वार्ता) रूस की सेना में कुछ भारतीय नागरिकों की भर्ती की मीडिया रिपोर्टों के बीच विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को आगाह किया है कि वे रूसी सेना में शामिल होने के किसी भी प्रस्ताव के झांसे में ना आए क्योंकि इसमें कई जोखिम हैं।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने रूसी सेना में भारतीयों की भर्ती से संबंधित मीडिया के सवालों के जवाब में गुरुवार को कहा कि भारतीय नागरिकों को इस तरह के प्रस्ताव से दूर रहना चाहिए क्योंकि इसमें खतरे हैं।

गरमा - गरम

कौन होगा नया मुखिया... अमिताभ जैन का कार्यकाल 30 सितंबर को हो रहा समाप्त

राज्य में मुख्य प्रशासनिक मुखिया की तलाश

- रेणु पिल्ले, मनोज पिंगुआ और सुब्रत साहू दौड़ में शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छग के प्रशासनिक मुख्यालय महानदी में इससमय नये प्रशासनिक मुखिया की तलाश तेज हो गई है। वर्तमान मुख्य सचिव अमिताभ जैन का कार्यकाल बढ़ा दिया गया है लेकिन उनका कार्यकाल 30 सितंबर को समाप्त होने जा रहा है। इसलिए यहां पर नये प्रशासनिक मुखिया की तलाश शुरू हो गई है।

राज्य में इस समय काम चलाऊ मुख्य सचिव के रूप में अमिताभ जैन काम कर रहे है। उनका कार्यकाल तीन माह के लिए बढ़ा दिया गया था यहां पर मुख्य सचिव के रूप में सुब्रत साहू, रेणु पिल्ले तथा मनोज पिंगुआ प्रमुख दोवदार के रूप में सामने आए हैं।

प्रदेश के नये प्रशासनिक मुखिया पर अंतिम मुहर मुख्यमंत्री लगाएंगे। इसलिए वरिष्ठता क्रम पर यह नियुक्ति की जाएगी। वर्तमान में तीनों उम्मीदवार काफी योग्य है।

रेणु पिल्ले एसीएस है। इनके पिता भी आंध्रप्रदेश के मुख्य सचिव रह चुके है। वहीं सुब्रत साहू के पिता जी भी राज्य में मुख्य सचिव रह चुके हैं। जिसके चलते इन दोनों का पलड़ा काफी भारी है इधर झारखंड के निवासी मनोज पिंगुआ केंद्र में काम कर चुके है वे जशपुर के पड़ोसी जिला झारखंड के रहने वाले हैं। जिसके कारण वे भी दौड़ में शामिल है। वर्तमान में उनका पलड़ा भी भारी है। इसका अंतिम फैसला पीओपीटी लेगा। फिलहाल राज्य में मुख्य सूचना आयुक्त का पद भी रिक्त है। यहां पर लाखों फाइल लंबित है। वर्तमान मुख्य सचिव को इस पद पर नियुक्त किये जाने की चर्चा है लेकिन इस पर अंतिम निर्णय नहीं हुआ है। नये मुख्य सचिव के रूप में इसका चयन किया जाएगा यह रहस्य का विषय बना हुआ है।

सीईओ कार्यालयों के मीडिया एवं संचार अधिकारियों के लिए आज कार्यशाला

नई दिल्ली (आईएएनएस)। नई दिल्ली में भारत निर्वाचन आयोग गुरुवार को सीईओ कार्यालयों के मीडिया एवं संचार अधिकारियों के लिए एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित करेगा। इसकी जानकारी चुनाव आयोग ने खुद दी।

भारत निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स6 पर पोस्ट कर कहा कि 36 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ कार्यालयों के मीडिया नोडल अधिकारियों (एमएनओ) और सोशल मीडिया नोडल अधिकारियों (एसएमएनओएस) के लिए दिल्ली में 12 सितंबर को कार्यशाला आयोजित की जाएगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार चुनाव आयुक्तों डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे। कार्यशाला का उद्देश्य इस बात पर जोर देना है कि भारत में चुनाव संविधान के अनुसार होते हैं और कानूनी, तथ्यात्मक और नियम-आधारित जानकारी को समय पर और समन्वित तरीके से संप्रेषित करने के महत्व को रेखांकित करना है। चुनावी प्रक्रियाओं के संबंध में जनता को गुमराह करने वाली गलत सूचनाओं में हाल ही में हुई वृद्धि के मद्देनजर, कार्यशाला का उद्देश्य तथ्य-आधारित प्रतिक्रियाओं के साथ भ्रामक सूचनाओं का मुकाबला करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ कार्यालयों के संचार पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना भी है।

न्यूज गैलरी

सड़क सुरक्षा होनी चाहिए सबसे बड़ी प्राथमिकता : नितिन गडकरी

नई दिल्ली। एसआईएएम के 65वें अधिवेशन में, प्रधानमंत्री मोदी ने ऑटो सेक्टर को विकसित भारत का एक स्तंभ बताया और स्वच्छ परिवहन की ओर कदम बढ़ाने का आग्रह किया। नितिन गडकरी ने सड़क सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण, स्क्रैपेज और कम लॉजिस्टिक्स लागत को तत्काल प्राथमिकता बताते हुए गंभीरता से इस पर जोर दिया। सोसाइटी ऑफइंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स के 65वें सालाना सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साफकहा कि ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री सिर्फ गाड़ियां बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मेक इन इंडिया की पहचान है और विकसित भारत का अहम स्तंभ है। पीएम ने उद्योग से अपील की कि भारत सिर्फ कदम से कदम मिलाकर न चले, बल्कि क्लीन मोबिलिटी की वैश्विक दौड़ में नेतृत्व करे। उनका संदेश उत्साह बढ़ाने वाला था, लेकिन जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ा, केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने हकीकत का आईना दिखाया। उन्होंने कहा कि भविष्य की राह सिर्फसपनों और टारगेट से नहीं बनेगी, बल्कि चुनौतियों का सामना करना भी उतना ही जरूरी है।

ट्रेड डील को लेकर भारत और अमेरिका के बीच बातचीत सही ट्रैक पर

नई दिल्ली(आईएएनएस)। केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत-अमेरिका के बीच ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर तक फाइनल हो सकता है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच चर्चा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रही है और दोनों पक्ष अब तक की प्रगति से संतुष्ट हैं। पत्रकारों से बातचीत के दौरान गोयल ने कहा कि फरवरी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने मंत्रियों को इस समझौते पर काम करने और इस साल नवंबर तक पहले चरण को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया था। गोयल ने आगे कहा कि इस ट्रेड डील का पहला चरण नवंबर 2025 तक पूरा हो जाना चाहिए, और मार्च से ही इस विषय पर बहुत अच्छे माहौल में बहुत गंभीरता से चर्चा चल रही है और प्रगति हो रही है। साथ ही कहा कि इस प्रगति से दोनों पक्ष संतुष्ट हैं। गोयल का यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब सोशल मीडिया पर डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच ट्रेड डील को लेकर सकारात्मक संवाद हुआ है।

'मुंबई कहें बॉम्बे नहीं', एमएनएस ने दी कपिल शर्मा को चेतावनी

नई दिल्ली/ए.। सालों पहले बॉम्बे को आधिकारिक रूप से मुंबई नाम दिए जाने के बाद भी, फेमस कॉमेडी शो 'द कपिल शर्मा शो' में अभी तक बॉम्बे का जिक्र होता रहा है. इस बात पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) ने आपत्ति जताई है. एमएनएस के नेता अमेय खोपकर ने कहा है कि बॉलीवुड सहित अन्य जगहों पर मुंबई को सम्मान देते हुए उसका सही नाम लेना चाहिए। एमएनएस का कहना है कि 1995 में महाराष्ट्र सरकार और 1996 में केंद्र सरकार द्वारा बॉम्बे का नाम बदलकर मुंबई किया गया था। इसके बावजूद, कई सितारे, राजनेता और शो होस्ट अभी भी पुराने नाम का इस्तेमाल करते हैं, जो सही नहीं है. उन्होंने इस बारे में सतर्क रहने और मुंबई नाम का ही उपयोग करने की विनती की है।

भारत की ओर आ रहे नेपाल की जेलों से फरार कैदी, अब तक 35 पकड़ाए

नेपाल में अशांति के बाद जेलब्रेक की घटनाएं

नई दिल्ली/ए.। सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने नेपाल की जेलों से फरार हुए 35 कैदियों को भारत-नेपाल सीमा पर पकड़ने में सफलता हासिल की है। अधिकारियों के अनुसार, इनमें से 22 कैदियों को उत्तर प्रदेश में, 10 को बिहार में, और तीन को पश्चिम बंगाल में हिरासत में लिया गया है। यह कार्रवाई नेपाल में भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के बीच हुई जेलब्रेक घटनाओं के बाद की गई है। अधिकारियों ने बताया कि नेपाल से भागे हुए कैदियों के पकड़े जाने की संख्या अभी भी बढ़ रही है। फिलहाल सीमा पर निगरानी और सतर्कता तेज कर दी गई है।

बिहार और पश्चिम बंगाल में भी कार्रवाई

बिहार में एसएसबी ने 10 अंडरट्रायल कैदियों को हिरासत में लिया, जो नेपाल की जेलों से भागकर भारतीय सीमा में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। ये कैदी 10 सितंबर को पकड़े गए और उन्हें बिहार पुलिस को आगे की जांच और कानूनी कार्रवाई के लिए सौंप दिया गया। पश्चिम बंगाल में, तीन अन्य कैदियों को सीमा पर पकड़ा गया। ये गिरफ्तारियां दर्शाती हैं कि भारत के सुरक्षाबल सीमा पर मुस्तैदी के साथ खड़े हैं। नेपाल में 'जेन-जी' के नेतृत्व वाले भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों ने देश में अशांति पैदा की है। इन प्रदर्शनों के दौरान, काठमांडू की डिल्लीबाजार जेल सहित महोत्तरी, नवलपरासी पश्चिम, और सप्तारी जैसे क्षेत्रों में जेलब्रेक की घटनाएं सामने आई हैं। प्रदर्शनकारियों द्वारा एक जेल में आग लगाने की खबरों के बीच कई कैदी भागने में सफल रहे। नेपाल पुलिस के कई थानों से हटने और केवल पुलिस मुख्यालय पर मौजूद रहने की स्थिति ने इस अराजकता को और बढ़ाया। नेपाल सेना को जेलों के आसपास तैनात किया गया है ताकि स्थिति को नियंत्रित किया जा सके। एसएसबी ने महाराजगंज, सीतामढ़ी, रक्सौल, और सुपौल जैसे जिलों में फ्लैग मार्च भी आयोजित किए हैं ताकि सीमा पर अपनी मौजूदगी को और मजबूत किया जा सके। एसएसबी की साइबर विंग सोशल मीडिया पर गलत सूचनाओं को रोकने के लिए सक्रिय रूप से काम कर रही है।

उत्तर प्रदेश में सबसे अधिक गिरफ्तारिया

एसएसबी ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले में भारत-नेपाल सीमा पर 22 कैदियों को पकड़ा। इनमें से पांच कैदियों को 10 सितंबर को एक त्वरित कार्रवाई में हिरासत में लिया गया था, जब वे अवैध रूप से भारतीय क्षेत्र में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। अधिकारियों के अनुसार, ये कैदी नेपाल की काठमांडू स्थित डिल्लीबाजार जेल से फरार हुए थे। इनके पास कोई वैध पहचान पत्र नहीं था, जिसके आधार पर एसएसबी ने इन्हें हिरासत में लिया और स्थानीय पुलिस को सौंप दिया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि ये कैदी नेपाल में चल रहे भ्रष्टाचार विरोधी प्रदर्शनों के दौरान जेल में उत्पन्न अराजकता का फायदा उठाकर भागे थे।

एसएसबी की सतर्कता और बढ़ी हुई सुरक्षा

भारत-नेपाल के बीच 1,751 किलोमीटर लंबी खुली सीमा है। इसकी निगरानी करने वाली सशस्त्र सीमा बल ने सुरक्षा व्यवस्था को और सख्त कर दिया है। सभी 26 पारस्परिक व्यापार मार्ग, 15 यातायात मार्ग, छह एकीकृत जांच चौकियां, और 11 सीमा जांच चौकियां हाई अलर्ट पर हैं। एसएसबी की खुफिया इकाई सीमावर्ती गांवों में निगरानी कर रही है ताकि घुसपैठ और गलत सूचनाओं को रोका जा सके। इसके अलावा, एसएसबी की महिला कर्मियों को भी कई जांच चौकियों पर तैनात किया गया है ताकि किसी भी आपात स्थिति, जैसे नेपाल से अचानक प्रवेश की स्थिति, को संभाला जा सके।

मॉरिशस की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष आर्थिक पैकेज देगा भारत

वाराणसी(वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मॉरिशस और भारत को एक परिवार करार देते हुए कहा है कि दोनों देशों के सपने एक हैं और भारत ने मॉरिशस की ढांचागत विकास तथा स्वास्थ्य सुविधाओं जैसी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक विशेष आर्थिक पैकेज की घोषणा की है।

उन्होंने कहा कि मॉरिशस के विशेष आर्थिक क्षेत्र की सुरक्षा और समुद्री क्षमता को मजबूत करने के लिए भी भारत पूरी तरह प्रतिबद्ध है। भारत ने मॉरिशस में आयुष उत्कृष्टता केन्द्र, 500 बिस्तर का सर शिवसागर रामगुलाम राष्ट्रीय अस्पताल, वेटेनरी स्कूल और पशु अस्पताल के निर्माण सहयोग का भी निर्णय लिया है।

मॉरिशस के विकास में साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मॉरिशस के विकास में एक विश्वसनीय और प्राथमिक साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात है और इसे ध्यान में रखते हुए भारत ने मॉरिशस की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से उसके लिए एक विशेष आर्थिक पैकेज के बारे में निर्णय लिया है। उन्होंने कहा, आज हमने मॉरिशस की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज पर निर्णय लिया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोज़गार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा।

काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि यह मेरे लिए गर्व की बात है कि मुझे अपने संसदीय क्षेत्र में आपका स्वागत करने का अवसर मिल रहा है। प्राचीन काल से काशी भारत की सभ्यता और सांस्कृतिक आत्मा का प्रतीक रही है।

दोनों देशों ने हाइड्रोग्राफी के क्षेत्र में एक समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किये हैं। इसके अलावा भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, मद्रास तथा इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ प्लांटेशन मैनेजमेंट ने भी मॉरिशस विश्वविद्यालय के साथ समझौते किये हैं। मोदी ने भारत की यात्रा पर आये मॉरिशस के प्रधानमंत्री डा. नवीनचन्द्र रामगुलाम के साथ गुरुवार को यहां द्विपक्षीय वार्ता के बाद संयुक्त प्रेस वक्तव्य में यह घोषणा की।

भारत-पाक मैचः याचिका पर सुनवाई से इनकार

नई दिल्ली (आईएएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 14 सितंबर को दुबई में होने वाले भारत-पाकिस्तान एशिया कप टी-20 क्रिकेट मैच को रद्द करने की मांग वाली जनहित याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि मैच रविवार को निर्धारित है। अगर इसे शुक्रवार तक सूचीबद्ध नहीं किया गया तो यह याचिका निरर्थक हो जाएगी। याचिका पर न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और विजय बिश्नोई की पीठ ने कहा, इस रविवार को मैच है, हम इसमें क्या कर सकते हैं रहने दीजिए।

शाह ने पांच और एयरपोर्ट पर शुरू किया फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने यात्रियों के लिए हवाई सफर को और आसान बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को 'फास्ट ट्रैक इमीग्रेशन- ट्रस्टेड ट्रैवलर प्रोग्राम' (एफटीआई-टीटीपी) को देश के पांच और हवाई अड्डों पर शुरू किया। इस योजना के तहत भारतीय नागरिकों और ओवरसीज सिटीजन ऑफइंडिया (ओसीआई) कार्डधारकों को इमीग्रेशन प्रक्रिया में लंबी कतारों से छुटकारा मिलेगा और वे ई-गेट से जल्दी क्लियरेंस पा सकेंगे। यह योजना सबसे पहले जुलाई 2024 में दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से शुरू हुई थी। इसके बाद दो महीने में इसे मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बंगलूरू, हैदराबाद, कोचीन और अहमदाबाद में लागू किया गया।

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

ई.को.क्र.202508103000034 /अ-06/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक केता :- नितेश कुमार देवांगन पिता लखेन्द्र कुमार देवांगन उम्र 55 वर्ष पता- मधुबन नगर बोरसी, दुर्ग तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम पुरई प.ह.नं. 54 रा.नि मं. उतई तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 74 रकबा 0.3000 हे. लगान अभिलेख अनुसार भूमि विक्रेता :- शैलेन्द्र कुमार यादव पिता श्री पंचूराम यादव वगैरह पता- ग्राम पुरई से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 16/10/2024 को कय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को केता के नाम पर प्रामाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवो संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 25.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 19.8.2025 को यह उद्धोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र. 202509103800011 /179/अ-20(3)/ वर्ष 2023-24

आवेदिका कु. विजय लक्ष्मी शांडिल पिता स्व. हूब लाल शांडिल, निवासी शिक्षक नगर दुर्ग द्वारा दुर्ग नजूल स्थित भूमि शीट क. 44 बो, भूखण्ड क. 73 व 74, रकबा 106.259 वर्गमीटर भूमि, धारक हूब लाल पिता स्व. रामाधीन शांडिल के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 06.09.05 को हो चुकी। मृतक धारक के वारिसान उनकी पत्नि अनिता शांडिल व पुत्र-पुत्री विजय लक्ष्मी शांडिल, राजलक्ष्मी शांडिल, भारती विश्वकर्मा, नेहा विश्वकर्मा, निशा शांडिल व आकाश शांडिल है। उक्त आधार पर मृतक धारक का नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम दर्ज किय जाने आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव एतद् द्वारा सर्व साधारण एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा या आपत्ति हो, तो प्रकरण की सुनवाई दिनांक 25.09.2025 को या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः या किसी व्यक्ति अथवा अधिवक्ता के द्वारा जिस भू-खंड संबंधी जानकारी हो आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत किया जावे अथवा करवाया जावे। नियत तिथि पश्चात प्राप्त आक्षेप/आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04.09.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

(धारा 178 प्रारूप ख)

मा.क्र.202509100700046 /अ-27/वर्ष 2024-25

क्योंकि मौजा पुलगांव तह. व जिला दुर्ग के सहभूमिस्वामी सुरेशचंद अग्रवाल आ. स्व. चंद्रशेखर अग्रवाल निवासी बम्बई ने निम्नांकित अनुसूचि में निर्दिष्ट खाते के अपने भाग के विभाजन के लिए आवेदन किया है एवं क्योंकि उक्त खाते का बंटवारा किया जाना प्रस्तावित हुआ है एवं सुनवाई का दिनांक 02.10.2025 स्थान तहसील कार्यालय दुर्ग पर दिन 11:00 बजे नियत किया गया है। उक्त खाते में हित रखने वाले सभी व्यक्तियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वे निश्चित दिनांक को या तो स्वतः अथवा किसी अभिभाषक अथवा प्रतिनिधि द्वारा हाजिर हों एवं अपने आक्षेपों यदि कोई हो तो पेश करें। उपरोक्त तिथि एवं स्थान पर हाजिर नहीं होने पर एवं आक्षेपों को पेश नहीं कर पाने की स्थिति में आक्षेपों पर विचार नहीं किया जावेगा।

(खाते का विवरण)
सर्वेक्षण संख्यांक/भूखंडांक- 11/2
क्षेत्रफल- 0.0559
भू-राजस्व- 30.6300/-

आज दिनांक 08.09.2025 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया गया है।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम आशुतोष जायसवाल व अन्य | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400145/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका आशुतोष जायसवाल व अन्य आ./पति संतोष कुमार जायसवाल निवासी नयापारा जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	21/21	0.0175 हें वर्गफीट 1883.55	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम सुरेश कुमार व अन्य | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400146/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सुरेश कुमार व अन्य आ. स्व. किशोरीलाल श्रीवास्तव निवासी नयापारा दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	21/4	0.0637 हें वर्गफीट 6900	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम सिरिज ब्रम्हभट्ट | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400144/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका सिरिज ब्रम्हभट्ट आ./पति श्री अजय ब्रम्हभट्ट निवासी ब्राम्हणपारा दुर्ग जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	21/22	0.0175 हें वर्गफीट 1882.55	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम संतोष कुमार जायसवाल/अन्य | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400148/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका संतोष कुमार जायसवाल व अन्य-01 आ. श्री शिवशंकर जायसवाल निवासी बैलाडीला दंतेवाड़ा द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम दुर्ग प.ह.न. 19 तह. व जिला दुर्ग	1/195	0.0264 हें वर्गफीट 2842	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम दीप्ति साहू व अन्य-1 | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400163/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका दीप्ति साहू व अन्य 01 आ./पति श्री राजेन्द्र कुमार साहू निवासी विशाखापट्नम द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/ पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम जेवरा प.ह.न. 07 तह. व जिला दुर्ग	177/9	0.0220 हें वर्गफीट 2400	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग-01 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.202509104700013 /अ-74/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक श्री महेश यादव पिता/पति- श्री जागेश्वर यादव निवासी-सिरसाखुर्द तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम सिरसाचखुर्द प.ह.नं.-06, तह.व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा न. -103/3, 106/3, 377/3 कुल खसरा-03 रकबा क्रमशः- 0.16, 0.07, 0.08 हे0 भूमि जो कि आवेदक / शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋष्टा पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋष्टापुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की प्रति, बैंकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि द्वितीय प्रति ऋष्टापुस्तिका प्रदाय किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को दावा हो तो सुनवाई दिनांक 26.09.2025 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2025 को यह उद्धोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I Monu Modi Jain W/O Rupesh Kumar Jain age 39 years, address Laxmi Chaya, Gaya Nagar, Ward No.-04. Street No-04, Durg, Tehsil and District Durg (CG)- 491001, have changed my old name Monu Jain W/O Rupesh Kumar Jain SO in future I should be recognized by my new name Monu Modi Jain W/O Rupesh Kumar Jain that is in all Government and other documents.

Monu Modi Jain W/O Rupesh Kumar Jain age 39 years, address Laxmi Chaya, Gaya Nagar, Ward No.-04. Street No-04, Durg, Tehsil and District Durg (CG)- 491001,

---

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 20250810104000112 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क. 202508101000112/अ-6/वर्ष 2024-25 में आवेदिका/आवेदक अंकिता नाग पिता स्व. खेमचंद नाग निवासी कुरूद रोड कोहका मिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 4543 रकबा 2610 वर्गफीट है। जो भूमिस्वामी खेमचंद नाग आ. भट्टूलाल नाग के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी खेमचंद नाग आ. भट्टूलाल नाग की मृत्यु दिनांक 26.07.2017 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 22.09.2025 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 19.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लेखसिह पाडे पिता दशरथ लाल पाडे निवासी नयापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा दशरथ लाल पाडे पिता कनाई पाडे की जन्म/मृत्यु दिनांक 24.06.2009 को हो जाने पर जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, पार्षद प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज संलग्न कर इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 23.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 08.09.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता पवन कुमार साहू पिता कार्तिक राम साहू, उम्र-47 वर्ष, निवासी- मकान नं.-202, ग्राम व पोस्ट-झीट, तहसील पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.) का हूँ जो कि निम्न लिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ कि :- यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है। यह कि, मेरी पुत्री वंशिका (VANSHIKA) पिता पवन साहू के समस्त शैक्षणिक दस्तावेजों एवं जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम वंशिका (VANSHIKA) पिता पवन साहू दर्ज है जो कि मेरी पुत्री का सहीं एवं वास्तविक नाम है । यह कि, मेरी पुत्री के आधार कार्ड कमांक-8757 9706 6306 में मेरी पुत्री का नाम लिपिकीय त्रुटिवश वसीका साहू (VASIKA SAHU) पिता पवन साहू दर्ज हो गया है। यह कि, मैं अपनी पुत्री के आधार कार्ड में अपनी पुत्री का सहीं एवं वास्तविक नाम वंशिका (VANSHIKA) पिता पवन साहू दर्ज कराना चाहता हूं । यह कि, वंशिका ((VANSHIKA) पिता पवन साहू एवं वसीका साहू (VASIKA SAHU) पिता पवन साहू ये दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरी पुत्री का ही नाम है। अतः यह, शपथपत्र उपरोक्त कथन की सत्यता एवं अपनी पुत्री के आधार कार्ड में पुत्री का सहीं एवं वास्तविक नाम वंशिका (VANSHIKA) पिता पवन साहू एवं वसीका साहू (VASIKA SAHU) दर्ज करने तथा छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशन करवाने हेतु श्रीमान सक्षम अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ता
पवन कुमार साहू पिता कार्तिक राम साहू, निवासी- मकान नं.-202, ग्राम व पोस्ट-झीट, तहसील पाटन जिला-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.202506104400008 /अ-65/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक पूनम रूपेन्द्र दिल्लीवार ग्राम पंचायत फुण्डा द्वारा ग्राम पंचायत एवं ग्राम सभा प्रस्ताव कमाक 25 दिनांक 25.04.2025 में पारित कर ग्राम के आवासहीन परिवारो के गुजर बसर करने में असुविधा होने के कारण ग्राम फुण्डा प.ह.नं.-03 रा0नि0मं0 बोरी तहसील बोरी स्थित घास मद की भूमि खसरा नंबर 559 रकबा 0.78 हे. को आबादी घोषित करने की मांग किया गया हैं, जो कि नियमानुसार कार्यवाही हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ हैं। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन हैं।

अतः भूमि आवंटन किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 30.06.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 20250810104000108 /अ-06/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.क. 202508101000108/अ-6/वर्ष 2024-25 में आवेदिका/आवेदक श्री अनुराग पाण्डेय पिता स्व. सतीश पाण्डेय निवासी -पंडरीपानी, तह. व जिला रायगढ द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नं. 1704/35 रकबा 0.0300 है./3000 वर्गफीट। जो भूमिस्वामी श्रीमती संध्या पाण्डेय पति स्व. सतीश पाण्डेय के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी श्रीमती संध्या पाण्डेय पति स्व. सतीश पाण्डेय की मृत्यु दिनांक 28.07.2022 को एवं सतीश पाण्डेय की मृत्यु दिनांक 03.08.2025 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 11.09.2025 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 19.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202509101000062 /अ-6/सन्- 2024-25

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00045(342/1(0.0200 हे.)
पक्षकारों का विवरण-आवेदक पक्षकार- राहुल साव
अनावेदक पक्षकार- भगवती देवी सोनी, सावित्री, गायत्री, मंजूलता, माया, हेमलता।

ईश्तहार

आवेदक राहुल साव पिता/पति विभाग संजय साव पता सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न. 45 रा.नि.म. कोहका. तहसील व् जिला - दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 3421 रकबा 0.020 हे. 2360 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर बेनामा दिनांक 14.11.2024 को विक्रेता भगवती देवी सोनी पिता/पति विभाग- भूखन लाल सोनी पता- कोहका भिलाई अन्य 5 से क्रय किया है कि नामांतरण किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बेनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को उजर दावा हो वह नियत पेशी दिनांक 02.10.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.09.2025 को जारी किया जाता है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र./अ-6अ/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक चंद्रिका प्रसाद तिवारी आ. वासुदेव तिवारी एवं अन्य साकिन मकान न. 141 आम्रपाली वनांचल सिटी सुपेला द्वारा ग्राम कुरूद पहन 46 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1383/1 का दु. रकबा 0.015हे. को रजिस्टर्ड बैनामा के माध्यम से कय किया गया था, जिसके नामान्तरण आदेश में उसका ही नाम अंकित किया गया है, केता कमांक 02 सुर्यप्रकाश आर्य आ. स्व. सुन्दरलाल आर्य का नाम अंकित नहीं है। अतः उपरोक्त भूमि पर उसके साथ-साथ केता कमांक 02 के नाम भी सुधार किये जाने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को उपरोक्त अनुसार सुधार किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 29.09.2025 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 23.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.202508101000022 /अ-6/ सन्- 2024-25

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रजनीश मैठानी पिता आर. के. मैठानी एवं अन्य 01 निवासी - मैत्री विहार सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 764 रकबा 0.009 हे./1000 वर्गफीट भूमि को रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर दिनांक 19.01.2021 के आधार पर केता श्रीमती रेखा मैठानी पति राजनीश मैठानी ने विक्रेता गोकुल पटेल पिता महाराजी पटेल एवं अन्य 16 से कय किया गया है, केता द्वारा नामांतरण नहीं करावा था। वर्तमान में केता श्रीमती रेखा मैठानी पति राजनीश मैठानी की मृत्यु दिनांक 04/02/2024 को हो जाने के कारण वर्तमान में विक्रेता का नाम दर्ज है। उपरोक्त भूमि में मृतक का नाम विलोपित कर उसके वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने बाबत् रजिस्ट्री बैनामा एवं मृत्यु प्रमाण पत्र मय दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17.09.2025 तक या उसके पूर्व स्वय या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

आज दिनांक 08.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, भिलाईनगर (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में राजधानी रायपुर में संगोष्ठी कल

आरंग/ नवप्रदेश। स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन आरंग के तत्वावधान में राजधानी रायपुर में पहली बार प्रादेशिक संगोष्ठी आयोजित की जा रही है। यह संगोष्ठी 13 सितम्बर 2025, शनिवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक रायपुर के वृंदावन हाल में आयोजित है।संगोष्ठी में विचारमंथन का विषय होगा– वर्तमान चुनौतियां और हमारा सरोकार, छत्तीसगढ़ : कल, आज और कल है। संगोष्ठी का उद्देश्य सामाजिक सरोकार, समकालीन चुनौतियों और छत्तीसगढ़ की दिशा व भविष्य पर बुनियादी विमर्श करना है।इस अवसर पर देश और प्रदेश के प्रतिष्ठित साहित्यकारों, विद्वानों व चिंतकों को आमंत्रित किया गया है। संगोष्ठी को संबोधित करने वाले प्रमुख वक्ताओं में डॉ. चितरंजन कर, प्रख्यात भाषाविद् एवं वरिष्ठ साहित्यकार-चिंतक, डॉ. माणिक विश्वकर्मा 'नवरंग', वरिष्ठ साहित्यकार, समीक्षक व चिंतक, पूर्व उपमहाप्रबंधक (पर्यावरण प्रबंधन), एनटीपीसी,जयंत कुमार थोरात, सेवानिवृत्त पुलिस उपमहानिरीक्षक (IPS), कवि एवं चिंतक,एम. राजीव, अधीक्षक (सेंट्रल जीएसटी रायपुर), संस्थापक युवा गैर-लाभकारी संस्था, विचारक,डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल, अंतर्राष्ट्रीय कलाकार व चिंतक,डॉ. मनीष श्रीवास्तव, सुप्रसिद्ध नेत्र सर्जन, समाजसेवी एवं चिंतक,आनंदराम पत्रकारश्री, वरिष्ठ पत्रकार-चिंतक व समाजसेवी, मुरलीमनोहर देवांगन, सुप्रसिद्ध शिक्षाविद् एवं डायरेक्टर थिंक आईएएस शामिल हैं।कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ पत्रकार एवं दूरदर्शन रायपुर के एंकर तथा आकाशवाणी रायपुर के कैजुअल अनाउंसर शशांक खरे करेंगे।

कर्मचारियों को मिल रहा डिजिटल दक्षता का प्रशिक्षण

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप 'प्रोजेक्ट दक्ष' जिले के शासकीय कार्यों को नई दिशा और गति प्रदान कर रहा है। इस पहल से अधिकारी-कर्मचारी डिजिटल सशक्तिकरण की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहे हैं। आज कलेक्टोरेट स्थित बीपीओ मल्टीलेवल पार्किंग में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रधानपाठक और प्राचार्यों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कंप्यूटर और मोबाइल के मूल उपयोग, साइबर सुरक्षा, डेटा गोपनीयता, डिजिटल डॉक्यूमेंट प्रबंधन, ईमेल तथा अन्य आवश्यक ऑनलाइन टूल्स की जानकारी दी गई। 'प्रोजेक्ट दक्ष' का उद्देश्य कर्मचारियों को तकनीकी रूप से दक्ष बनाकर प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता, गति और प्रभावशीलता लाना है।

प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशिया के तहत शासकीय कर्मचारियों ने अपने जन्मदिन पर बच्चों के संग साझा की खुशियां

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना और न्योता भोज के अंतर्गत संचालित अभिनव पहल प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां के तहत रायपुर जिले के अधिकारी एवं कर्मचारी अब अपने जन्मदिवस को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए नन्हें बच्चों संग खुशियां बांट रहे हैं। इसी कड़ी में अकाउंटेंट महिला एवं बाल विकास कावेरी देवांगन, एमपीडब्लू ओमप्रकाश साहू, महिला एवं बाल विकास की सुपरवाइजर प्रतिमा सिंह ने अपने जन्मदिन के अवसर पर आंगनबाड़ी तथा स्कूली बच्चों के साथ विशेष समय बिताया। बच्चों के साथ केक काटा तथा उन्हें फल, मिठाई, पौष्टिक आहार वितरित की। प्रोजेक्ट के तहत कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह द्वारा जिले के 14 कर्मचारियों को जन्मदिन की पूर्व संध्या पर एसएमएस और ई-कार्ड के माध्यम से शुभकामनाएं भेजी गई और उन्हें पास के आंगनबाड़ी या विद्यालय में बच्चों संग जन्मदिन मनाने हेतु प्रेरित किया गया।

प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत आंगनबाड़ी एवं स्कूलों में हृदय जांच जारी

रायपुर / नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार, जिला प्रशासन रायपुर द्वारा बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए चलाई जा रही प्रोजेक्ट धड़कन के अंतर्गत विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस अभिनव पहल का उद्देश्य है -बच्चों में जन्मजात हृदय रोग की समय रहते पहचान कर उन्हें बेहतर और निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराना। कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित शिविर में बिरगांव के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 24 (सुभाष चौक) और केंद्र क्रमांक 25 (आजाद चौक) में कुल 144 बच्चों की स्वास्थ्य जांच की गई। इनमें से 46 बच्चे सुभाष चौक और 98 बच्चे आजाद चौक से थे। किसी भी बच्चे में जन्मजात हृदय रोग के लक्षण नहीं पाए गए।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने 89 लाख रुपये का चेक प्रदान किया

रायपुर/नवप्रदेश। बैंक ऑफ़ बड़ौदा तिलदा शाखा जिला रायपुर द्वारा पंकज सलूजा 89 लाख 96 हजार चार सौ ग्यारह रुपए का ऋण सुविधा प्रदान की गई थी, जिसे शाखा द्वारा अपने टाईअप पार्टनर निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से ऋण सुरक्षा पॉलिसी करवाया गया था। पॉलिसी धारक की हृदयघात से आकस्मिक निधन होने पर ऋण स्वीकृत राशि 89,96,411 रुपए निवा बुपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा दावा स्वीकृतकिया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा के उप महाप्रबंधक(व्यवसाय विकास), रायपुर अंचल, भरतकुमार चावड़ा, उप क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक,रायपुर क्षेत्र प्रदीप कुमार यादव एवं निवा बुपा के आंचलिक अधिकारी चैन सिंह विश्वकर्मा द्वारा दिवंगत पंकज सलूजा के पिता दारासिंह सलूजा को 89 लाख 96 हजारचार सौ ग्यारह रुपए की चेक राशि प्रदान की गई ।

मातृत्व को संबल देती प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना

रायपुर/ नवप्रदेश। मां बनना हर स्त्री के जीवन का सबसे बड़ा सुख है, लेकिन इस सुख के साथ अनेक जिम्मेदारियाँ और चुनौतियाँ भी जुड़ी होती हैं। गर्भावस्था के दौरान शारीरिक कमजोरी, घरेलू कार्यों का दबाव और आर्थिक तंगी अक्सर माताओं और शिशुओं के स्वास्थ्य पर असर डालते हैं। इन्हीं कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरुआत की, जो आज प्रदेशभर की गर्भवती माताओं के लिए संबल और वरदान साबित हो रही है।

महासमुंद जिले की हितग्राही महिलाएँ श्रीमती अंशुनी साय, श्रीमती रेखा देवांगन, श्रीमती राजकुमारी निषाद और श्रीमती तबस्सुम खातून का कहना है कि इस योजना से उन्हें न केवल आर्थिक सहयोग मिला, बल्कि अपने और शिशु के स्वास्थ्य का ध्यान रखने की हिम्मत और अवसर भी मिला। योजना की राशि से उन्होंने पौष्टिक आहार लिया और आज मां और बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। यही अनुभव वे अन्य गर्भवती महिलाओं के साथ साझा कर उन्हें भी योजना से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री टीकवेंद्र जटवार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य गर्भवती माताओं को पर्याप्त विश्राम और पोषण सुनिश्चित करना है, ताकि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहें और आने वाली पीढ़ी मजबूत हो।

इस महत्वाकांक्षी योजना के तहत विगत तीन वर्षों में महासमुंद जिले की 19,036 गर्भवती माताओं को 6 करोड़ 32 लाख 84 हजार रुपये की सहायता राशि दी गई है। योजना के अंतर्गत पंजीकरण के बाद गर्भावस्था के सातवें माह में 3,000 रुपये तथा प्रसव के साढ़े तीन माह बाद बच्चे को टीका लगने पर 2,000 रुपये प्रदान किए जाते हैं। वहीं, दूसरी डिलीवरी में यदि बालिका जन्म लेती है तो माताओं को 6,000 रुपये की विशेष प्रोत्साहन राशि दी जाती है, जो बेटियों के जन्म को सम्मान और सुरक्षा प्रदान करती है। यह योजना केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है।

20 करोड़ लेने के मिले सबूत, ईओडब्ल्यू ने 7 दिन की रिमांड पर लिया

कस्टम मिलिंग स्कैम में दीपेन चावड़ा गिरफ्तार

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में कस्टम मिलिंग स्कैम मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो /ईओडब्ल्यह्ल ने दीपेन चावड़ा को गिरफ्तार किया है। आरोपी को 7 दिन की पुलिस रिमांड पर ईओडब्ल्यह्ल को सौंपा गया है।

सूत्रों के अनुसार, दीपेन चावड़ा जेल में बंद कारोबारी अनवर ढेबर का सहयोगी है और वह ईओडब्ल्यह्ल में दर्ज अन्य मामलों में लगभग 2,000 करोड़ रुपए से अधिक अवैध धनराशि का प्रबंधक रहा है। इस मामले में ईओडब्ल्यह्ल ने प्रेस नोट जारी कर जानकारी साझा की है।

लोकसेवकों की ओर से 20 करोड़ लेने के मिले सबूत

प्राप्त जानकारी के अनुसार, कस्टम मिलिंग स्कैम में दीपेन चावड़ा के द्वारा लगभग 20 करोड़ रुपये लोकसेवकों की ओर से एकत्र करने के साक्ष्य मिले हैं। यह मामला फरवरी 2025 में तत्कालीन प्रबंध संचालक मनोज सोनी और रोशन चंद्राकर के खिलाफ विशेष न्यायालय (भ्र.नि.अ.) में चालान प्रस्तुत किए जाने के बाद सामने आया था।

गौरतलब है कि इस प्रकरण में अनिल टुटेजा और अनवर ढेबर के खिलाफ भी विवेचना जारी है। ईओडब्ल्यह्ल की टीम ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद दीपेन चावड़ा से केस से संबंधित कई अहम जानकारियां सामने आने की उम्मीद है। यह कार्रवाई राज्य में भ्रष्टाचार और अवैध धन प्रबंधन के खिलाफ कड़ी नीति के तहत की गई है और अधिकारियों ने आश्वस्त किया है कि मामले में दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

वित्त मंत्री चौधरी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना रथ को रवाना किया

■ रथ जिले के शहरों और गांवों में भ्रमण कर लोगों को योजना से मिलने वाले लाभों की देगा जानकारी

रायपुर/नवप्रदेश। वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने आज सर्किट हाउस परिसर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रथ जिले के शहरों और गांवों में भ्रमण कर लोगों को योजना की जानकारी देगा और इसके लाभों से अवगत कराएगा। इस अवसर पर विधायक एवं सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, कृष्ण कुमार राय, ओम प्रकाश सिन्हा, कलेक्टर रोहित व्यास, अधीक्षण यंत्री के वी मैथ्यू, कार्यपालन यंत्री जशपुर विनोद पंडित, कार्यपालन यंत्री कुनकुरी एस. पी. मरकाम, कार्यपालन यंत्री परियोजना मकेश्वर साय सहित जनप्रतिनिधिगण और अधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री चौधरी ने कहा कि यह योजना उपभोक्ताओं को बिजली उपभोक्ता से ऊर्जा दाता बनने का अवसर प्रदान करती है। इस योजना से न केवल उपभोक्ताओं के बिजली बिल में भारी बचत होगी, बल्कि सौर ऊर्जा के उपयोग से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस योजना के अंतर्गत 01 से 03 किलोवाट तक रूफ्टॉप सोलर पैनल स्थापित कर हर महीने 100 से 360 यूनिट तक बिजली उत्पादन किया जा सकता है। प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत 01 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 30 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 15 हजार की सब्सिडी मिलती है। इसी तरह 02 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफ से 60 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 30 हजार की सब्सिडी और 03 किलोवाट सोलर प्लांट लगाने पर केंद्र सरकार की तरफसे 78 हजार तो राज्य सरकार की तरफ से 30 हजार की सब्सिडी मिलती है।

जिला प्रशासन की कार्यवाही-अभनपुर में अवैध अहाते हटाए गए

■ आबकारी, राजस्व और टीम प्रहरी की संयुक्त कार्रवाई

रायपुर /नवप्रदेश। राजस्व विभाग, आबकारी विभाग एवं नगर पालिका अभनपुर के संयुक्त अभियान में अभनपुर उरला स्थित देशी-विदेशी मदिरा दुकानों के पास संचालित अवैध अहातों को हटाया गया। इस कार्रवाई में टीम प्रहरी का भी सहयोग रहा।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कहा कि शासन की नीति के अनुसार केवल लाइसेंसी अहाते ही संचालित करने की अनुमति है। अवैध अहातों पर निरंतर करवाई की जाएगी। उल्लेखनीय है कि लाइसेंसधारी अहातों से प्राप्त शुल्क शासन के राजस्व के रूप में जमा होता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में रायपुर जिले के अहातों से 9,20,04,325 रुपये का राजस्व शासन को प्राप्त हुआ है। इस कार्यवाही में तहसीलदार अभनपुर सीता शुक्ला, सहायक जिला आबकारी अधिकारी टेकबहादुर कुर्रे, आबकारी विभाग के उपनिरीक्षकगण नीलम स्वर्णकार, प्रकाश देशमुख, कौशल सोनी, श्रीमती मेधा मिश्रा, प्रीति कुशवाहा, अभनपुर थाना से उपनिरीक्षक भीम कुमार सोम तथा टीम प्रहरी से तसव्वुर अली एवं उनकी टीम उपस्थित रहे।

रजत जयंती वर्ष में होगा वायु सेना का शौर्य प्रदर्शन

■ अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने ली अधिकारियों की बैठक

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष में आयोजित होने वाले राज्योत्सव पर भारतीय वायु सेना का शौर्य प्रदर्शन होगा। सेना की सूर्यकिरण एरोबेटिक टीम आसमान में आकर्षक करतब दिखायेगी। इस शौर्य प्रदर्शन में वायु सेना के हेलीकॉप्टर भी हिस्सा लेंगे।

अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू की अध्यक्षता में राज्योत्सव की तैयारियां को लेकर आज मंत्रालय महानदी भवन में आयोजित बैठक में विमानन विभाग एवं वायु सेना के अधिकारियों ने विभिन्न तकनीकी जानकारी प्रस्तुत की। अपर मुख्य सचिव श्री साहू ने वायु सेना के शौर्य प्रदर्शन के संबंध में संबंधित विभागों के अधिकारियों को तैयारियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में लोक निर्माण, परिवहन, संस्कृति, जनसंपर्क, गृह और सामान्य प्रशासन विभाग सहित जिला प्रशासन रायपुर के अधिकारी शामिल हुए।

कार और बाइक में भिडंत, एक युवती और दो युवक घायल

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में तेज रफ्तार कार और बाइक में भिडंत हो गई, इस हादसे में एक युवती और दो युवक घायल हो गए है। घटना की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया. पूरा मामला माना थाना क्षेत्र का है। यह हादसा भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर के सामने हुआ. घटना की जानकारी देते हुए ष्टस्क्कलंबोदर पटेल ने बताया कि कार में तीन लड़की सवार थी, जिसमें एक लड़की घायल हुई है।

निःशुल्क बस पास बंद, बिफरे मंत्रालय के नवनियुक्त कर्मचारी

रायपुर/नवप्रदेश । मंत्रालय भवन के नवा रायपुर अटल नगर में शिफ्टिंग के साथ ही मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालय के नवनियुक्त कर्मचारियों की निःशुल्क बस पास की सुविधा बंद कर दी गई है। इस कदम से आक्रोशित कर्मचारियों ने वाहन भत्ता को 100 रुपए प्रतिमाह के स्थान पर 2000 रुपए किए जाने की मांग की है, अन्यथा आने वाले समय में आंदोलन की चेतावनी दी है। नवनियुक्त कर्मचारियों ने वित्त विभाग के निर्देश के मद्देनजर निःशुल्क बस पास की सुविधा बंद किए जाने को कर्मचारी हितों की घोर अनदेखी एवं अदूरदर्शितापूर्ण निर्णय करार दिया है. कर्मचारियों ने सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव को लिखे पत्र में कहा कि इस निर्णय से नवनियुक्त कर्मचारियों को अनिवार्य रूप से वाहन भत्ता लेना होगा, जो दशकों से केवल 100 रुपए प्रतिमाह मिल रहा है।

भूपेश बघेल को नगर निगम ने भेजा टैक्स जमा करने नोटिस

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर नगर निगम ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को उनके पुराने सरकारी आवास के लिए संपत्ति कर का नोटिस भेजा है। यह नोटिस बघेल के उस बंगले के लिए जारी किया गया है जो उनके मुख्यमंत्री रहते पाटन सदन के नाम से जाना जाता था। हालांकि, अब वही आवास मुख्यमंत्री साय का कुनकुरी सदन बन चुका है।

नगर निगम ने बघेल को 7,258 रुपए का नोटिस भेजा है। इस पर बघेल ने सरकारी सिस्टम पर चुटकी लेते हुए सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर तंज भरा पोस्ट साझा किया।

उन्होंने लिखा- मैं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी को 7,258 रुपए अदा करने का वचन देता हूँ! वैसे तो शासकीय आवास में संपत्ति कर नहीं लगता, फिर भी जिस पाटन सदन को मैंने पौने दो साल पहले ही खाली कर दिया था, आज विष्णुदेव सरकार ने मुझे नोटिस भेजा है। मुझे बताया गया है कि मुझे 7,258 रुपए का भुगतान करना है। भले ही यह नोटिस अवैध हो, लेकिन फिर भी मैं माननीय मुख्यमंत्री जी की इच्छा पूरी करूँगा।

भावों को सुधारने से बढ़ेगी शांति : मनीष सागरजी

■ हमें पाप से बचना और पुण्य में रहना है

रायपुर /नवप्रदेश। टैगोर नगर पटवा भवन में गुरुवार को चातुर्मासिक प्रवचनमाला में युवा मनीषी परम पूज्य श्री मनीष सागर जी महाराज साहब ने भावों को नहीं बिगाड़ने की सीख दी। उन्होंने कहा कि हमें सदैव सजग रहना है कि हमारे भाव नहीं बिगड़े। जरूरी नहीं हम शत प्रतिशत पुण्य ही करें। हमें अपने पुरुषार्थ से कोशिश करना है कि पाप जितना कम हो सके उतना कम करें। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि सदैव अच्छे निमित्त में रहो। शुभ निमित्त में आ गए तो पुण्य हो ही जाएगा। अच्छे निमित्त में अच्छे भाव करना हमारी जवाबदारी है। ऐसा ना सोचे कि अशुभ भाव से शुभ भाव में आ गए हैं। हमें शुद्ध भाव की ओर जाना है। हम अशुभ भाव से बचें और शुभ भाव में आ जाएं। इसके लिए थोड़ी जागृति व थोड़ा मनोबल चाहिए। हम धीरे-धीरे अपने जीवन में अशुभ बंध कम करते जाएंगे। पाप और पुण्य के बीच में भेद जरूरी है। हमें पाप से बचाना है पुण्य में रहना है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि भावों को सुधारने से शांति बढ़ेगी। कर्म बंधन सुधरेंगे तो आने वाले समय में फल भी मिलेगा। सदैव पाप से बचने का प्रयास करो। पाप से मोक्ष नहीं हो सकता। यह भी जरूरी नहीं की पुण्य से भी मोक्ष होगा। पुण्य करना ही है लेकिन इससे मोक्ष हो ऐसा मत मानना। जो पर से अपने आप को अलग करेगा। वह उतना ही स्व में आएगा। पर के प्रभाव से मुक्त होता जाएगा। पर के प्रभाव से मुक्त होकर आनंद में आएगा।

उपाध्याय भगवंत ने कहा कि पुण्य आपको देव,गुरु व धर्म के सानिध्य में लाएगा। देव, गुरु और धर्म के सानिध्य में आकर आपके दोषों को दूर करने का पुरुषार्थ जागेगा। भावों को सुधारने की जगृति आएगी। भाव तीन तरह के होते हैं। अशुभ, शुभ और शुद्ध भाव। अशुभ व शुभ भाव में हम संसार में प्रतिक्रिया करते हैं लेकिन शुद्ध भाव में कोई प्रतिक्रिया नहीं करते। शुद्ध भाव में हम सहज हो जाते हैं। भीतर से आनंदित व संतुष्टि ही शुद्ध भाव है।

कृत्रिम पैर मिलने से दिव्यांगों को मिली जीने की नई राह

■ छात्रा पुलम सहित कलावती, देवा और प्रभु को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मौजूदगी में मिले जयपुर कृत्रिम पैर

रायपुर/ नवप्रदेश। शासन की एक छोटी सी मदद से दिव्यांगों के जीने की राह आसान हो गई है। इससे दैनिक कार्यों के संपादन में उन्हें बड़ी सहूलियत हो सकेगी। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने आज जगदलपुर प्रवास के दौरान ऐसे ही दिव्यांगजनों से मिलकर उनका दर्द साझा किया। समाज कल्याण विभाग और श्री महावीर विकलांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान में ग्राम आड़ावाल में सहायक उपकरण वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्यमंत्री श्री साय ने दिव्यांगों को जयपुर कृत्रिम पैर एवं हाथ, ट्रायसिकल और अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। इस दौरान ग्राम साडगुड़ से कक्षा 6वीं की छात्रा कु. पुलम बघेल जो पैर से दिव्यांग है, को जयपुर कृत्रिम पैर वितरित किया गया। कु. पुलम के पिता श्रीधर बघेल ने बताया कि 5 साल की आयु में बेटी का बायां पैर साइकल में फंस जाने के कारण उसमें सेप्टिक हो गया। यहां तक कि बच्ची का पैर कटवाना पड़ गया। उन्होंने बताया कि आज मुख्यमंत्री के समक्ष कृत्रिम पैर मिलने से बिटिया का जीवन आसान हो जाएगा। कृत्रिम पैर मिलने से उसे चलने फिरने, कहीं आने जाने में दिक्कत नहीं होगी। साथ ही वह खुद से अपने कामों को निष्पादित करने में सक्षम होगी।

इसी तरह तोकापाल ब्लॉक के ग्राम कुरेंगा से आई 23 वर्षीया कु. कलावती मंडावी ने बताया कि जब वह कक्षा आठवीं में अध्ययनरत थीं, तभी उनका बायां पैर करेंट की चपेट में आ गया था और इस घटना से उन्हें अपना पैर खोना पड़ा। मजदूरी करके जीवन चलाने वाली मां देवती बाई के लिए यह दोहरी मार थी।

सुविचार

मर्यादा लांघकर चर्चित होना कोई बड़ी बात नहीं। बात तो तब है जब संस्कारों की सीमा में रहकर लोगों के दिलों में जगह बनाई जाए। - अज्ञात

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री का भारत पर आरोप

नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री के पी शर्मा ओली जिन्हें नेपाल में हुई क्रांति के बाद अपने पद से इस्तीफा देना पड़ा है और दुम दबाकर भागना पड़ा है उन्होंने एक बार फिर भारत के खिलाफ जहर उगला है। गौरतलब है कि जब नेपाल में सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगने के बाद जेन-जी के आव्हान पर नेपाल के युवाओं ने बगावत का बिगुल फूंका था तब भी ओली ने यह बयान दिया था कि नेपाल में युवाओं को भड़का कर आंदोलन कराने के पीछे विदेशी हाथ है। अब उन्होंने इसके लिए सीधे भारत को जिम्मेदार ठहरा दिया है। ओली का कहना है कि उन्होंने नेपाल के हित में जो नया नक्शा संयुक्त राष्ट्र को भेजा था उसमें उन्होंने भारत के कब्जे वाले कलापानी, लिपुपेस और लिपिया धूरा को नेपाल का हिस्सा बताया था। इससे भारत उनके खिलाफ हो गया था। नतीजतन एक षडयंत्र के तहत नेपाल में उनकी सरकार का तख्तापलट कराया गया है। यदि वे भारत की बात मान लेते तो उनकी सरकार लंबे समय तक सत्ता में बनी रहती। गौरतलब है कि इसके पहले भी भारत विरोधी बयानबाजी करते रहे हैं उन्होंने तो भगवान श्री राम को भी नेपाल का बताया था और अयोध्या में श्रीराम मंदिर के निर्माण पर उंगली उठाई थी। भारत और नेपाल के बीच पुराने सांस्कृतिक संबंध रहे हैं और दोनों देशों के बीच हमेशा दोस्ताना ताल्लुकात रहे हैं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण तो यही है कि भारत से नेपाल जाने वाले और नेपाल से भारत आने वाले लोगों को पासपोर्ट और वीजा की जरूरत नहीं पड़ती। यही नहीं बल्कि भारत और नेपाल के बीच 65 प्रतिशत व्यापार होता है। किन्तु जब से ओली ने नेपाल की सत्ता संभाली उन्होंने भारत विरोधी रूख अख्तियार कर लिया था और चीन की गोद में जा बैठे थे इसके बावजूद भारत ने कभी अपने पड़ौसी देश नेपाल के साथ अपने संबंध बिगड़ने नहीं दिये। जब नेपाल में भीषण भूकंप आया था तो भारत ही उसका सबसे बड़ा मद्दगार बना था। इसके बाद भी ओली नेपाल में हुई अराजकता के लिए भारत को जिम्मेदार ठहरा कर यही साबित कर रहे हैं कि वे आज भी चीन के हाथों की कठपुतली बने हुए हैं। ओली ने नेपाल को जिस तरह बर्बाद किया और उनकी सरकार के मंत्रियों ने भ्रष्टाचार का नंगा नाच किया इसी वजह से नेपाल में जन आक्रोश फैला और नेपाल बर्बादी की कगार पर पहुंच गया। इसके लिए यदि कोई जिम्मेदार है तो वह ओली सहित वहां के भ्रष्ट नेता और नौकरशाह हैं और नेपाली लोगों का गुस्सा उन्हीं के खिलाफ फूटा है। इससे भारत का कोई लेना देना नहीं है। सारी दुनिया इस बात को जानती है कि किसी भी देश के आंतरिक मामलों में भारत ने कभी भी हस्तक्षेप नहीं किया है। भले ही भारत में किसी की भी सरकार रही हो उसने अपनी इस नीति पर अमल किया है इसलिए ओली का यह आरोप बेबुनियाद है और इसका भारत को पुरजोर शब्दों में खंडन करना चाहिए।

यातायात नियमों का सख्तीपूर्वक पालन जरूरी

छत्तीसगढ़ में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं वाकई गंभीर चिंता का विषय है। जिसपर प्रभावी रोक लगाने के लिए यातायात नियमों का सख्तीपूर्वक पालन निहायत जरूरी है। इस संदर्भ में छत्तीसगढ़ राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट और चार पहिया वाहनों के लिए सीटबेल्ट को अनिवार्य किया जाएगा और जो भी ऐसा नहीं करेगा उसके खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इसी के साथ दुर्घटना जन्य क्षेत्रों को चिन्हाकित करके वहां वाहनों के खिलाफ कार्यवाही के लिए 22 पेट्रोलिंग टीमों का गठन किया जाएगा। इसके अलावा स्कूलों और कॉलेजों में भी छात्र छात्राओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जाएगा। इस जन जागरूकता कार्यक्रमों में स्वयंसेवी संगठनों भी सहयोग लिया जाएगा। इस बैठक में केन्द्र सरकार की राहगीर योजना के तहत छत्तीसगढ़ में सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को अस्पताल पहुंचाने वाले व्यक्ति को नगद 25 हजार रूपये का पुरस्कार देने की भी समीक्षा की गई है और ऐसे व्यक्तियों को स्वतंत्रता एवं गणतंत्र दिवस पर सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। निश्चित रूप से इस तरह की पहल यदि सफल होती है तो प्रदेश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। इसके साथ ही यह भी जरूरी है कि यातायात पुलिस अपनी जिम्मेदारी का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करे तभी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्यवाही हो पाएगी और वे यातायात नियमों का पालन करने के लिए बाध्य होंगे।

नेपाल में नेतृत्व संकट : अंतरिम सरकार या नई शुरुआत

- महेन्द्र तिवारी

नेपाल इस समय गहरे राजनीतिक संकट और अस्थिरता के दौर से गुजर रहा है। हाल के दिनों में भड़के जेनरेशन-ज़ेड (Gen-Z) आंदोलन ने देश की सत्ता को हिला कर रख दिया। सतह पर दिखने वाला कारण था सोशल मीडिया प्रतिबंध, लेकिन इसके पीछे छिपी असली वजहें थीं–लंबे समय से जमा हुआ जनाक्रोश, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद और बढ़ती बेरोज़गारी। यह विरोध इतना तीव्र हुआ कि महज़ दो दिनों के भीतर प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफ़ा देना पड़ा। काठमांडू से लेकर वीरगंज तक आगजनी, तोड़फोड़ और हिंसा ने देश को संकट में डाल दिया। संसद भवन, प्रधानमंत्री आवास और सरकारी कार्यालयों को निशाना बनाया गया। यह संसद भवन नेपाल के संघीय लोकतंत्र का प्रतीक था, जिसे बनाने में लगभग 43.5 मिलियन अमेरिकी डॉलर की लागत लगी थी। हालात इतने बिगड़े कि सेना को सड़कों पर उतरना पड़ा और पूरे देश में कर्फ्यू लगाना पड़ा।

यह आंदोलन बताता है कि जिन युवाओं को अक्सर केवल ÷सोशल मीडिया की पीढ़ी÷ कहकर हल्के में लिया जाता था, वही अब सड़क पर उतरकर सत्ता को चुनौती देने में सक्षम हैं। सोशल मीडिया बैन को युवाओं ने अपनी अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला माना। इसके अलावा, नेपाल की अर्थव्यवस्था रेमिटेंस पर भारी निर्भर है–देश की जीडीपी का लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा विदेशों में काम कर रहे प्रवासियों की कमाई से आता है। जब सोशल मीडिया बंद हुआ, तो इसे विदेशों में बसे परिजनों से संवाद छीनने की कोशिश भी समझा गया। यही गुस्सा सड़कों पर फूट पड़ा।

प्रधानमंत्री ओली के इस्तीफ़े के बाद अब सवाल यह है कि देश की बागडोर कौन संभालेगा। आंदोलन के दौरान पहले काठमांडू के मेयरबालेन शाह और मीडिया पर्सनालिटी रवि लामिछाने जैसे नाम सामने आए, लेकिन दोनों ने जिम्मेदारी लेने से इनकार कर दिया। इसके बाद पूर्व चीफ जस्टिससुशीलाकार्की का नाम सबसे आगे आया। कार्की नेपाल सुप्रीम कोर्ट की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश रही हैं और भ्रष्टाचार-विरोधी फैसलों के लिए जानी जाती हैं। 2017 में उनके खिलाफ पेश किया गया महाभियोग प्रस्ताव जनता के दबाव में वापस लेना पड़ा था, जिससे उनकी छवि जननायक जैसी बन गई। यही वजह है कि ऑनलाइन पोल में 58.9 प्रतिशत मतदाताओं ने उन्हें अंतरिम प्रधानमंत्री के लिए सबसे उपयुक्त बताया।

हालांकि, राजनीतिक समीकरण अचानक बदले जब धरान के स्वतंत्र मेयरहरकासंपांग का नाम सामने आया। हाल ही में उन्हें विशेष हेलिकॉप्टर से सेना मुख्यालय बुलाकर आर्मी चीफसे मुलाकात कराई गई, जिसे केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण राजनीतिक संकेत माना गया। हरकासंपांग अपनी साफ-सुथरी छवि और जमीनी लोकप्रियता के लिए जाने जाते हैं। बालेन शाह की तरह वे भी पारंपरिक राजनीतिक दलों से अलग एक नई उम्मीद के प्रतीक बनकर उभरे हैं। आंदोलन के कुछ गुटों ने सुशीलाकार्की का समर्थन वापस लेकर संपांग को आगे बढ़ाया है। उनका मानना है कि नेपाल को इस समय किसी युवा और स्वतंत्र नेता की ज़रूरत है, जो पुरानी राजनीति के भ्रष्ट ढांचे से अलग हो।

राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल और सेना प्रमुख अशोक राज सिग्देल संकट से निकलने के रास्ते खोज रहे हैं। सेना ने सुरक्षा की कमान संभाल ली है, लेकिन स्पष्ट कर रही है कि वह राजनीतिक समाधान खुद थोपना नहीं चाहती। उसका रुख है कि त्दृठ्ठ-ँ आंदोलनकारियों के साथ बातचीत के माध्यम से ही कोई ऐसा नाम तय किया जाए जिस पर व्यापक सहमति बन सके। लेकिन यही वह बिंदु है जहाँ त्दृठ्ठ-ँ आंदोलन की कमजोरी उजागर होती है–इसके पास संगठित नेतृत्व नहीं है। कई समूह अपने-अपने दावेदार लेकर सामने आ रहे हैं। सेना ने जिन प्रतिनिधियों को बातचीत के लिए बुलाया, उनकी प्रमाणिकता पर सवाल उठ गए। पुरुषोत्तम यादव के नेतृत्व वाला दल वापस लौटा दिया गया और अन्य समूहों को भी मान्यता नहीं मिली।

तनुजा पांडे नाम की 24 वर्षीय सोशल एक्टिविस्ट पर्दे के पीछे इस पूरे आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सोशल मीडिया बैन के खिलाफ पहला नारा ÷इनफ्इज़इनफ÷ उन्हीं ने दिया था। पर्यावरण और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर उनकी सक्रियता ने उन्हें युवाओं के बीच लोकप्रिय बनाया है। अब जब ओली की सरकार गिर चुकी है, सेना और राष्ट्रपति कार्यालय उनसे परामर्श कर रहे हैं। तनुजा का कहना है कि अब समय आ गया है कि नागरिक समाज को नेतृत्व का मौका दिया जाए, ताकि भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद को खत्म किया जा सके।

नेपाल की मौजूदा अस्थिरता की जड़ें गहरी हैं। 1951 से अब तक यह देश लोकतंत्र, राजतंत्र और माओवादी विद्रोह के बीच झूलता रहा है। 2006 में राजतंत्र की समाप्ति के बाद उम्मीद थी कि लोकतांत्रिक स्थिरता आएगी, लेकिन 2008 से आज तक कोई भी पार्टी बहुमत नहीं जुटा पाई। नतीजतन संसद बिखरी हुई है, शासन कमजोर हुआ है और भ्रष्टाचार पनपता गया। आर्थिक दृष्टि से भी नेपाल की स्थिति विरोधाभासी है। गरीबी दर में उल्लेखनीय कमी आई है–1995 में जहां 55 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे थे, वहीं 2023 तक यह घटकर केवल 0.4 प्रतिशत रह गई। लेकिन यह सफलता घरेलू उत्पादन या मज़बूत आर्थिक नीतियों का परिणाम नहीं, बल्कि विदेशों से आने वाले धन पर आधारित रही। यह निर्भरता अब देश को अस्थिरता के समय बेहद असुरक्षित बना रही है।

हालिया हिंसा ने यह भी दिखाया कि राजनीतिक अस्थिरता किस तरह पूरे सामाजिक-आर्थिक ढांचे को झकझोर सकती है। वीरगंज-रक्सौलबॉर्डर का बंद होना भारत-नेपाल व्यापार पर सीधा असर डाल गया। पर्यटक फंस गए, अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द करनी पड़ीं और त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। यह सब इस बात का संकेत है कि नेपाल की नाजुक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय रिश्ते किसी भी राजनीतिक संकट से तुरंत प्रभावित हो सकते हैं।

भविष्य के रास्ते जटिल हैं। एक संभावना यह है कि राष्ट्रपति और सेना मिलकर एक साझा अंतरिम परिषद का गठन करें, जिसमें सुशीलाकार्की और हरकासंपांग दोनों को भूमिकाएं दी जाएं। इससे एकतरफ़ा फैसले से पैदा होने वाले असंतोष को टाला जा सकता है। दूसरी संभावना यह है कि नागरिक समाज और युवाओं को औपचारिक राजनीतिक प्रक्रिया में शामिल करने का प्रयास हो। त्दृठ्ठ-ँ आंदोलन ने यह साफ कर दिया है कि पारंपरिक राजनीतिक दलों पर उनका भरोसा कमज़ोर पड़ चुका है। वे पारदर्शिता, जवाबदेही और ठोस सुधार चाहते हैं।

नेपाल का यह संकट केवल सत्ता परिवर्तन का मामला नहीं है। यह एक पीढ़ीगत बदलाव का संकेत है। युवाओं ने यह दिखा दिया है कि वे केवल डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म तक सीमित नहीं हैं; वे सड़कों पर उतरकर सत्ता संरचनाओं को चुनौती दे सकते हैं। आने वाले हफ्तों में सेना, राष्ट्रपति और आंदोलन के नेताओं के बीच होने वाली बातचीत यह तय करेगी कि क्या नेपाल इस संकट से निकलकर स्थिरता की ओर बढ़ पाएगा या अस्थिरता का यह दौर और लंबा खिंच जाएगा। जो भी हो, यह साफ है कि नेपाल की राजनीति अब पहले जैसी नहीं रह जाएगी।

पितरों का स्मरण : श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य ही श्राद्ध है

रमेश सर्राफ

श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धापूर्वक किया गया कार्य जिससे पितरों को शांति मिलती है। श्राद्ध की उत्पत्ति पूर्वजों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता से हुई है जिसकी शुरुआत वैदिक काल से मानी जाती है। महाभारत के अनुसार सबसे पहले महर्षि निमि ने अत्रि मुनि के उपदेश से श्राद्ध किया और यह परंपरा धीरे-धीरे प्रचलित हुई। पितृ दोष होने पर व्यक्ति को कई परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसलिए पितृपक्ष में पितरों का स्मरण और पूजन करना आवश्यक है। हिंदू धर्म में पितृ पक्ष का विशेष महत्व है। पितृ पक्ष को श्राद्ध पक्ष के नाम से भी जाना जाता है। पितृ पक्ष में पितरों का श्राद्ध और तर्पण किया जाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पितृ पक्ष के दौरान पितर संबंधित कार्य करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस पक्ष में विधि- विधान से पितर संबंधित कार्य करने से पितरों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। श्राद्ध सूक्ष्म शरीरों के लिए वही काम करते हैं जो कि जन्म के पूर्व और जन्म के समय के संस्कार स्थूल शरीर के लिए करते हैं। इसलिए शास्त्र पूर्व जन्म के आधार पर ही कर्मकाण्ड में श्राद्धादि कर्म का विधान निर्मित करते हैं। सभी संस्कारों विवाह को छोडकर श्राद्ध ही ऐसा धार्मिक कृत्य है जिसे लोग पर्याप्त धार्मिक उत्साह से करते हैं। विवाह में बहुत से लोग कुछ विधियों को छोड़ भी देते हैं। परन्तु श्राद्ध कर्म में नियमों की अनदेखी नहीं की जाती है। क्योंकि श्राद्ध का मुख्य उद्देश्य परलोक की यात्रा की सुविधा करना है। भाद्रपद मास की पूर्णिमा से पितृ पक्ष शुरू होकर करीब 16 दिनों तक चलने वाले श्राद्ध में अश्विन मास की अमावस्या तक पितृ पृथ्वी पर वास करेंगे। इन 16 दिनों तक पितरों को प्रसन्न करने के लिए उन्हे यज्ञ, जल से तर्पण दिया जाएगा। इस दौरान पितरों की आत्मा की शांति के लिए जगह-जगह पिंडदान, नारायण बलि, जल तर्पण आदि कर्मकांड़ों से उन्हें प्रसन्न करने की कोशिश की जाती है। आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से लेकर अमावस्या तक ब्रह्माण्ड की ऊर्जा तथा उस उर्जा के साथ पितृप्राण पृथ्वी पर व्याप्त रहता है। धार्मिक ग्रंथों में मृत्यु के बाद आत्मा की स्थिति का बड़ा सुन्दर और वैज्ञानिक विवेचन भी मिलता है। पुराणों के अनुसार पितृपक्ष में जो तर्पण किया जाता है उससे वह पितृप्राण स्वयं आप्यापित होता है। पुत्र या उसके नाम से उसका परिवार जौ तथा चावल का पिण्ड देता है। उसमें से अंश लेकर वह अम्भप्राण का ऋण चुका देता है। ठीक आश्विन कृष्ण प्रतिपदा से वह चक्र उर्ध्वमुख होने लगता है। 15 दिन अपना-अपना भाग लेकर शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से पितर उसी ब्रह्मांडीय उर्जा के साथ वापस चले जाते हैं। इसलिए इसको पितृपक्ष कहते हैं और इसी पक्ष में श्राद्ध करने से पित्तरों को प्राप्त होता है। श्राद्ध पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता अभिव्यक्त करने तथा उन्हें याद करने के निमित्त किया जाता है। इसके पीछे मान्यता है कि जिन पूर्वजों के कारण हम आज अस्तित्व में हैं। जिनसे गुण हमें विरासत में मिलें हैं। उनका हम पर न चुकाये जा सकने वाला ऋण हैं। पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में जो तर्पण किया जाता है। उसके पीछे धार्मिक मान्यता है कि इससे पितरों को स्वर्ग प्राप्त होता है और उनकी आत्मा को शांति मिलती है। मंदिरों और नदियों के किनारे पितरों को तर्पण देने की सदियों से चली आ रही धार्मिक परम्परा आज भी अनवरत रूप से जारी है। श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धा (सच्चा विश्वास और प्रेम) से किया जाने वाला कर्मकांड जो मृत पूर्वजों (पितरों) की आत्मा की शांति और तृप्ति के लिए किया जाता है। यह उनके प्रति कृतज्ञता, सम्मान और स्मरण भाव को व्यक्त करने का एक तरीका है, और इसके माध्यम से उन्हें संतुष्ट कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया जाता है। श्राद्ध का वैज्ञानिक पहलू भी है। वेदों में, दर्शन शास्त्रों में, उपनिषदों एवं पुराणों आदि में हमारे ऋषियों-मनीषियों ने इस विषय पर विस्तृत विचार किया है। श्रीमद्भागवत गीता में भी स्पष्ट रूप से बताया गया है कि जन्म लेने वाले की मृत्यु और मृत्यु को प्राप्त होने वाले का जन्म निश्चित है।

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆सबके जीवन में कोई न कोई घटना घटती है, वो चुटकी बजा के कर लेते हैं बड़े-बड़े काम लेकिन जैसे-जैसे छोटे-छोटे कामों को आप इग्नोर करते जाते हैं, टाइमफ्रेम के अंदर कोई चीज पूरा नहीं होता है जो माइंड सेट आपने बनाया है भीतर तो आपको खबर हो न हो दुनिया वाले तो सिर्फ ये कहेंगे काम नहीं कर पाया। पर आप ये समझो भीतर-भीतर विकलांग बनने की भयंकर प्रक्रिया शुरू

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1703 सम्राट लियोपोल्ड को स्पेनिश विरासत से हटाया गया। 1720 होउनेबीक के ईसाक ने डच पेंशन सलाहकार का चुनाव किया।1722 फारसी में बाकू और डर्बेन्ट पर रूसी सैनिकों ने कब्जा किया। 1848 स्विटज़रलैंड एक संघीय राज्य बन गया, जिसमें न्यूकॉन्स्टिट्यूशन को अपनाया गया था। 1873 पहला व्यवहारिक टाइपराइटर ग्राहकों को बेचा गया। 1909 जर्मन रसायशास्त्री? फ्रिट्स हॉफमैन ने सिंथेटिक रबर का पेटेंट हासिल किया। 1910 शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम के प्रदर्शन में सबसे बड़े पैमाने पर कोरलवर्क्स में से एक, गुस्ताव महलर की सिम्फनी नंबर 8, पहले मनिच में प्रदर्शन किया गया था। 1922 पावो नुरमी ने 5000 मीटर दौड़ का विश्व रिकॉर्ड बनाया। 1928 फ्लोरिडा में भीषण तूफान से 6000 लोगों की मौत हुई। 1930 ईस्टर्न कोलंबिया बिल्डिंग का उद्घाटन लॉस एंजिल्स में किया गया। 1959 तत्कालीन सोवियत संघ का रॉकेट 'लूना-2' चांद पर पहुंचा। 1968 अल्बानिया ने खुद को वारसा संधि से अलग करने की घोषणा की।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मेरा एकांत मेरे

मेरा एकांत मेरे कमरें में छाये सन्नाटे का हिसाब जब लगाता हैं तब एक इतिहास अपने पन्नें खोलकर मेरे समक्ष आ जाता हैं पर मेरी जिद्द होती हैं वर्तमान के लोहे सम कवच से मैं ढ़क दूँ उसके पन्नें और घास पर बैठी ओस की बूँदे भर लाऊँ अपनी अँजुरी में, और सींच दूँ फिर से एक और नींव भविष्य की तभी उस कमरे के सन्नाटे को चीर जाती हैं दीवार पर लगी घड़ी संकेत देती हैं प्रहर के गुजर जाने का।

- सरिता सैल

हाथ की लकीरों में

हाथ की लकीरों में सजती है। किस्मत बनती जो तकदीर मिरी। डूबे जा रहे गहन सागर में हवा तो बनी एक मात्र झौका आलस भरती जब अंगराईयां। दिल गहरी बनती गहराईया। अधरों पर सजते कोमल चुम्बन। ले स्फुरित पलकों का अवलम्बन। झुक झुक जाये ज्यों मदहोश नजर जीवन रचता है नित नया नगर शान्त और अशान्त से वे पल। जैसे हो ऊषा संचरण के पल ।

- मधु त्रिवेदी

बीजेपी का विरोध कीजिए,मोदी

बीजेपी का विरोध कीजिए,मोदी का विरोध कीजिए, सरकार का विरोध कीजिए,आपके अनुसार तथाकथित तानाशाही का विरोध कीजिए जिसका चाहे उसका विरोध कीजिए --लेकिन विरोध करने वालो हे मेरे योग्य साथियों सिर्फ एक निवेदन है कि इनका विरोध करने के चक्कर में देश का विरोध मत करने लग जाना क्योंकि ये देश हमारी माँ है..वंदे मातरम जय हिंद... **- हितेश शर्मा**

सुनो! देखो ना चाँद की शरारत छेड़कर

सुनो! देखो ना चाँद की शरारत छेड़कर राग प्रीत का... छुप गया हैं बादलों की ओट चलो ना चले हम भी उस ओर जहाँ ना हो रोकती-टोकती या घुरती निगाहें गाने पर प्रीत गीत कोई चलो चले... उस पार ।। **- ग़ज़ल सविता वर्मा गजल**

कोचिंग माफियाओं ने एजुकेशन

कोचिंग माफिआओं ने एजुकेशन सिस्टम पर कब्जा कर लिया है जो छ्वश्चश्च, ह्वश्चश्ज्ञ, ह्वष्ठ, ष्टस्ञ्ज, स्स्ष्ट में पूछा जाता है वह 10-12 वीं में पढ़ाया नहीं जाता और जो पढ़ाया जाता है वह पूछा नहीं जाता है इसलिए कोचिंग करना मजबूरी है। 'एक देश एक शिक्षा बोर्ड' और 'एक देश एक पाठ्यक्रम' लागू करना अतिआवश्यक है। **- सचिन चौधरी**

वट की छाया कूप जल,

वट की छाया कूप जल, कंचन वन की छाँव। स्वाति नखत जल देखते, पपिहा सीप सुठाँव। नग चंदन के वृक्ष का, कब करते अपमान- निर्मल सज्जन साधु मन, आलौकिक गुण गाँव।। **- राजकिशोर मिश्र 'राज'**

भारत में बहुत से ऐसे विरोधी नेता हैं

भारत में बहुत से ऐसे विरोधी नेता हैं जो खुले आम नेपाल जैसी हालत करने की धमकी दे रहे हैं। अनेक ने अपने आधिकारिक हैंडल से भी ऐसे पोस्ट किए हैं। इन सभी पर अपराधिक मुकदमा चलाते हुए सभी को सुसंगत धाराओं के तहत गिरफ्तार करना चाहिए। **- पंकज कुमार झा**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष राशि- आज का दिन आपके लिए रोज की अपेक्षा बेहतर रहने वाला है। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगें।

वृष राशि -आज का दिन आपके लिए अच्छा बना रहेगा। आज काम के सिलसिले में आपको दूसरे शहर जाना पड़ सकता है।

मिथुन राशि - आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप ऑफिस में सहकर्मियों के साथ किसी नए प्रोजेक्ट को लेकर डिस्कशन कर सकतें हैं , जिससे आपकी कम्पनी को बड़ा लाभ होगा।

कर्क राशि- आज दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपकी कारोबारी गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी और आपको पुराने क्लाइंट से दुगुना धन लाभ होगा।

सिंह राशि - आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहेगा। आज आपको मेहनत का पूरा फल प्राप्त होगा और आज आप जो भी काम शुरू करेंगे, वो सफल होगा। आज ऑफिस में आपके ड्रेसिंग सेन्स की तारीफहोगी।

कन्या राशि -आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप किसी भी काम को करने से पहले उसकी पूरी रणनीति तैयार कर लें, जिससे बाद में किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

तुला राशि - आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आप अपनी मेहनत और लगन से किसी काम को जल्द ही पूरा कर लेंगें, आने वाले समय में आपको बड़ा धन लाभ होगा।

वृश्चिक राशि- आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहने वाला है। आज आप बिजनेस को लेकर ऑफिस में स्टाफके साथ मीटिंग कर सकतें हैं और काम की क्वालिटी को बेहतर बनाने में ध्यान देंगें।

धनु राशि- आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके अधिकतर कार्य सम्पन्न हो जायेंगें और आप आगे के लिए नए टारगेट सेट करेंगें। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल बना रहेगा।

मकर राशि- आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा और नए क्लाइंट से जुड़ने का मौका मिलेगा।

कुम्भ राशि- आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप दिन की शुरुआत किसी जरूरतमंद की मदद करके करेंगें, जिससे पूरा दिन आप अच्छा महसूस करेंगें।

मीन राशि- आज का दिन आपके लिये अच्छे परिणाम लाने वाला होगा। आपकी विदेश जाने की इच्छा जल्द पूरी होने वाली है, जहां आप अपनी पढ़ाई कम्पलीट करेंगें। किसी करीबी से चल रही आपकी नाराजगी दूर होगी।

QUIZ TIME

1) यूनिफाइड जीनोमिक चिप का विकास किस संगठन ने किया?

2) गेलफू 'माइंडफुलनेस सिटी' परियोजना किस देश द्वारा शुरू की गई है?

3) सोनाई-रुपाई वन्यजीव अभयारण्य किस राज्य में स्थित है?

4) भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित 2024 एडमिरल कप किस देश ने जीता?

5) हाल ही में प्राचीन उमामहेश्वर धातु मूर्ति किस राज्य में मिली है?

उत्तरमाला- (1) पशुपालन और डेयरी विभाग (2) भूटान (3) असम (4) रूस (5) कर्नाटक

शब्द सागर

न्यूज गैलरी

विसर्जन के बाद तालाब में फैला प्रतिमाओं का अवशेष

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक के पास तालाब में भगवान श्री गणेश की प्रतिमा का विसर्जन किया गया है। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि गणेश प्रतिमा का विसर्जन करते हैं तो तालाबों का साफ-सफाई अवश्य करें। तालाब में गंदगी फैली हुई है। तालाब में मूर्ति के अवशेषों में पैरा और कुछ लकड़ी, बांस-बल्ली है। इनमें से काम की चीजों को लोग तालाब से निकालकर ले जा चुके हैं और बाकी पैरा को तालाब में ही सड़ने के लिए छोड़ दिया गया है। ग्राम के लोगों की निस्तारी का प्रमुख साधन यह तालाब ही है।

हड़ताली एनएचएम कर्मचारियों ने शिविर में की लोगों की जांच

महासमुंद/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एनएचएम के कर्मचारियों का आंदोलन लगातार 24 वें दिन भी जारी रहा। छत्तीसगढ़ प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ के बैनर तले चल रहे इस आंदोलन में कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर जिला मुख्यालय स्थित लोहिया चौक धरना स्थल में अनोखे तरीके से विरोध प्रदर्शन किया। अनिश्चितकालीन हड़ताल के 25वें दिन एनएचएम संघ महासमुंद इकाई के अधिकारी व कर्मचारियों ने स्वास्थ्य शिविर आयोजित कर सरकार को वादा याद दिलाया। शिविर में 180 लोगों की जांच की गई व परामर्श दिया गया। शिविर के दौरान 10 मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया गया।

बाइक से शराब की तस्करी एक आरोपी पकड़ाया

महासमुंद/नवप्रदेश। तुमगांव पुलिस ने शराब का अवैध परिवहन कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बाइक क्रमांक सीजी 04 केवाय 3804 को अमावस चौक तुमगांव में रोककर पूछताछ की। पूछताछ में अपना नाम वार्ड नंबर 6 तुमगांव निवासी उमेश महोबिया (39) बताया। आरोपी के कब्जे से 25 पौवा शराब (कीमत 2500 रुपए) बरामद कर धारा 34(1) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

विधायक सेवा पखवाड़ा एवं जनदर्शन में उपस्थित रहेंगे

छुरा / नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी मण्डल छुरा के तत्वाधान में मंडल स्तरीय सेवा पखवाड़ा कार्यशाला शनिवार तेरह सितंबर दोपहर दो बजे स्थानीय विश्राम गृह में आयोजित किया गया है

जिसमें मुख्य वक्ता विधायक राजिम रोहित साहू होंगे । विशेष रुप से मंडल के सभी वरिष्ट नेता ,जिला पदाधिकारी ,शक्ति केंद्र के प्रभारी ,संयोजक ,सहसंयोजक ,बूथ अध्यक्ष ,जिला पंचायत सदस्य ,जनपद अध्यक्ष एवं सदस्य,नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षद , सहित समस्त ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रहेंगे । राजिम विधायक रोहित साहू सुबह ग्यारह बजे जनदर्शन कार्यक्रम में क्षेत्र के मतदाताओं के समस्याओं से रूबरू होंगे ।

नगरी में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन आज

नगरी/ नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के आह्वान पर सेवा पखवाड़ा-2025 अंतर्गत मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आज किया जा रहा है। इस कार्यशाला में विधानसभा क्षेत्र में निवासरत राष्ट्रीय, प्रदेश, जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, कार्यसमिति सदस्य, जनप्रतिनिधि, शक्ति केंद्र प्रभारी, संयोजक, सह-संयोजक, बूथ अध्यक्ष एवं सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपस्थिति सुनिश्चित की गई है।यह कार्यक्रम 12 सितंबर 2025, शुक्रवार दोपहर 1 बजे, मानस भवन सांकरा में आयोजित होगा। कार्यक्रम की तैयारी हेतु मंडल अध्यक्ष विनीत बलजीत छाबड़ा, तथा मंडल महामंत्री रूपेंद्र साहू एवं सुलोचना साहू ने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में श्री कुलेश्वर महादेव शासकीय महाविद्यालय में विविध आयोजन किए जा रहे हैं। इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नाटक का केंद्रीय विषय था छत्तीसगढ़ का 25 वर्षों में विकास, संस्कृति का महत्व एवं विकास की योजनाएं।

नुक्कड़ नाटक का उद्देश्य राज्य की प्रगति की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाना और युवाओं में जागरूकता के साथ-साथ सांस्कृतिक चेतना का विकास करना रहा। प्रस्तुति में शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास, कृषि क्षेत्र की उन्नति, औद्योगिक प्रगति, महिला सशक्तिकरण एवं आधारभूत संरचनाओं के विकास जैसे विषयों को सरल और रोचक शैली में प्रस्तुत किया गया।

नाटक में यह संदेश भी दिया गया कि छत्तीसगढ़ की पहचान उसकी संस्कृति, परंपरा, लोकगीत और लोकनृत्य से है। संस्कृति और विकास यदि समानांतर रूप से आगे बढ़ें तभी समग्र प्रगति संभव है। कलाकारों ने अपनी दमदार प्रस्तुति से दर्शकों को प्रभावित किया और सभी को राज्य के गौरवपूर्ण इतिहास एवं सांस्कृतिक समृद्धि पर गर्व करने का अवसर दिया।

इस अवसर पर सभापति वर्षा संतोष मिश्रा, लता सिन्हा (सरपंच), पूर्व सरपंच जिनेन्द्र वर्मा, जन भागीदारी सदस्य लखन लाल सिन्हा, जनभागीदारी सदस्य ईश्वर लाल देवांगन तथा पंच पार्वती साहू विशेष रूप से उपस्थित रहे।

25 वर्षों से गौरवपूर्ण रही

सभापति वर्षा संतोष मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा छत्तीसगढ़ की स्थापना के 25 वर्षों की यह यात्रा गौरवपूर्ण रही है। हमारी संस्कृति ही हमारी आत्मा है, और जब युवा शक्ति इसे मंच पर प्रस्तुत करती है तो समाज को सकारात्मक दिशा मिलती है।

लता सिन्हा (सरपंच) ने कहा - विकास योजनाएं तभी सफल होती हैं जब समाज जागरूक होकर उनका लाभ ले। आज के विद्यार्थियों ने छत्तीसगढ़ की प्रगति को जिस रूप में प्रस्तुत किया है, वह प्रशंसनीय और प्रेरणादायी है।

महाविद्यालय की प्राचार्य मधुरानी शुक्ला ने कहा-छत्तीसगढ़ की रजत जयंती पर यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक धरोहर और विकास की यात्रा को याद करने का श्रेष्ठ अवसर है। विद्यार्थी जब सामाजिक सरोकारों को लेकर आगे बढ़ते हैं, तभी राज्य का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित होता है।

कार्यक्रम का संचालन एस.आर. वड्डे द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. प्रेमेन्द्र कुमार उपाध्याय ने किया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार, प्राध्यापकगण, एनएसएस स्वयंसेवक तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना की और इसे ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया।

बाल केबिनेट के सदस्यों ने अतिथियों को पुष्पगुच्छ भेंट किया

संकुल केंद्र बोकराबेड़ा में सम्मान समारोह आयोजित

नगरी/नवप्रदेश। संकुल केंद्र बोकराबेड़ा में भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान दार्शनिक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सीएसी चम्पेश्वर कुमार साहू द्वारा किया गया, जिसकी शुरुआत बाल कैबिनेट के छात्र-छात्राओं ने सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ व तिलक से स्वागत कर किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पन्ना लाल मरकाम, जनपद सदस्य विशेष अतिथि के रूप में नंदिनी साहू, जनपद सदस्य बेलरगांव, तथा विशिष्ट अतिथि सतरूपा नेताम, सरपंच ग्राम पंचायत हिरीडीह, इंदुमति मरकाम, सरपंच गढ़डोंगरी (रैय्यत) और प्रकाशचंद साहू, विकासखंड स्रोत समन्वयक नगरी उपस्थित रहे।

शिक्षाविद् धनीराम मरकाम, अध्यक्ष तुलूराम नेताम, संकुल प्राचार्य पी.सी. झा तथा संकुल क्षेत्र के समस्त प्रधानपाठक व शिक्षक है

इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को स्मृति चिन्ह, डायरी, पेन एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित शिक्षकों में ङ्क चंद्रकिरण देवांगन लक्ष्मीनाथ नेताम, प्रभारी प्रधानपाठक माध्यमिक शाला बोकराबेड़ा

दिनेश कुमार निषाद, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला बोकराबेड़ा खिलेश्वरी मंडावी, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला नचकारपारा जितेंद्री बघेल, प्रधानपाठक प्राथमिक शाला हिरीडीह जिला स्तर पर शिक्षादूत सम्मान प्राप्त रोहित कुमार देवांगन (प्रा.शा. डोमपदर), उत्कृष्ट प्रधानपाठक सुजीत कुमार देवांगन (प्रा.शा. गायतापारा) एवं सर्वश्रेष्ठ कार्य के लिए नूतन लाल डोटे (प्रा.शा. डोहलापारा) को भी विशेष रूप से अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि पन्ना लाल मरकाम ने अपने उद्बोधन में गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आने वाले समय में जोन स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों को भी सम्मानित किया जाएगा। जनपद सदस्य नंदिनी साहू ने कहा कि शिक्षक हमारे जीवन में ज्ञान और मूल्य प्रदान कर समाज को नई दिशा देते हैं। सरपंच इंदुमति मरकाम ने संकुल की उपलब्धियों की सराहना करते हुए भविष्य के कार्यक्रमों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। वहीं सरपंच सतरूपा नेताम ने कहा कि शिक्षक हमें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाते हैं और समाज के वास्तविक मार्गदर्शक होते हैं। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी, प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बोकराबेड़ा के बच्चों ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत व रंगारंग नृत्य प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इसके अलावा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के शिक्षक भगवती वर्मा तथा अन्य राज्यों से आए शिक्षार्थियों ने इस आयोजन को प्रेरणादायक और अभूतपूर्व बताया।

अंचल की बेटी ने बढ़ाया गौरव

नगरी/नवप्रदेश। नगरी अंचल की होनहार बेटी कु. कुसुम साहू ने अपनी मेहनत और लगन से क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर के हिंदी शोध केंद्र की शोधार्थी कुसुम साहू को संजीव बख्शी के साहित्य का सांस्कृतिक अनुशीलन विषय पर शोधकार्य हेतु पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है।इस शोध कार्य का निर्देशन प्रो. (डॉ.) अनुसुइया अग्रवाल (डी.लिट्), प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय, महासमुंद ने किया। वहीं शोध मौखिकी परीक्षा के लिए बाह्य परीक्षक के रूप में डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विश्वविद्यालय, सागर (म.प्र.) के प्राध्यापक प्रो. आनंद प्रकाश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

डॉ. कुसुम साहू की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर हिंदी शोध केंद्र की अध्यक्ष एवं प्राचार्य प्रो. करुणा दुबे, शोध निर्देशक प्रो. (डॉ.) अनुसुइया अग्रवाल, विभागाध्यक्ष डॉ. दुर्गावती भारतीय, शोध संवर्धन समिति की अध्यक्ष डॉ. मालती तिवारी, साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला रविवि की अध्यक्ष प्रो. मधुलता बारा, डॉ. गिरिजाशंकर गौतम, प्रो. रमेश अनुपम एवं प्रो. प्रेमशंकर त्रिपाठी सहित अनेक विद्वानों ने हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार संजीव बख्शी ने भी डॉ. कुसुम साहू को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।गौरतलब है कि डॉ. कुसुम साहू, ग्राम अमाली (तहसील नगरी, जिला धमतरी) निवासी श्री विष्णु प्रसाद साहू की सुपुत्री हैं। एक छोटे से गांव से निकलकर इस मुकाम तक पहुँचना उनके परिश्रम और संकल्प का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने इस उपलब्धि पर कहा कि— इस शोधकार्य के माध्यम से मुझे संजीव बख्शी जी एवं उनके साहित्य को गहराई से जानने-समझने का अवसर मिला।

सरपंचों को परेशान करने से विकास संभव नहीं : संघ

छुरा/नवप्रदेश। जिला गरियाबंद , छुरा, मैनपुर , देवभोग संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संरक्षक, और सरपंचो ने गरियाबंद कलेक्टर से मुलाक़ात कर अपनी विभिन्न मांगों समस्याओं के निदान के लिए पत्र सौंपकर कहा कि आदिवासी सरपंचों की समस्याओं पर गंभीरता से विचार कर राज्य शासन को अवगत कराकर सरपंचों के साथ तालमेल बना कर गांव प्रदेश के विकास में सहयोग करने पर छत्तीसगढ़ का विकास संभव है । सरपंचों को परेशान करने से विकास संभव नहीं है ।

गरियाबंद जिले के ग्राम पंचायतों को पन्द्रह वित्त, मूल भुत की राशि अभी तक प्राप्त नहीं हुआ जिससे पंचायत को चलाने मे दिक्कत आ रहा है तो पंचायत के खाता मे जल्द से जल्द पन्द्रह वित्त मूल भूत की राशि जमा करवाया जाये। मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण का किस्त की राशि पूर्व की भाती ले आउट के पश्चात दिया जावे जिस पर कलेक्टर ने राज्य शासन को जानकारी से अवगत कराने की बात कहा एवं जिला से कोई भी राशि लंबित नहीं है कहा। सरपंचों ने एक स्वर से कहा कि सरकार मध्य क्षेत्र विकास प्राधिकरण से प्राप्त आवंटन में जब तक अग्रिम राशि जारी नहीं किया जाता है तब तक पंचायत कोई भी निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं करेंगे। काम करने के बाद सरपंच सचिव जनपद पंचायत, जिपं कार्यालय का चक्कर नहीं लगायेंगे, दुकानदार उधारी में समाग्री का कीमत बढ़ा देते हैं जिसके कारण निर्माण कार्य का लागत बढ़ जाता है । सरपंचों के न्यायसंगत मांग नहीं माना गया तो भविष्य में सरपंच सड़क पर शासन-प्रशासन के विरुद्ध उतरकर अपने मांग के लिए आंदोलन करेंगे। जिसमे सभी ब्लॉक गरियाबंद, छुरा, मैनपुर, देवभोग के सरपंच संघ अध्यक्ष उपाध्यक्ष सचिव एवं सरपंचो की उपस्थिति में छुरा संघ के अध्यक्ष पन्नालाल ध्रुव गरियाबंद के अध्यक्ष कोमल ध्रुव सचिव दीपक कुमार ध्रुव उपध्यक्ष जगबाई ध्रुव गोदावरीदीवान थनेश्वर कुमार मंडावी सरपंच नरेंद्र मैनपुर, देवभोग, सभी सरपंच उपस्थित थे।

सोनई रूपई मंदिर में घटस्थापना 22 को

महासमुंद/नवप्रदेश। क्वांर नवरात्र पर ग्राम खट्टी स्थित माता सोनई रूपई मंदिर में अश्विन (क्वांर) शुक्ल एकम 22 सितंबर सोमवार घटस्थापना, वेदी पूजन, शैल पुत्री पूजन प्रात 11:36 बजे से दोपहर 12:24 तक किया जाएगा। आश्विन (क्वांर) शुक्ल पंचमी 27 सितंबर शनिवार को स्कंद माता एवं श्रृंगार पूजन प्रातः 8 बजे, अश्विन (क्वांर) शुक्ल अष्टमी 30 सितंबर मंगलवार को महागौरी पूजन, हवन शाम 4 बजे होगा। उक्त जानकारी सुभाष शर्मा, होरीलाल साहू, कमलेश ध्रुवंशी, गजेंद्र साहू ने दी है।

अंतरिक्ष ज्ञान अभियान से छात्रों में जगी नई जिज्ञासा

नगरी/नवप्रदेश। जिला प्रशासन धमतरी एवं Igniting Dreams of Young Mind Foundation के संयुक्त तत्वावधान में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, दुगली में अंतरिक्ष ज्ञान अभियान का सफल आयोजन किया गया।

इस विशेष अभियान में विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान की नवीनतम जानकारियाँ, रोचक प्रयोग एवं तकनीकी रहस्यों से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में कुल 496 विद्यार्थी एवं शिक्षकगण उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

विद्यार्थियों ने मॉडल प्रदर्शनी, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और इंटरैक्टिव सत्रों में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस दौरान उनके भीतर विज्ञान एवं अंतरिक्ष के प्रति नई जिज्ञासा जागृत हुई और सपनों को नई उड़ान मिली।

अभियान के माध्यम से छात्रों को न केवल ज्ञानवर्धक अनुभव प्राप्त हुआ, बल्कि विज्ञान की दिशा में उनकी सोच और दृष्टिकोण को भी सकारात्मक प्रेरणा मिली।जिला प्रशासन एवं फाउंडेशन द्वारा ऐसे नवाचारी प्रयास भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे।

विधायक इन्द्र साव ने माता-पिता की स्मृति में प्राथमिक शाला के बच्चों को शूज बांटे

सिमगा/नवप्रदेश। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के प्राथमिक शाला, टीहूपारा सिमगा के बच्चों को,अपने स्व.माता पिता की स्मृति मे शूज वितरण किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा-अर्चना से हुई। शाला परिवार द्वारा आयोजित शूज वितरण कार्यक्रम का आयोजन विधायक इन्द्र साव ने अपने उद्बोधन में कहा कि वे शिक्षक परिवार से आते हैं। उनके पिता हेड मास्टर रहे हैं और माँ भी शिक्षा के प्रति अत्यंत संवेदनशील रही हैं। यही कारण है कि बचपन से ही उन्होंने शिक्षा के महत्व को समझा और आज उसी प्रेरणा से समाज की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा जीवन की सबसे बड़ी पूंजी है। धन और पद हमेशा साथ नही होता, लेकिन शिक्षा हमेशा व्यक्ति के साथ रहती है और उसके व्यक्तित्व को निखारती है। बच्चों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा पढ़ाई को केवल नौकरी पाने का साधन न समझें, बल्कि इसे अपने जीवन को आदर्श और उपयोगी बनाने का मार्ग मानें। शिक्षक केवल किताबों का ज्ञान नहीं देते, बल्कि वे हमारे जीवन को सही दिशा दिखाने वाले मार्गदर्शक होते हैं। विधायक प्रतिनिधि शैली भाटिया ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा प्राप्त करने का अवसर भगवान का दिया हुआ सबसे बड़ा उपहार है। जो बच्चा आज पूरी लगन से पढ़ाई करेगा, वही कल परिवार, समाज और देश का नाम रोशन करेगा। उन्होंने बच्चों को सलाह दी कि वे अपने माता-पिता और शिक्षकों का सम्मान करें, क्योंकि यही संस्कार जीवन को ऊँचाइयों तक ले जाते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही राष्ट्र निर्माता हैं। अगर बच्चों में अनुशासन, परिश्रम और ईमानदारी की आदत डाल दी जाए तो वे जीवनभर किसी भी कठिनाई का सामना कर सफल हो सकते हैं।

जनता की कमाई का दुरूपयोग

जनहित के कार्यों में पारदर्शिता हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता : अश्वनी शर्मा

निर्माणाधीन नाली ढहने की जांच हेतु कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत 15वें वित्त आयोग मद से वार्ड क्रमांक 25 में चर्च से लेकर रेल्वे क्रॉसिंग तक बन रही आर.सी.सी. नाली निर्माण निर्माणाधीन अवस्था में ही ढहने की जांच हेतु ज्ञापन कलेक्टर दीपक सोनी को पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने पालिका पदाधिकारियों के साथ सौंपा है।

कलेक्टर को दिए पत्र में पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नाली निर्माण दिवाल गिरने की निष्पक्ष जांच नगर पालिका की तकनीकी टीम एवं अन्य विशेषज्ञ अधिकारियों की उपस्थिति में कराने की मांग की है।

कलेक्टर को मांग पत्र देने के बाद पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि जनहित के कार्यों को पूरी पारदर्शिता के साथ कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है।हमारी दृढ़ मान्यता है कि विकास कार्य उत्कृष्ट गुणवत्ता के साथ हों। जनता के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं है। ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति रोकने हेतु जिम्मेदार एजेंसियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। पालिका अध्यक्ष ने बताया कि इस कार्य का कोई भुगतान नगर पालिका द्वारा ठेकेदार को नहीं किया गया है। इस कार्य की जांच उपरांत कार्य की गुणवत्ता, तकनीकी खामियों एवं उत्तरदायित्व का स्पष्ट आकलन किया जाएगा ताकि जनता की गाढ़ी कमाई का सदुपयोग सुनिश्चित हो सके।

इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़िया , सभापति गोविंद पटेल, सतीश तलरेजा , दशरथ साहू उपस्थित रहे। जनहित में जवाबदेह व पारदर्शिता तथा प्रशासनिक व्यवस्था की दिशा में की गई यह पहल निश्चित रूप से स्थानीय नागरिकों के विश्वास को और अधिक सुदृढ़ करेगी।

1.02 लाख गांजे के साथ तीन पकड़ाए

महासमुंद/ नवप्रदेश। कोमाखान पुलिस ने चौखड़ी के पास नेशनल हाइवे 353 में गांजे की खरीदी-बिक्री करते तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 1.05 लाख रुपए का गांजा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर चौखड़ी के पास पैशन प्रो बाइक ओआर 03 एच 6221 और दूसरा बिना नंबर की बाइक में एक बोरी में गांजा रखकर खरीदी-बिक्री कर रहे ग्राम अईलापाली थाना पटनागढ़ जिला बलांगीर आरोपी निवासी आशाराम कुमार (45), पवित्र कुमार (45) व दूसरी बाइक में सवार ग्राम चुरूपाली चौकी बुंदेली थाना तेंदूकोना निवासी सुरेश कुमार साहू (26) को पकड़ा।

170 बल्क लीटर महुआ शराब एवं 800 किलो महुआ लाहन जब्त

कसडोल / नवप्रदेश। पलारी थाना अंतर्गत ग्राम खैरी में आबकारी एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा शनिवार को खैरी निवासी आरोपी नरेश कुमार घृतलहरे, मनीष घृतलहरे, रूस्तम घृतलहरे, विजय रात्रा एवं हीरालाल रात्रा के कब्जे से 170 बल्क लीटर महुआ शराब जप्त किया गया एवं 800 किलोग्राम महुआ लाहन जप्त किया गया।

महुआ शराब का बाजार मूल्य 34,000 रुपये एवं महुआ लाहन का बाजार मूल्य 48,000 रुपये होना पाया। आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2) एवं 59(क) प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया। कार्रवाई के दौरान पलारी थाना प्रभारी हेमंत पटेल एवं हमराह थाना स्टाफ सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेश कुमार सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक पी.माधव राव, मनराखन नेताम उपस्थित ।

न्यूज गैलरी

अवैध रेत परिवहन पर कार्रवाई

कवर्धा। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश और वन मंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल के मार्गदर्शन में वन विभाग द्वारा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत नदी-नालों से हो रहे अवैध रेत खनन और परिवहन के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। अब तक 11 ट्रैक्टरों को जप्त किया गया है। इन ट्रैक्टरों को राजसात करने की प्रक्रिया चल रही है। संबंधित वाहन चालकों और दोषियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई हो चुकी है। नियमित गश्त और सतर्क निगरानी के चलते परिक्षेत्र में अवैध रेत परिवहन की गतिविधियां पूरी तरह बंद हो चुकी हैं। वन मंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल ने बताया कि वन विभाग द्वारा रात्रिकालीन गश्त के साथ-साथ संदिग्ध मार्गों पर विशेष गश्ती दल तैनात कर नाका और बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जा रही है।

आईटीआई की ट्रेड परीक्षा 25 से

कवर्धा। छग राज्य के अधीन संचालित विभिन्न शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं के इंजीनियरिंग एवं नान-इंजीनियरिंग व्यवसायों के राज्य व्यवसायिक परीक्षा (एससीव्हीटी) और हायर सेकण्डरी व आईटीआई की संयुक्त अध्यापन योजना में कक्षा 12 वीं के विद्यार्थियों की आईटीआई ट्रेड की परीक्षा माह-सितम्बर अक्टूबर 25 (नई प्रणाली एवं पुरानी प्रणाली) 25 सितंबर से 6 अक्टूबर तक होगी। प्रशिक्षणार्थी संबंधित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, हायर सेकण्डरी स्कूल से पूरी जानकारी प्राप्त कर सकते है।

जनपद संघ की अध्यक्ष बनी राजेश्री

खैरागढ़। जिला स्तरीय जनपद पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष संघ की आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में जिले के दोनो जनपद खैरागढ़ और छुईखदान के पदाधिकारियों, सदस्यों ने भाग लिया। बैठक मे सर्वसम्मति से जनपद अध्यक्ष डॉ. राजेश्री शैलेन्द्र त्रिपाठी को जनपद पंचायत अध्यक्ष-उपाध्यक्ष संघ का जिलाध्यक्ष चुना गया। छुईखदान जनपद उपाध्यक्ष राजू जंघेल को जिला उपाध्यक्ष खैरागढ़ जनपद उपाध्यक्ष लखन साहू को महामन्त्री की जिम्मेदारी दी गई। जनपद अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया।

आईटीआई में प्लेसमेंट कैंप आज

बालोद। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था डौंडीलोहारा में आईबी ग्रुप राजनांदगांव द्वारा 12 सितंबर को प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था ने बताया कि आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी भाग ले सकते हैं।

पंडरिया में सड़क निर्माण करने 28 करोड़ 87 लाख की स्वीकृति

- विधायक भावना बोहरा ने जताया भाजपा सरकार का आभार
- पंडरिया में जनता के सुगम आवागमन हेतु सड़कों का विस्तार हमारी सर्वोच्य प्राथमिकता : भावना

कवर्धा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार बनने के बाद पंडरिया विधायक भावना बोहरा की सक्रियता से विधानसभा में क्षेत्र में निरंतर विकास कार्यों की सौगात मिल रही है।

भावना बोहरा के प्रयासों से विधानसभा वासियों की बहुप्रतीक्षित मांगे पूरी हो रहीं हैं। बुधवार को नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा पंडरिया विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के विस्तार हेतु 28 करोड़ 87 लाख 8 हजार रुपए की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति दी गई। विधायक भावना बोहरा ने इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव और वित्त मंत्री ओपी चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए क्षेत्रवासियों को बधाई दी।

भावना ने बताया कि जनता की बहुप्रतीक्षित मांग को देखते हुए वर्ष 2024-25 के वार्षिक बजट में शामिल पंडरिया विधानसभा के प्रतापपुर-भगतपुर-निंगापुर मार्ग तक कुल 12.07 कि.मी. सड़क निर्माण हेतु 21 करोड़ 7 लाख 98 हजार रुपए, जंगलपुर-कुम्ही मार्ग तक कुल 4.10 कि.मी. सड़क निर्माण हेतु 4 करोड़ 75 हजार 42 हजार रुपए और दशरंगपुर से खंडसरा मार्ग तक 3.00 कि.मी. सड़क निर्माण हेतु 3 करोड़ 3 लाख 68 हजार रुपए की प्रशासकीय और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। 28 करोड़ 87 लाख रुपए से अधिक की राशि सड़क निर्माण हेतु मिली है। इसके पूर्व भी पंडरिया विधानसभा को विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों हेतु करोड़ों रूपए की स्वीकृति मिली है।

उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के कुशल नेतृत्व में हमारे ग्रामीण अंचलों में आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहें हैं और जनसुविधाओं का चरणबद्ध विकास सुनिश्चित किया जा रहा है, जिससे प्रदेश एवं पंडरिया विधानसभा के विकास और आर्थिक प्रगति के नए द्वार खुल रहें हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, महिला सशक्तिकरण, व्यापारी हित के लिए सार्थक प्रयासों से आज पंडरिया विधानसभा सहित प्रदेश में हर व्यक्ति-वर्ग के लिए जनकल्याण की योजनाओं से जीवन स्तर में सकारातमक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। पंडरिया विधानसभा में अब तक विभिन्न विकास कार्यों, अधोसंरचना निर्माण, सौन्दर्यीकरण, स्वच्छता, सड़क, बिजली, पानी जैसी आवश्यक और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार हेतु 300 करोड़ रुपए से अधिक की स्वीकृति मिली है। कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं को स्वीकृति मिली है, और कई कार्य गुणवत्तापूर्ण और तय समय पर पूरे किये जा रहें हैं वहीं प्रगति पर है।

सुतियापाट नहर विस्तारीकरण, बाकेला हाफनदी व्यपवर्तन योजना, हरिनाला पुल निर्माण, पंडरिया और पांडातराई बाईपास निर्माण से आम जनता एवं किसानों को सुविधा मिलेगी। इनमें से कुछ कार्य पूर्ण हो चुके हैं जबकि कुछ कार्य प्रगति पर हैं। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पंडरिया में 250 सीटर नालंदा परिसर बनाने और गौरव पथ निर्माण हेतु स्वीकृति भी प्रदान की है।

ई रिक्शा पलटा, चालक सहित स्वामी आत्मानंद स्कूल की चार बच्चियां घायल

बालोद/नवप्रदेश। गुरुवार को सुबह 9:45 बजे बालोद दुर्ग मुख्य मार्ग पर गंजपारा में शराब दुकान के सामने सड़क हादसे में आत्मानंद स्कूल में पढने वाली चार बच्चियां घायल हो गई। सभी बच्चियां एक ई रिक्शा में सवार होकर स्कूल जा रही थी।

शराब दुकान के सामने एक मोपेड सवार चालक तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए शराब दुकान जा रहा था। दुर्घटना से बचने अचानक ब्रेक लगाने के कारण ई रिक्शा घटना स्थल पर पलट गया। आसपास के दुकानदारों ने तत्काल चारों छात्राओं और चालक को बाहर निकाल कर जिला अस्पताल पहुंचाया। उनका इलाज किया जा रहा है। घायलों में मटिया बी की दीक्षा सिन्हा कक्षा दूसरी, दोषिता सिन्हा कक्षा चौथी दोनों सगी बहनें, झलमला निवासी भूमिका साहू कक्षा ग्यारहवीं और तारिणी साहू कक्षा दसवीं शामिल है।

घटना की जानकारी मिलने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी और स्कूल के शिक्षक भी बच्चियों का हाल-चाल जानने अस्पताल पहुंचे। इधर, मोपेड सवार घटना स्थल से फरार हो गया। पुलिस ने उसकी मोपेड जप्त कर ली है। गंजपारा में शराब दुकान के पास अक्सर यातायात व्यवस्था बाधित रहती है। शराब लेने वाले लोगों की भीड़ के कारण सड़क तक गाडियां खड़ी रहती है। तेज रफ्तार से गाडियां चलाने के कारण हादसे का खतरा हमेशा बना रहता है।

सभी बच्चियां आमापारा के आत्मानंद स्कूल में पढने के लिए जा रही थी। ई रिक्शा का चालक जमरूवा निवासी फिरोज कुमार साहू बच्चों को स्कूल ले जा रहा था। उसी समय यह हादसा हो गया। घटना के बाद बच्चियों को महिंद्रा शोरूम में बैठाकर उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार मोपेड सवार शराब लेने की जल्दबाजी में गलत साइड में आकर गाड़ी मोड़ दिया, जिसके कारण ब्रेक लगाते ही ई रिक्शा पलट गया।

चार स्कूलों में छात्राओं को साइकिल वितरण

बेमेतरा/नवप्रदेश। निःशुल्क सरस्वती सायकल योजना के अंतर्गत बुधवार को परपोड़ा, खिसोरा, बचेड़ी व मोहभट्ठा में बालिकाओं को सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल, अध्यक्षता प्रतिनिधि उपाध्यक्ष जिला पंचायत बेमेतरा बलराम पटेल व विशिष्ट अतिथि जनपद सदस्य नीरज राजपूत सहित सभी ग्राम के सरपंच समिति अध्यक्ष थे। चंद्रशेखर आजाद शा. हायर सेकेंडरी स्कूल में 27 हाई स्कूल खिसोरा में 31 हाई स्कूल बचेड़ी में 22 और प. देवी प्रसाद चौबे हायर सेकेंडरी स्कूल में 29 बालिकाओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। सरस्वती सायकल पाकर छात्राओं ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर पूर्व विधायक अवधेश चंदेल ने कहा कि विद्यार्थियों के शत-प्रतिशत उपस्थिति, अज्ञानता व अशिक्षा को दूर करने में निः शुल्क सरस्वती सायकल योजना मील का पत्थर साबित हो रही है। सायकल योजना का मुख्य उद्देश्य दूर-दराज से आने वाले छात्राओं की सुविधाओं और उनके शिक्षा में निरंतर को बढ़ावा देना है। बलराम पटेल ने कहा सरस्वती सायकल योजना ने न केवल छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में मदद की है, बल्कि उनके आत्मविश्वास को भी बढ़ाया है। इस योजना के तहत शासन ने अब तक लाखों छात्राओं को मुफ्त साइकिलें वितरित की हैं।अब प्रदेश देश मे बेटी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है अनेको जगह नेतृत्व कर रही है। जनपद सदस्य नीरज सिंह राजपूत ने कहा कि इस योजना के परिणाम स्वरूप छत्तीसगढ़ में छात्राओं की स्कूल उपस्थिति में वृद्धि हुई है।

इस अवसर पर परपोड़ा से शाला अध्यक्ष हेमू राम साहू प्राचार्य जे.एल. पारधी सरपंच फत्ते लाल साहू बलदाऊ वर्मा दुर्गा शिवारे कमल साहू राधिका साहू ओमप्रकाश साहू मनहरण साहू बी.एल. कुर्रे व हेमन्त यदु शाला नायक उप शाला नायक सहित समस्त शाला परिवार मौजूद थे।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन ने बजरंगपुर-नवागांव हत्याकांड में पीड़ित परिवारों से मुलाकात की

- किशन राजपूत के परिवार के लिए अनुकम्पा नियुक्ति की घोषणा की
- राजेश ढीमर की पत्नी को जॉब प्लेसमेंट में नौकरी दिलाने के लिए किया निर्देशित
- मृतक युवा राजेश, सचिन, किशन के परिवारों को स्वेच्छानुदान से 1-1 लाख की सहायता राशि देने की घोषणा

राजनांदगांव/नवप्रदेश। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने आज नगर पालिक निगम राजनांदगांव के बजरंगपुर-नवागांव हत्याकांड में पीड़ित परिवारों से बजरंगपुर-नवागांव वार्ड में पहुंचकर मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव की शांति और सौहार्द्र के लिए प्रदेश में एक अलग पहचान है और इसे संस्कारधानी भी कहते है। विगत दिनों बजरंगपुर-नवागांव वार्ड में घटित हिंसा एवं हत्याकांड एक दुखद घटना है। नशे की गिरफ्त में आकर बिना किसी कारण के चाकूबाजी की घटना हुई और एक परिवार को बचाते हुए राजेश ढीमर की मृत्यु हो गई। चाकूबाजी की अन्य घटना में सचिन दास मानिकपुरी और किशन राजपूत की हत्या की गई। पुलिस की शुरूआती कार्रवाई में पहली रिपोर्ट दर्ज होने के बाद तोड़-फोड़ की घटना की सूचना मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाती तो यह घटना इस प्रकार का स्वरूप नहीं लेती। इस घटना के लिए थाना प्रभारी का दोष दिखाई देता है और उस पर कार्रवाई करते हुए निलंबित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष ने इस घटना में शामिल होने वाले अन्य लोगों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने कहा कि नवागांव से चिखली तक के क्षेत्र में एक पुलिस चौकी खोला जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने वहां तत्काल पुलिस चौकी की स्थापना की सहमति प्रदान की है। विधानसभा अध्यक्ष ने तात्कालिक मदद की दृष्टि से मृतक युवा राजेश ढीमर, सचिन दास मानिकपुरी और किशन राजपूत के परिवारों को स्वेच्छानुदान अंतर्गत एक-एक लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की।

उन्होंने किशन राजपूत के परिवार के लिए अनुकम्पा नियुक्ति की घोषणा की। राजेश ढीमर की पत्नी को जॉब प्लेसमेंट में नौकरी दिलाने के लिए निर्देशित किया। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि शराब और नशे के खिलाफ जिले में सतत अभियान चलाने की आवश्यकता है। सुरक्षा के मद्देनजर इन क्षेत्रों में लगातार पुलिस पेट्रोलिंग के निर्देश दिए। उन्होंने इन क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरा लगाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान महापौर मधुसूदन यादव, कोमल सिंह राजपूत, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग उपस्थित थे।

विस अध्यक्ष के आगमन से पहले कांग्रेस नेता गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नवागांव में चाकूबाजी के बाद जिले में सियासी हलचल तेज हो गई है। पुलिस ने कांग्रेस के राष्ट्रीय युवा सचिव निखिल द्विवेदी, युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष ऋषि शास्त्री और विशु आजमानी, परमानंद वर्मा, चंद्रशेखर मालेकर, विनायक राठौर, राजा यादव सहित अन्य नेताओं को गिरफ्तार किया है। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह के राजनांदगांव दौरे से पहले यह कार्रवाई की गई। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि आज सुबह ही सीएसपी पुष्पेंद्र नायक, टीआई एमन साहू और रामेंद्र सिंह सहित भारी संख्या में पुलिस बल ने कांग्रेस नेताओं के घरों पर दबिश दी। महाराष्ट्र बार्डर के थाने में उन्हें नजरबंद किया गया था। देर शाम उन्हें छोड़ा गया। रखा गया था।

कांग्रेस नेता लगातार आरोप लगा रहे हैं कि भाजपा नेताओं के संरक्षण में अवैध कारोबार हो रहा है। आज विधानसभा अध्यक्ष और राजनांदगांव विधायक डॉक्टर रमन सिंह के शहर में आगमन को देखते हुए पुलिस ने संभावित विरोध प्रदर्शन के मद्देनजर कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। इस कार्रवाई से सियासी माहौल गरमा गया है। इस मामले को लेकर निखिल द्विवेदी ने कहा कि शासन प्रशासन को अवैध कारोबार को बढ़ावा देने वाले भाजपा नेताओं पर कार्यवाही करना चाहिये। परमानंद वर्मा ने कहा कि डॉक्टर रमन सिंह को पीड़ित परिवार को पच्चीस-पच्चीस लाख का मुआवजा सहित परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने की घोषणा करना चाहिए। ऋषि शास्त्री ने कहा कि राजनांदगांव में अवैध कारोबार लगातार बढ़ रहे हैं। छोटे-छोटे बच्चे और युवा पीढ़ी नशे की जाल में फंस रहे है। इससे अपराध भी बढ़ रहा है।

जापानी कपड़ा कंपनी में काम का झांसा देकर महिला से 2 लाख 20 हजार की ठगी

बालोद/नवप्रदेश। अज्ञात आरोपियों ने टेलीग्राम और व्हाट्सएप के जरिए झांसा देकर यूनिक्लो नामक फर्जी ऑनलाइन कंपनी से जोडने का लालच देकर भिलई गांव की महिला लोकेश्वरी साहू से 2 लाख 20 हजार 716 रुपए की ठगी कर ली। महिला की शिकायत पर पुलिस ने साइबर फ्राड का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अर्जुंदा थाने के अंतर्गत भिलई गांव में 24 अगस्त को महिला को टेलीग्राम पर मैसेज मिला कि यूनिक्लो कपड़े और सामान के साथ काम करने वाली कंपनी है। इसमें जुड़कर 10-15 मिनट काम करने पर काफी पैसा कमा सकती हैं। महिला ने इस कारोबार से इंकार कर दिया। लगातार व्हाट्सएप पर मैसेज, वीडियो और वॉइस कॉल आने पर लोकेश्वरी झांसे में आ गई और फैशन-यूनिक्लो डॉट कॉम नाम की वेबसाइट पर लॉगिन कर लिया। महिला से 5 दिन के भीतर अलग-अलग यूपीआई आईडी पर रुपए जमा कराए गए। 2 सितंबर को बलविंदर नाम की आईडी पर 10,000 रुपए, 3 सितंबर को पृथ्वीराज के नाम 10,000 रुपए और सौरभ गाथे के नाम 23,538 रुपए, 4 सितंबर को शाहिद आफरीदी के नाम 20,000 रुपए और विशाल सिंह के नाम 74,666 रुपए, 5 सितंबर को कमलेश प्रजापत के नाम 82,512 रुपए जमा कराए गए।

कुल 2,20,716 रुपए ठग लिए गए। महिला के अनुसार ठग लगातार मैसेज भेजते रहे कि बोनस और बैलेंस पूरा करने के लिए और पैसे डालने होंगे। उन्होंने पहले 40,000 रुपए और फिर 82,500 रुपए जमा करने की मांग की थी।

भ्रष्टाचार

डस्ट युक्त गिट्टी से बन रही सड़क व नाली, ग्रामीणों में असंतोष

घटिया क्वालिटी से सड़क-नाली निर्माण की शिकायत

कवर्धा/नवप्रदेश। अनुसूचित जनजातियों के सर्वांगीण विकास और कल्याण के उद्देश्य से जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित पीएम जन मन योजना के तहत स्वीकृत विकास कार्यों की क्वालिटी पर सवाल उठ रहे हैं। सरकारी विभाग और ठेकेदार विकास कार्यों की गुणवत्ता बेहतर नहीं रख रहे। स्वीकृत निर्माण कार्यो में जमकर अनियमितता और भ्रष्टाचार किया जा रहा है। युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने बताया कि पीएम जनमन योजना के तहत ग्राम सिंघारी से छुईखदान होते हुए कुरूलूपानी तक करीब 6 करोड़ 43 लाख रुपए की लागत से 10 किलोमीटर पक्की डामरीकृत सड़क की स्वीकृति दी गई है।

सड़क निर्माण का जिम्मा कार्य एजेंसी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को दिया गया है। यह कार्य 15 मार्च तक पूरा कर लिया जाना चाहिये था, लेकिन अभी तक काम पूरा नहीं हुआ है। निर्माण कार्य की कुछआ चाल से ग्रामीण परेशान हैं। संबंधित कार्य एजेंसी और ठेकेदार की मिलीभगत से सड़क निर्माण में अनियमितता की जा रही है। अभी तक सिर्फ 30 प्रतिशत सड़क निर्माण कार्य ही पूर्ण हो पाया है। निर्माण कार्य की गुणवत्ता बेहतर नहीं है।

200 मीटर लंबी नाली के निर्माण में ठेकेदार द्वारा स्थानीय काप रेत, डस्ट युक्त गिट्टी का उपयोग कर घटिया और गुणवत्ता विहीन निर्माण कार्य किया जा रहा है। विभाग और प्रशासन से शिकवा शिकायत भी की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई सुधार नहीं किया गया।

भाजपा के विकास के दावे खोखले- आकाश

युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव आकाश केशरवानी ने कहा है कि केन्द्र और राज्य की भाजपा सरकार द्वारा जिले में विकास एवं निर्माण कार्यों की स्वीकृति प्रदान कर भ्रष्टाचार करने का काम कर रहे हैं। इन विकास और निर्माण कार्यो का उद्देश्य क्षेत्र का विकास और लोगों की सुविधाएं नहीं रह गया है। भाजपा नेता भ्रष्टाचार को संरक्षण दे रहे हैं।

पेज 1 का शेष

बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट में 967...

शख्स उद्योग में हाथ आजमाना चाहता है तो उसे सरकार की तरफ से विशेष मदद दी जाएगी। इसकी व्यवस्था हमने उद्योग नीति के तहत की है। उन्होंने कहा कि हमने अपनी इस नीति के तहत यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया है कि प्रदेश की महिलाओं और एससी-एसटी समुदाय से आने वाले लोगों को कैसे आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि यह कहना गलत नहीं होगा कि इस तरह के आयोजन से हमारे प्रदेश के उद्योगपतियों को मदद मिलेगी। इसके अलावा, हमारे प्रदेश में उद्योग का दायरा भी बढ़ेगा, जिससे हमारे यहां विकास की गति तेज होगी। वहीं, उपराष्ट्रपति चुनाव में भाजपा पर वोट खरीदने का आरोपों को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी ऐसा बिल्कुल भी नहीं करेगी। हमारी पार्टी सिद्धांतों पर चलने वाली पार्टी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि आप लोगों को याद होगा कि अटल बिहारी वाजपेयी ने सिर्फ एक वोट के लिए अपनी सरकार को गिरा दिया था। ऐसी स्थिति में अगर कोई यह आरोप लगाता है कि भाजपा ने वोट खरीदा तो इसमें सत्यता बिल्कुल भी नहीं है। इस तरह के तर्कों को किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। बस्तर आज विकास की स्वर्णिम सुबह का प्रतीक बनकर उभर रहा है। जो क्षेत्र कभी उपेक्षा और अभाव की पहचान से जूझता था, वह अब निवेश, अवसर और रोजगार का नया केंद्र बन रहा है। यहाँ हर क्षेत्र,उद्योग, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और पर्यटन में समावेशी विकास की गूंज सुनाई दे रही है। यह बदलाव न केवल बस्तर की तस्वीर बदल रहा है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की गाथा लिख रहा है। बस्तर के विकास को गति देने के लिए सरकार न 5,200 करोड़ की रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इनमें रावघाट-जगदलपुर नई रेल लाइन (3,513.11 करोड़) और केके रेल लाइन (कोत्तवलसा-किरंदुल) के दोहरीकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। ये परियोजनाएँ न केवल बस्तर में यात्रा, पर्यटन और व्यापार को नई दिशा देंगी, बल्कि युवाओं के लिए बड़े पैमाने पर रोजग़ार और औद्योगिक अवसर भी सृजित करेंगी। बेहतर रेल कनेक्टिविटी से नक्सलवाद उन्मूलन के प्रयास और मजबूत होंगे तथा बस्तर विश्वसनीय निवेश और समावेशी विकास का केंद्र बनकर उभरेगा।

भारत और मॉरीशस दो ...

स्तंभ है। हमेशा मॉरीशस की संप्रभुता की पूर्ण मान्यता का समर्थन किया है। इसमें भारत, मॉरीशस के साथ दृढ़ता से साथ खड़ा रहा है। उन्होंने कहा कि मॉरीशस के विकास में एक विश्वसनीय और प्राथमिक साझेदार होना भारत के लिए गर्व की बात है। चागोस समझौता संपन्न होने पर पीएम रामगुलाम और मॉरीशस के लोगों को बधाई देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ये मॉरीशस की संप्रभुता की एक ऐतिहासिक जीत है। उन्होंने यह भी कहा कि हमने मॉरीशस की जरूरतों और प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए एक विशेष आर्थिक पैकेज पर फैसला लिया है। यह इंफ्रास्ट्रक्चर मजबूत करेगा, रोजगार के नए अवसर पैदा करेगा और स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करेगा। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा, ÷पिछले साल मॉरीशस में यूपीआई और रूपे कार्ड की शुरुआत हुई। अब हम लोकल करेंसी में व्यापार को सक्षम करने की दिशा में काम करेंगे।

पीएम आज ज्ञान भारतम' ...

और सार्वजनिक पहुंच को बढ़ावा देने के लिए एक समर्पित डिजिटल प्लेटफॉर्म होगा। सम्मेलन का आयोजन 11 सितंबर से शुरू हुआ है, जो 13 सितंबर तक चलेगा और इसका मुख्य विषय है पांडुलिपि धरोहर के माध्यम से भारत के ज्ञान धरोहर को पुनः प्राप्त करना। इस सम्मेलन में देश-विदेश के प्रमुख विद्वान, संरक्षणकर्मी, प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ और नीति विशेषज्ञ एकत्र होंगे। वे भारत की बेजोड़ पांडुलिपि धरोहर को पुनर्जीवित करने के रास्तों पर चर्चा करेंगे और उसे वैश्विक ज्ञान चर्चा में एक महत्वपूर्ण स्थान दिलाने के लिए विचार-विमर्श करेंगे। सम्मेलन के दौरान एक विशेष प्रदर्शनी भी आयोजित की जाएगी, जिसमें दुर्लभ पांडुलिपियों को प्रदर्शित किया जाएगा। इसके अलावा, पांडुलिपि संरक्षण, डिजिटलीकरण प्रौद्योगिकियां, मेटाडेटा मानक, कानूनी ढांचे, सांस्कृतिक कूटनीति, और प्राचीन लिपियों का लेखन विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्वानों द्वारा प्रस्तुतियां भी दी जाएंगी।

वोटर लिस्ट में नाम से ...

नागरिकता प्राप्त की थी, जबकि उनका नाम 1980 की दिल्ली की वोटर लिस्ट में शामिल था। याचिका में यह सवाल उठाया गया था कि 1980 में सोनिया गांधी का नाम वोटर लिस्ट में कैसे आया, जबकि उन्होंने नागरिकता 1983 में हासिल की थी। याचिका में यह भी आरोप लगाया गया था कि 1982 में उनका नाम वोटर लिस्ट से हटा दिया गया था। याचिकाकर्ता ने सवाल उठाया कि 1982 में उनका नाम वोटर लिस्ट से क्यों हटाया गया और इसके पीछे क्या वजह थी। इस याचिका में एक और गंभीर सवाल उठाया गया था कि 1983 में भारतीय नागरिकता हासिल करने के बाद 1980 की वोटर लिस्ट में सोनिया गांधी का नाम किस आधार पर शामिल किया गया? क्या इसके लिए किसी फर्जी दस्तावेज का सहारा लिया गया था? याचिकाकर्ता ने यह भी मांग की थी कि दिल्ली पुलिस को निर्देश दिया जाए कि वह इस मामले में मुकदमा दर्ज करे और जांच कर स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करे।

राहुल गांधी 'जनता दरबार' के...

इलेक्शन कमीशन जैसी देश की गरिमामयी संस्थाओं पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं, जबकि जिस एजेंसी से राहुल गांधी ने वोटरों का सर्वे करवाया था, उस एजेंसी ने ही सार्वजनिक रूप से माफी मांगी है। उन्होंने पूछा कि राहुल गांधी ने कौन-कौन से विकास कार्य किए हैं। इसका ब्योरा सार्वजनिक किया जाना चाहिए। उन्होंने दो टूक कहा कि पीएम का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इससे पहले बुधवार को इसी मुद्दे को लेकर योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने भी राहुल गांधी का काफिला रोकने का प्रयास किया था।

न्यूज गैलरी

संगीत विवि की कुलपति ने पंडवानी गुरु तीजन बाई से मुलाकात की

भिलाई। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति डॉ लवली शर्मा ने पद्मविभूषण डॉ तीजन बाई के गृह ग्राम गनियारी भिलाई-3 पहुंच कर उनका हाल-चाल जाना। डॉ. शर्मा ने शॉल-श्रीफल और गुलदस्ता भेंट कर पंडवानी गुरु को सम्मानित किया। उनके स्वास्थ्य की चर्चा के साथ ही लोक कला-संस्कृति पर चर्चा की। इस दौरान पंथी नृत्य में पद्मश्री सम्मान प्राप्त डॉ. राधेश्याम बारले ने तीजन बाई को डॉ. शर्मा का परिचय दिया। मुलाकात के दौरान ख्याति प्राप्त लोकगायक तुषान्त बारले और इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के पीआरओ प्रमोद वर्मा भी उपस्थित थे। सभी ने तीजन बाई से उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना की।

मेयर ने किया साइकिल वितरण

दुर्ग। वार्ड 21 तितुरडीह में स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट स्कूल में महापौर अलका बाघमार ने सरस्वती योजना के अंतर्गत 87 छात्राओं को साइकिल का वितरण किया। इस दौरान एमआईसी सदस्य देवनारायण चंद्राकर, पार्षद विद्यावती सिंह सहित स्कूल स्टाफ मौजूद रहे। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि सभी बच्चे बेहतर ढंग से पढ़ाई करें और अपने विद्यालय का नाम रोशन करें। महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर राज्य सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल व सभी क्षेत्रों में प्रदेश का समग्र विकास करने की दिशा में लगातार काम किया है।

जश्ने ईद मिलादुन्नबी सम्मान समारोह

भिलाई। मुस्लिम महिलाओं के संगठन हजरत बीबी फातिमा जोहरा कमेटी ने जश्ने ईद मिलादुन्नबी के मौके पर सम्मान समारोह व तकरीर का आयोजन जामा मस्जिद सेक्टर-6 के सामुदायिक भवन में किया। इस दौरान दुरूद ख्वानी व फातिहा ख्वानी हुई। आलिमा गुलनिशां ने पैगम्बर हजरत मोहम्मद की तालीम से जुड़ी बातें बताई। इस दौरान प्राइमरी से हायर सेकंडरी तक की कक्षाओं में 90 फीसदी और उससे ज्यादा अंक पाने वाले और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों बच्चों को स्मृति चिह्न और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इन बच्चों में मनहा फातिमा रूआबांधा, मोहम्मद फजल रजा सेक्टर-2, सारा खान, मनाहिल, समीर, मोहम्मद रेयान समीर, अरहाम, नोमान, मोहम्मद रेहान, अरशद अली, उम्मू सदफ, शमीम सदफ आयशा बानो, रिदा फिरदौस, अरहाम और मोहम्मद अनस शामिल हैं। आखिर में लंगर तकसीम किया गया।

अवैध कब्जाधारियों पर रेलवे प्रशासन ने लिया एक्शन, 31 मकानों और दुकानों पर चला बुलडोजर

50 साल से रेलवे की जमीन पर काबिज लोगों को हटाया गया

कुम्हारी/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे से रेलवे स्टेशन कुम्हारी जाने वाले मार्ग पर लगभग 50 वर्षों से अवैध कब्जा कर सड़क के दोनों ओर बसे कब्जाधारियों पर आज रेलवे प्रशासन ने बुलडोजर चला दिया। करीब 31 लोगों के मकानों और दुकानों को ढहा दिया गया। कार्रवाई के दौरान रेलवे प्रशासन के उच्च अधिकारियों सहित भिलाई तीन के तहसीलदार, नगर पालिका कुम्हारी के राजस्व निरीक्षक व बड़ी संख्या में आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस के जवान मौजूद रहे।

स्टेशन रोड के चौड़ीकरण और सौंदर्यीकरण के लिये कई साल से अवैध कब्जाधारियों को रेलवे प्रशासन द्वारा नोटिस दी गई। इसके बावजूद कब्जाधारियों द्वारा जमीन खाली नहीं किया गया। स्थानीय कुम्हारी नगर विकास मंच के पदाधिकारियों ने डीआरएम से मुलाकात कर कार्यवाही हेतु पत्र दिया था। इसके बाद रेलवे द्वारा पुनः कब्जाधारियों को नोटिस जारी किया गया। गुरुवार को 31 कब्जाधारियों को चिन्हाकित कर उनके द्वारा बनाए गए मकानों और दुकानों को तोड़ दिया गया।

कार्रवाई का किसी भी व्यापारी ने विरोध नहीं किया। व्यापारियों ने स्वस्फूर्त होकर अपनी दुकानों से सामान हटा लिया। इसके बाद अवैध निर्माण को तोड़ा गया। सुबह 10 बजे से शुरू की गई कार्यवाही देर शाम तक चली। कार्रवाई में मकान, दुकान और चबूतरा व लोहे और टीन के शेड तोड़ दिये गए।

कार्रवाई के दौरान रेलवे से असिस्टेंट डिवीजन इंजीनियर एडीईएन असाठी, एसएसई नायक तहसीलदार भिलाई तीन रवि विश्वकर्मा, नगर पालिका राजस्व निरीक्षक नितिन श्रीवास सहित बड़ी संख्या में आरपीएफ जीआरपी और स्थानीय पुलिस बल के जवान मौजूद रहे।

यह क्षेत्र कुम्हारी रेलवे स्टेशन आने-जाने का मुख्य मार्ग है। काफी समय से यहां रेलवे की जमीन पर लोगों ने कब्जा किया था। इन कब्जेधारियों को हटाने की शिकायत भी की गई थी। रेलवे द्वारा कई बार कब्जा हटाने की नोटिस दी गई लेकिन संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। कब्जा खाली न करने पर रेलवे के आदेश के बाद आज कब्जा खाली करने की कार्रवाई की गई।

ए डी ई एन असाटी
असिस्टेंट डिवीजन इंजीनियर भिलाई

प्रीमियम जमा करने की नोटिस से हटरी बाजार और न्यू मार्केट के व्यापारी परेशान

डिमांड नोटिस भेजने का कोई औचित्य नहीं: पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम ने शहर के न्यू हटरी बाजार और न्यू मार्केट के कारोबारियों को वर्तमान कलेक्टर गाइडलाइन के अनुसार प्रीमियम राशि जमा करने का नोटिस जारी किया है। यहां पिछले 100 साल से व्यापार कर रहे कारोबारी निगम प्रशासन की नोटिस के खिलाफ लामबंद हो गए हैं। यहां के व्यापारियों ने महापौर अलका बाघमार को ज्ञापन सौंपकर दुकान आबंटन के नियम-शर्तों से अवगत कराया है। व्यापारियों का कहना है कि दुकान आबंटन के समय प्रीमियम राशि जमा करने के साथ सारे नियम शर्तें पूरे किये गए। दोबारा प्रीमियम राशि भुगतान का सवाल ही नहीं उठता है।

पूर्व महापौर शंकरलाल ताम्रकार ने व्यापारियों की मौजूदगी में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि 31 अक्टूबर 1996 को निगम द्वारा प्रस्ताव पारित कर न्यू हटरी बाजार और न्यू मार्केट के 209 दुकानदारों को प्रीमियम राशि जमा करने लगातार नोटिस भेजा जा रहा है। इसके कारण व्यापारी पिछले 30 साल से परेशान हैं। व्यापारियों को प्रीमियम राशि के रूप में लाखों रुपए जमा करना होगा। व्यापारियों ने बताया कि पूर्ववर्ती भूपेश बघेल सरकार ने 6 जुलाई 2022 को फ्री होल्ड स्कीम लागू की थी। इस स्कीम का क्षेत्र के केवल 10-12 व्यापारियों को ही लाभ मिला, लेकिन शेष व्यापारी आवेदन देने के बाद भी फ्री होल्ड स्कीम के लाभ से वंचित रह गए। शासन द्वारा फ्री होल्ड स्कीम लागू किये जाने से पुराना प्रस्ताव स्वमेव समाप्त हो जाता है। इस लिहाज से न्यू हटरी बाजार और न्यू मार्केट के व्यापारियों को प्रीमियम भुगतान के लिए नोटिस भेजने का कोई औचित्य नहीं है।

व्यापारियों ने महापौर अलका बाघमार से आग्रह करते हुए कहा कि दुकान आबंटन के संबंध में निगम द्वारा शासन को सही जानकारी देकर प्रीमियम भुगतान संबंधी नोटिस को रद्द कराने की पहल करें। ताम्रकार ने बताया कि इस मुद्दे के समाधान के लिए शासन और प्रशासन स्तर पर पहल की गई है। व्यापारियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाया है। अंतिम विकल्प कोर्ट है। यदि व्यापारियों की मांग जल्द पूरी नहीं हुई तो व्यापारी कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। व्यापारियों की मांगो को छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एवं कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) का भी समर्थन मिल रहा है। प्रेस कांफ्रेंस में हटरी बाजार व्यापारी संघ के अध्यक्ष और कैट चेयरपर्सन पवन बडज़ात्या, छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी, व्यापारी संगठन के शिवराज राऊत, जवाहर जैन, मोहम्मद अली हिरानी, कुलदीप सिंह भाटिया, अधिवक्ता सौरभ ताम्रकार मौजूद रहे।

छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश उपाध्यक्ष अशोक राठी ने कहा कि न्यू हटरी बाजार और न्यू मार्केट के व्यापारियों द्वारा दुकान आबंटन के लिए शासन व निगम की सारी प्रक्रिया पूर्ण की गई है।

राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप शुरू, खिलाड़ियों ने दिखाया योग कौशल

भिलाई/नवप्रदेश। अग्रसेन भवन सेक्टर 06 भिलाई में गुरुवार से राष्ट्रीय योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2025 शुरू हो गई। देश भर से आए योग खिलाड़ियों की मौजूदगी में सुबह से मुकाबले शुरू हुए। पहले दिन पुरुष व महिला सीनियर वर्ग में बैक बैंड सेमीफाइनल व आर्टिस्टिक सिंगल सेमीफाइनल के मुकाबले हुए। देश भर से आए 80 निर्णायकों की टीम ने अत्याधुनिक सॉफ्टवेयर पर आधारित तकनीक से खिलाड़ियों के कौशल की परख की। 14 सितंबर तक चलने वाले आयोजन में खिलाड़ी, जज, टीम मैनेजर, प्रशिक्षक व छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के सदस्यों सहित लगभग 1500 लोग शामिल हुए हैं। चैंपियनशिप में सीनियर व सीनियर 'अ' देश भर के 32 राज्यों के प्रतिभागी अपने योग कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोस्वामी जयंत विष्णु भारती ने बताया कि विश्व में योग का प्रचार प्रसार करने भारत सरकार निरंतर प्रयासरत है। योगासन भारत के निर्देशन में छठवीं राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में अनूप बंसल सह-राज्य प्रभारी भारत स्वाभिमान न्यास, छत्तीसगढ़ योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन सचिव डॉ.मेजर सिंह व कोषाध्यक्ष भोजेंद्र साहू, डी.के.देवांगन, खिलेंद्र साहू ,धीरेन्द्र वर्मा, संदीप गुप्ता, तिजऊ साहू, उद्धव साहू, मधुस्मिता पंडा, सुमन भारती, दीक्षा साहू, शंभू कुशवाहा, मोनिका साहू, अनेश देशमुख, मनोरमा पांडे सहित अन्य मौजूद थे।

महापौर ने डेयरी संचालकों को दी सख्त चेतावनी नालियों में गोबर बहाने पर लगेगा भारी जुर्माना

- **घर का नल कनेक्शन भी काटेगा निगम, निरीक्षण में लापरवाही मिलने पर सुपरवाइजरों पर कार्रवाई होगी**
- **डेयरी संचालकों को अंतिम मौका, 1 अक्टूबर से शुरू होगी सख्ती**

दुर्ग/नवप्रदेश। महापौर अलका बाघमार ने डेयरी संचालकों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने और नालियों में गोबर डालने पर रोक लगाने की सख्त हिदायत दी है। उन्होंने साफ कहा कि नगर निगम की अपील को अनदेखा करने वालों पर अब सीधी कार्रवाई की जाएगी।

महापौर ने शहर के डेयरी संचालकों की बैठक लेकर चेतावनी देते हुए कहा कि डेयरी संचालकों को अंतिम बार 10 दिनों का समय दिया जा रहा है। इस समय अवधि में अपनी व्यवस्थाओं को सुधारते हुए निगम के निर्देशों का पालन करने की व्यवस्था करें। 1 अक्टूबर से किसी को समझाइश नहीं दी जाएगी। सीधे जुर्माना लगाने की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में स्वास्थ्य प्रभारी नीलेश अग्रवाल व स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा, कर्मशाला अधिकारी शोएब अहमद सहित सफाई दरोगा, सुपरवाइजर और शहर के डेयरी संचालक मौजूद रहे। महापौर ने कहा कि डेयरियों से निकलने वाला गोबर सीधे नालियों और सड़कों पर फेंकने की लगातार शिकायतें मिल रही है। इससे नालियां जाम हो रही हैं। मोहल्ले में दुर्गंध फैल रही है। नागरिक इस अव्यवस्था को झेलने को मजबूर हैं।

उन्होंने कहा कि यह लापरवाही जनता के स्वास्थ्य और शहर की स्वच्छता दोनों के लिए गंभीर खतरा है। महापौर अलका बाघमार ने बताया कि हाल ही में विभिन्न वार्डो का निरीक्षण करते हुए कई जगहों पर नालियों में गोबर बहते हुए पाया गया।सड़कों व गलियों में गंदगी का अंबार दिखा। सिर्फ डेयरी संचालक ही नहीं बल्कि क्षेत्र के सुपरवाइजर भी इस अव्यवस्था के लिये जिम्मेदार माने जाएंगे। निरीक्षण के दौरान लापरवाही मिलने पर सुपरवाइजरों पर भी कार्रवाई होगी।

महापौर ने डेयरी संचालकों से साफ शब्दों में कहा कि यह आखिरी अपील है। अब बार-बार निवेदन नहीं किया जाएगा। गोबर को नाली में न बहाएं बल्कि गोबर से कंडा तैयार करें और उसका उपयोग करें।

गोबर से बायोगैस बनाया जा सकता है। डेयरी क्षेत्र में नियमित सफाई सुनिश्चित करें। डेयरी संचालक समझाइश को नहीं मानते हैं तो उनके खिलाफ सीधे कार्रवाई की जाएगी। डेयरी संचालक के घर का नल कनेक्शन भी काटा जाएगा।

डेंटिस्ट ने बच्चों को दी सलाह

भिलाई। शासकीय प्राथमिक शाला शांति नगर के बच्चों को दांतों की सफाई को लेकर लीनेस क्लब के सदस्यों ने जागरूक किया। दंत चिकित्सक डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने नन्हें बच्चों को दांतों की देखभाल से जुड़ी कई जरूरी बातें बताईं। उन्होंने बच्चों से रोजाना सुबह उठते ही दांत साफ करने की हिदायत दी, ताकि दांत में दर्द न रहे और सडऩ न हो पाए। बच्चों को टूथ पेस्ट भी दिये गये। बच्चों ने वादा किया कि नियमित दांतों की सफाई करेंगे और दूसरे बच्चों को भी इसके बारे में बताएंगे। लीनेस क्लब की ओर से इस अवसर पर डॉ राजेंद्र प्रसाद को उपहार देकर सम्मानित किया गया। आयोजन में मनीषा शक्ति धरनी, एरिया ऑफिसर नीता गुप्ता, डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी सुषमा उपाध्याय, लता गायकवाड मौजूद थी।

पार्षद निधि की राशि जारी करने महापौर शशि ने डिप्टी सीएम साव से किया आग्रह

- **महापौर परिषद के सदस्यों ने सौंपा मांग पत्र**

रिसाली। महापौर शशि सिन्हा ने उप मुख्यमंत्री व नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव से मुलाकात कर पार्षद निधि की राशि के साथ ही विकास कार्यों के लिए राशि की मांग की है। महापौर के साथ एमआईसी सदस्य भी डिप्टी सीएम के आवास पहुंचे थे। उन्होंने नवगठित रिसाली नगर निगम के विकास के लिए मांग पत्र सौंपा।

महापौर शशि ने निकाय क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के निराकरण के संबंध में चर्चा करते हुए राशि मंजूर करने का अनुरोध किया। महापौर ने वित्तीय वर्ष 24-25 की महापौर निधि की शतप्रतिशत राशि और सभी पार्षदों के पार्षद निधि की 50 प्रतिशत राशि प्रदान करने का अनुरोध भी किया। महापौर ने कहा कि राशि से जनहित के अत्यावश्यक विकास कार्य करए जा सकेंगे।

उन्होंने रिसाली निगम के लिए 2 नग शव वाहन, 2 नग चलित शौचालय क्रय कर प्रदान करने का अनुरोध उप मुख्यमंत्री से किया। इस दौरान एमआईसी मेंबर अनिल देशमुख, जहीर अब्बास, संजू नेताम, रोहित धनकर, जमुना ठाकुर, ममता यादव, पार्षद विनय नेताम उपस्थित रहे।

आयुक्त ने अटल आवासों का किया निरीक्षण

भिलाईनगर/नवप्रदेश। निगम भिलाई जोन क्रमांक-4 शिवाजी नगर खुर्सीपार में शासकीय स्कूल, सुलभ शौचालय, आईटीआई कथा स्थल और अटल आवास का आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने निरीक्षण किया। आयुक्त ने वार्ड 51 शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल का निरीक्षण कर जर्जर भवन को तोड़कर समतलीकरण करने के निर्देश दिये। स्कूल में बच्चो के खेलने के लिए मैदान बनाने और स्कूल के शौचालय के चेम्बर का संधारण कराने कहा। आयुक्त ने बच्चों की क्लास रूम में जाकर उनसे पढ़ाई से संबंधित सवाल भी किए। खुर्सीपार आईटीआई परिसर में भागवत कथा स्थल पर नागरिकों के बैठने, पानी, स्वच्छता और चलित शौचालय की व्यवस्था का निरीक्षण भी किया गया। कथा स्थल के लिये आईटीआई ग्राउंड मैदान, कैनाल रोड के किनारे मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है। आयुक्त ने बापू नगर उद्यान के पास कई वर्षो पहले बने अटल आवास का अवलोकन भी किया। आवास को निवास के लिये किसी भी परिवार को नहीं दिया गया है। देखरेख के अभाव में आवास जर्जर हो चुका है। जर्जर आवास को गिराकर अन्य कार्य के निर्देश दिये गए।

निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा, सहायक अभियंता प्रिया करसे, उप अभियंता चंद्रकांत साहू, सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, बिजेंद्र परिहार, जोन स्वास्थ्य अधिकारी हेमंत मांझी, स्वच्छता निरीक्षक अतुल यादव, वेंकट राव उपस्थित रहे।

आत्म ध्यान साधना शिविर

दुर्ग। श्रमण संघ के आचार्य ध्यान योगी डा शिव मुनि महाराज के 84 वें जन्म महोत्सव और साध्वी प्रिय दर्शना के 46 वें दीक्षा जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में जय आनंद मधुकर रतन भवन बांधा तालाब में तीन दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। आत्म ध्यान साधना शिविर सुबह 5:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक आयोजित किया जाएगा। साधना शिविर में उड़ीसा की साधिका शीतल लोढ़ा शिविर का संयोजन करेंगी। साधक सुबह से शिविर में भाग नहीं ले सकते। वे सुबह 10:30 से 4:30 बजे तक शिविर में भाग ले सकते हैं।

साइंस कालेज में छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना की रजत जयंती समारोह के अवसर पर पुस्तक मेला व परिचर्चा

छत्तीसगढ़ को पूर्ण विकसित राज्य बनाने सभी वर्ग दें हरसंभव योगदान: सरस्वती

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष की स्वर्णिम यात्रा हम सभी के लिये प्रेरणादायी है। अब सभी वर्ग के लोगों को छत्तीसगढ़ को पूर्ण विकसित राज्य बनाने के लिये हरसंभव योगदान करना चाहिये। शासकीय विश्वनाथ तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग में छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के रजत जयंती समारोह की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे ने ये बातें कही।

कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक डॉ. ए.के. खान, डॉ. अभिनेष सुराना और सह-संयोजक डॉ. अम्बरीष त्रिपाठी ने संयुक्त रूप से बताया कि आज महाविद्यालय के राधाकृष्णन सभागार में आयोजित छत्तीसगढ़ 2050 और छत्तीसगढ़ 2047 विषय पर दो सारगर्भित व्याख्यान आयोजित हुए। छत्तीसगढ़/2050 पर पावर प्वाइंट प्रेंजेटेंशन के माध्यम से प्रोफेसर डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी 25 वर्षों में हमारा प्रदेश विकसित प्रदेशों की श्रेणी में आ जाएगा। इसके लिये अधोसंरचना में वृध्दि ,सामाजिक समानता और शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय उन्नति की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़/2047 के व्याख्यान में सहायक प्राध्यापक डॉ. कुसुमांजलि देषमुख ने 1947 में भारत की स्वतंत्रता के समय से 2047 तक की संभावित यात्रा का प्रस्तुतिकरण किया।

इस अवसर पर उपस्थित जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेन्द्र कौशिक ने छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना का श्रेय पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी बाजपेयी को देते हुए कहा कि अब छत्तीसगढ़ को 2050 तक विकसित प्रदेश बनाने की जिम्मेदारी हम सभी की है। समारोह के विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष शिवेन्द्र सिंह परिहार ने महाविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सदैव चिंतनशील रहना चाहिये। समाज के हित में विभिन्न मुद्दों पर सोचना चाहिये। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश ने पिछले 25 वर्षों में अनेक उतार चढ़ाव देखें हैं। हमारे प्रदेश ने हर क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के ग्रंथालय में दो दिवसीय पुस्तक मेला भी आयोजित किया गया। पुस्तक मेले में समूचे देश के लगभग 10 से अधिक प्रकाशक हिस्सा ले रहे है। आज पुस्तक मेले के दौरान विद्यार्थियों और प्राध्यापकों ने पुस्तकों का क्रय किया। जानकारी दी गई कि 12 सितम्बर को जॉब फेयर के साथ-साथ महाविद्यालय में भूतपूर्व विद्यार्थियों का सम्मेलन और परिचर्चा राधाकृष्णन हॉल में दोपहर 12 बजे से आयोजित की जाएगी।

पहली बार निगम के 44 कर्मचारियों को मिली एकमुश्त उपादान राशि

- **दुर्ग निगम का ऐतिहासिक निर्णय, खाते में जमा किये गए 1.10 करोड़**

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम दुर्ग ने कर्मचारियों के हित में ऐतिहासिक कदम उठाया है। पहली बार निगम प्रशासन ने उपादान (रिटायरमेंट बेनिफिट) की एकमुश्त राशि कर्मचारियों के खाते में सीधे जमा की है। इस निर्णय से 44 पात्र कर्मचारियों को उनके जीवनभर की पूंजी का लाभ मिला। निगम द्वारा 1 करोड़ 10 लाख 41 हजार 705 रुपए की कुल राशि कर्मचारियों के खाते में ट्रांसफर की गई। यह उपलब्धि कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा के मार्गदर्शन और आयुक्त सुमित अग्रवाल के निर्देश का नतीजा है। वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने लगातार तीन माह तक विभागीय बैठकों का संचालन कर इस कार्य को मूर्त रूप दिया। उनकी निरंतरता और प्रयासों से कर्मचारियों को उनकी मेहनत की पूंजी मिल सकी। पहली बार एकमुश्त राशि प्राप्त होने पर कर्मचारियों ने महापौर अलका बाघमार और निगम प्रशासन का आभार व्यक्त किया। महापौर अलका बाघमार और वित्त विभाग प्रभारी नरेंद्र बंजारे ने कहा कि सभी पात्र कर्मचारियों को समय पर उपादान राशि उपलब्ध कराई जाएगी। शेष बचे हुए कर्मचारियों को भी आगामी 10 से 15 दिनों के भीतर उपादान राशि बैंक खातों में जमा कर दी जाएगी। महापौर अलका बाघमार ने कहा कि कर्मचारी निगम व्यवस्था की रीढ़ हैं। उनके हितों की रक्षा करना और उनका अधिकार दिलाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। आने वाले समय में भी कर्मचारी-हितैषी निर्णय लिए जाते रहेंगे।

न्यूज गैलरी

सांसद के प्रयास से सड़क सुदृढ़ीकरण के लिए मिली प्रशासकीय स्वीकृति

महासमुंद। सांसद व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्षा रूपकुमारी चौधरी ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत सड़क सुदृढ़ीकरण की वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उल्लेखनीय है कि भाजपा सांसद चौधरी के प्रयासों से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत टी-07, बागबाहरा से बकमाडीह के मध्य 13.95 किलोमीटर सड़क के सुदृढ़ीकरण (सतह मजबूतीकरण) के कार्य को प्रदेश सरकार के वित्त विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। सांसद ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ग्राम विकास के लिए संवेदनशीलता के साथ काम करके जनता को समस्याओं से निजात दिलाने में जुटी है। उक्त सड़क के सुदृढ़ीकरण से बकमाडीह का ब्लॉक और तहसील मुख्यालय बागबाहरा से संपर्क आसान हो जाएगा।

नहर से मिली अज्ञात व्यक्ति की लाश

महासमुंद/ नवप्रदेश। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बेमचा-परसवानी नहर में पुलिया के पास आज सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब ग्रामीणों ने तैरती एक नग्न लाश देखी।जानकारी के अनुसार आज सुबह कुछ ग्रामीण बेमचा-परसवानी नहर के पुलिया से गुजर रहे थे तो उन्होंने पानी में एक युवक की नग्न लाश देखी। इसकी सूचना तत्काल डायल-112 और पुलिस को दी। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 35-40 वर्ष बताई जा रही है। मृतक के चेहरे पर चोट, गले पर कटे का निशान, मुंह में कपड़ा ठूंसा हुआ व गुप्तांग कटा हुआ है। शव दो दिन पुराना मालूम होता है। प्रथम दृष्टया हत्या की आशंका है। लेकिन पीएम के बाद ही मौत का सही कारण पता चल पाएगा। फिलहाल शव को पीएम के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेज दिया गया है। शव का चेहरा बुरी तरह क्षतिग्रस्त है जिससे उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

अज्ञात वाहन की ठोकर से एक मृत एक घायल

महासमुंद/ नवप्रदेश।महानदी पुल पर एक अज्ञात वाहन आज सुबह बाइक को ठोकर मारकर फरार हो गया। दुर्घटना में एक व्यक्ति मौत हो गई वहीं एक अन्य घायल हो गया। घायल का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। जानकारी के अनुसार राजेन्द्रपुर जिला झारबंद बरगढ़ ओडिशा निवासी शिवाजगत (35) और डोंगरीपाली पिथौरा निवासी दिनेश (40) दोनों बाइक क्रमांक सीजी 04 एम आर 2901 से आरंग की ओर से नदी मोड़ की ओर आ रहे थे। सुबह अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को महानदी पुल पर ठोकर मार दी। दुर्घटना में शिवाजगत की मौके पर ही मौत हो गई वहीं दिनेश घायल हो गया। राहगीरों व स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी।

भाजपा जिला कार्यालय में सेवा पखवाड़ा कार्यशाला

महासमुंद/नवप्रदेश। जिला भाजपा कार्यालय में मंगलवार को सेवा पखवाड़ा के लिए जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला की प्रस्तावना भाजपा जिलाध्यक्ष ऐतराम साहू ने रखी। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा महज एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि यह भाजपा की कार्य संस्कृति और मूल विचारधारा का जीवंत उदाहरण है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 75वां जन्मदिन सेवा के माध्यम से मनाने का यह अवसर कार्यकर्ताओं को समाज के प्रति अपने दायित्वों का स्मरण कराता है।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने सेवा

पखवाड़ा के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का मूलमंत्र ही सेवा है। और इसी भावना के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता केवल पार्टी के लिए नहीं बल्कि समाज के लिए काम करते हैं, और यह अवसर सेवा के माध्यम से समाज में अपनी पहचान मजबूत करने का है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि भाजपा की ताकत केवल चुनावी राजनीति नहीं, बल्कि सेवा और संगठन में निहित है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा जैसे अभियान कार्यकर्ताओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का अवसर देते हैं।

कार्यशाला में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व राज्यमंत्री पूनम चंद्राकर, महिला आयोग सदस्य सरला कोसरिया, पूर्व प्रदेश मंत्री शंकर अग्रवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह गोल्डी, पूर्व विधायक सरायपाली रामलाल चौहान एवं त्रिलोचन पटेल, पूर्व विधायक प्रीतम दीवान (खल्लारी), एवं पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि सेवा पखवाड़ा भाजपा की विचारधारा का जीवंत उदाहरण है और हर कार्यकर्ता को इसे जन-जन तक पहुंचाना चाहिए।

सेवा पखवाड़ा के संयोजक होंगे राहुल

सेवा पखवाड़ा के लिए जिले के संयोजक के रूप में राहुल चंद्राकर सदस्य के रूप में कृष्ण कुमार साहू, प्रदीप साहू, पालेश्वर पटेल, डी. साहू को बनाया गया है। कार्यशाला का संचालन जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर ने किया। उन्होंने उपस्थित कार्यकर्ताओं को आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा से अवगत कराया और संदेश दिया। आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष मोनिका साहू ने किया।

इस कार्यशाला में प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, जिला एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं सदस्य, नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षद, मोर्चा जिलाध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री, विधानसभा संयोजक-सहसंयोजक, विभिन्न प्रकोष्ठों के जिला संयोजक तथा सेवा पखवाड़ा की जिला एवं मंडल टीम के सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ स्वास्थ्य अमले की कार्यवाही पर सवाल

देवभोग/नवप्रदेश। ब्लॉक मुख्यालय से लेकर गांव गांव के कदम कदम पर 50 से अधिक झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम अपनी दुकान संचालित कर रहे हैं।

खासकर दर्लीपारा नागेलदेही शीतलिजोर और डोंगरीगुंडा में और उनमें से सिर्फएक के खिलाफकार्यवाही कर स्थानीय टीम जिला प्रशासन के समक्ष पीठ थप थपाने में लगा हुआ है। यहां बताना लाजमी होगा कि नवप्रदेश की लगातार प्रकाशित समाचार और जिला प्रशासन की डांट फटकार के बाद स्थानीय स्वास्थ्य अमला ने झोलाछाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्यवाही शुरू किया। लेकिन सिर्फ एक झोलाछाप डॉक्टर के क्लीनिक पर छापेमार कार्यवाही से क्षेत्र में

चर्चा का विषय बना हुआ है। जानकारी अनुसार बीएमओ प्रकाश साहू के नेतृत्व में पुलिस जवान सहित पूरा दल मुख्यालय के डॉक्टर पी के पंडा के क्लीनिक पर जांच पड़ताल कर सील बंद की कार्रवाई को अंजाम दिया।

जांच के दौरान क्लीनिक में माइनर समान, बीकॉम फ्लेक्स इलेक्शन, बीपी मशीन, निडील थ्रेट, सर्जिकल ट्रे, प्राप्त किया गया लेकिन कार्यवाही के दौरान कोई पुख्ता दस्तावेज नहीं दिखाने के चलते क्लीनिक को सीलबंद कर दिया जिसके बाद से स्वास्थ्य अमला पर सवालों की बौछार लगातार हो रही है। क्योंकि जिस मार्ग से होकर जिम्मेदारों ने क्लीनिक में कार्यवाही किया उसी के आजू बाजू और भी किलिनिक संचालित है लेकिन शटर बंद होने का हवाला देकर जांच टीम निकल लिए जबकि सरदारपुर, सीतलीजोर, कदलीमुंडा, धीगियामूड़ा दर्लीपारा डोंगरी गुंडा गांव पर आसानी से झोलाछाप डॉक्टरों को इलाज करते रंगे हाथ पकड़ा जा सकता था।

लेकिन स्वास्थ्य अमला सीधा लेकिन स्वास्थ विभाग की सिर्फएक जगह कार्यवाही को अंजाम देना समझ से परे हैं शायद यही वजह है कि स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों को लेकर सवाल खड़ा किया जा रहा है हालांकि स्वास्थ्य विभाग जिला प्रमुख लगातार कार्यवाही जारी होने की खोखली बात कहकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं जबकि पखवाड़ भर पहले देवभोग में कार्यवाही के बाद अब तक कहीं भी झोलाछाप डॉक्टरों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं हो पाया है।

ऐसे में स्थानीय स्वास्थ्य अमला को फटकारने वाले अधिकारी के समक्ष वाह वाही लूटने के लिए सिर्फ खानापूर्ति कार्यवाही को अंजाम देकर मामला को रफा-दफा के फिराक में नजर आ रहे हैं। यही प्रमुख कारण माना जाता है डॉक्टरों की संख्या में वृद्धि कर मरीजों की स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने का जबकि झोलाछाप डॉक्टरों के ईलाज की हानिकारक से विभागीय डॉक्टर भली-भति अवगत है।

भाजपा का हर घर मुफ्त बिजली का दावा झूठा : रश्मि चन्द्राकर

❒ डॉ रश्मि ने भाजपा सरकार के सौर ऊर्जा अभियान को महज राजनीतिक इवेंट बताते हुए जमकर निशाना साधा

महासमुंद। कांग्रेस जिलाध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने भाजपा सरकार के सौर ऊर्जा अभियान को महज राजनीतिक इवेंट बताते हुए जमकर निशाना साधा है। रश्मि ने कहा कि हर घर मुफ्त बिजली का दावा पूरी तरह झूठा है। आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा बजट प्रावधान से दो साल में महज 1.3 लाख घरों को ही सोलर पैनल की सब्सिडी मिलेगी, जबकि प्रदेश में 80 लाख से ज्यादा परिवार हैं। इस रफ्तार से 125 साल लगेंगे।

डॉ रश्मि ने कहा कि एक सामान्य थ्री-फेज कनेक्शन के लिए कम से कम 5 किलोवाट का सोलर पैनल लगेगा, जिसकी लागत 3.5 लाख रुपये है। इसमें अधिकतम सब्सिडी 1.08 लाख की है, बाकी का बोझ हितग्राही पर पड़ेगा। बैंक लोन लेने पर किस्तें मौजूदा बिजली बिल से कई गुना महंगी पड़ेंगी। डॉ रश्मि चंद्राकर ने आरोप लगाया कि सरकार ने 20 महीनों में चार बार बिजली दरें बढ़ाई हैं और 400 यूनिट तक की हाफ बिल योजना बंद कर दी है। अब जनता को मिली कीमतों की मार से ध्यान भटकाने मुफ्त बिजली का झांसा दिया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि अगर सरकार को सच में प्रदूषण की चिंता है तो अडानी को हसदेव अरण्य में नए कोल ब्लॉक क्यों दिए जा रहे हैं? लाखों पेड़ कट रहे हैं। प्रदेश में अघोषित बिजली कटौती पर कहा कि छत्तीसगढ़ पहले सरप्लस पॉवर स्टेट था, लेकिन भाजपा राज में किसान, उद्योग और आम उपभोक्ता तीनों ही बिजली संकट झेल रहे हैं। सोलर सब्सिडी की बात कर सरकार असल मुद्दों से भाग रही है।

गतेरी स्कूल में सम्मान के साथ शिक्षिकाओं को दी विदाई

डोंगरगांव/नवप्रदेश। शास. प्राथ. शाला गतेरी में पदस्थ शिक्षिका कविता शर्मा एवं केशरी देवांगन के सम्मान में गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन शाला परिवार द्वारा किया गया। शासन के निर्देशानुसार युतियुक्तिकरण प्रक्रिया के तहत अन्य शाला में पदांकन होने के चलते शाला विकास समिति, शिक्षकगणों के द्वारा शिक्षिका द्वय कविता शर्मा एवं केशरी देवांगन को फूलमाला पहनाकर गुलाल तिलकाभिषेक कर सम्मान कर भावभीनी विदाई दी गई।विदाई समारोह में बच्चों के प्रति शिक्षण कार्यो में दिए गए उनके योगदान को देखते हुए ग्रामीण

महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे कार्यक्रम में कविता एवं केशरी ने कहा कि स्कूल में सेवा के दौरान आप लोगों का अभूतपूर्व सहयोग हमेशा स्मरणीय रहेगा।हमारी कोशिश रही है कि शाला में पढ़ने वाले बच्चे हमेशा उच्चतम अंक प्राप्त करने की दिशा में कोशिश करे ताकि आपके साथ स्कूल का नाम भी प्रदेश में विख्यात हो यही कारण है कि हमारे द्वारा बच्चों को हिंदी के अलावा अंग्रेजी भाषा में दक्ष बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।उन्होंने कहा कि एक शाला से अन्य शाला में पदांकन यह एक शासकीय प्रक्रिया है साथ ही उनके द्वारा सभी के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया गया।इस दौरान प्रधान पाठिका सदिका अंसारी शिक्षक सेंमन सोनकर साथियों का योगदान सरहानीय रहा।

कार्यक्रम मे ,हाकिन साहू (ग्राम प्रमुख), द्वारासिंगराजपूत, , फिरता सागर, श्यामसिंग, कंबर, आदि सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी स्वस्फूर्त मौजूद थे

डॉ.योगिता सिन्हा समाजसेवा के लिए सम्मानित

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की प्रतिष्ठित सामाजिक एवं साहित्यिक संस्थान वक्ता मंच द्वारा नवापारा नगर की वरिष्ठ समाजसेवी डॉ.योगिता सिन्हा को उनके सामाजिक उत्थान एवं उनके महिला स्वालंबन के कार्यों के लिए सम्मानित किया है। राजधानी रायपुर के वृन्दावन सभागृह में आयोजित राज्य स्तरीय छत्तीसगढ़ महिला गौरव अवॉर्ड का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रख्यात चिकित्सक डॉ.सुमेधा

श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ समाजसेवी अशोक अग्रवाल के करकमलों से योगिता सिन्हा को उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों के लिए सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार पी के तिवारी, राजकुमार धर द्विवेदी, अंकुर चौबे, समाज सेविका अरुणा चौबे एवं प्रदेश भर से पधारे शिक्षाविद, कला, साहित्य, सांस्कृतिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले गणमान्य महिलाएं उपस्थित रही। सम्मान उपरांत समाजसेविका योगिता सिन्हा ने कहा कि विगत वर्षों में स्लम बस्तियों के लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए प्रयासरत है। दिव्यांग बच्चों को आर्थिक सहायता प्रदान कर उनके हुनर को मंच देने का कार्य कर रही है।

आरक्षण के चलते नगर पंचायत को लाखों का नुकसान

छुरा/नवप्रदेश। छुरा नगर पंचायत को लाखो रुपए का नुक़सान आरक्षण के कारण से प्रति वर्ष उठाना पड़ रहा है, आज बीस वर्ष से अटल व्यावसायिक परिसर खंडहरों में तब्दील हो रहा है , सासंद,विधायक,को चाहिए कि मुख्यमंत्री को समस्या से अवगत करा कर केबिनेट में पास होने के बाद ही लंबित समस्या का हल हो सकता है।? नगरीय प्रशासन में नियम में संशोधन कर शासकीय सम्पत्ति को बचाया जा सके ।

शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

धमतरी/नवप्रदेश। सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन अग्रसेन भवन धमतरी में किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सुमंत शेखर पाढ़ी (कार्डियोलॉजिस्ट एनएच एम एमआई रायपुर) एवं अतिथि विशेष सूरज सिंह परिहार (पुलिस अधीक्षक धमतरी) तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. हीरा महावर (मुख्य ट्रस्टी) एवं मंच पर नवीन चंद्राकार (सेवानिवृत प्रधान पाठक माध्य.शाला कुकरैल), तेजराम साहू (शास.प्राथमिक शाला सेलदीप कुरूद) एवं

अशोक पवार उपस्थित थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मां शारदा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया. तत्पश्चात सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई. संस्था की ओर से अनुराग महावर, अजय छाजेड एवं रमेश पंजवानी एवं विनोद कुमार पांडेय द्वारा अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया. श्री अशोक पवार ने संस्था द्वारा आयोजित गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी. एवं डॉ. हीरा महावर (मुख्य ट्रस्टी) ने सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चैरिटेबल ट्रस्ट के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर संस्था द्वारा आयोजित टैलेंट हंट प्रतियोगिता में स्थान बनाने वाले छात्रों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया जिसमे हिंदी माध्यम में प्रथम स्थान पर विकास साहू पिता रामायण साहू मां दंतेश्वरी हाई स्कूल , द्वितीय स्थान पर नमन साहू पिता केशव राम साहू सर्वोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, तृतीय स्थान पर भावना साहू पिता भूपेंद्र साहू नाथूजी जगताप उ.मा. शाला, चतुर्थ स्थान पर कु. सुप्रिया देवांगन पिता सतीश कुमार देवांगन मां दंतेश्वरी हाई स्कूल, आदि ने प्राप्त किया।

उत्पात मचाने वालों पर पुलिस का शिकंजा

डोंगरगांव/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिसोदिया के मार्गदर्शन में थाना डोंगरगांव द्वारा अपने क्षेत्र में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु सतत अभियान चलाया जा रहा है। थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम लगातार गश्त एवं पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रख रही है।

इस अभियान के तहत पुलिस

द्वारा क्षेत्र में उपद्रव मचाने वाले असमाजिक तत्वों पर प्रभावी प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई। दो व्यक्तियों के खिलाफ धारा 170/126,135(3) बीएनएसएस के तहत ईस्तगासा तैयार कर उन्हें माननीय एसडीएम न्यायालय में पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

दो पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के तहत गिरफ्तार अनावेदकः

1. लिखुराम निर्मलकर, पिता भागवत राम निर्मलकर, उम्र 24 वर्ष, निवासी सालिकझिटिया, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव।
2. धर्मेन्द्र निषाद, पिता दयालु राम निषाद, उम्र 30 वर्ष, निवासी चांदो, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव।

डोंगरगांव पुलिस क्षेत्र में शांति बनाए रखने, अपराध रोकथाम और आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है।

बच्चों के भविष्य पर खतरा मंडराने लगा

नशाखोरी के खिलाफ धरसीवां थानेदार को सौंपा ज्ञापन

धरसीवां/नवप्रदेश। नगरपंचायत कूंरा के विभिन्न वार्डो में काफी लंबे समय से हो रहे अवैध कारोबार जैसे कि गांजा, शराब, जुआ विभिन्न नशीले टेबलेट की सघन जांचकर उक्त अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने और पूर्ण रूप से रोक लगाने के नाम पर धरसीवां थानेदार को कूंरा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने ज्ञापन सौंपा है।

उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि इन सब अवैध कारोबार के चलते नगर के मुख्य मार्ग सहित वार्डो के चौंक चौराहे में आए दिन मामूली बातों को

लेकर अश्लील शब्दों का उपयोग कर झगड़ा लड़ाई एवं मारपीट का मामला कामन हो गया है ।जिसके चलते नगर में हर हमेशा अशांति का माहौल बना रहता है और स्वच्छ छबि के लोगो, माताएं एवं स्कूली बच्चों को इन सबको को सहते हुए शर्मिंदगी महसूस कर उस विवादस्थ स्थान से होकर गुजरना पड़ता है। नगर में यह अवैध कारोबार काफी तेजी से बढ़ा हुआ है जिसका असर छोटे बच्चों के ऊपर भी पड़ने लगा है। जिससे बच्चों के भविष्य के ऊपर भी खतरा मंडराने लगा है। जनप्रतिनिधियों ने यह भी कहा है कि अगर उक्त असामाजिक तत्व के लोग जो बेवजह किसी मुख्य चौंक चौराहे जैसे कि पारधी मोहल्ले , राम मंदिर चौंक , सुभाष चौंक , बजरंग चौंक , सतनाम रंग मंच , शासकीय स्कूल के आस पास , मंदिर मस्जिद हटरी चौंक एवं वार्ड 10 तिरंगे झंडे के समीप नजर आते है और बाद विवाद की स्थिति बनती है इन लोगों की सघन जांच कर पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही नहीं की जाती तो 1 हफ्ते के अंदर थाने का घेराव कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा ।इन सब कारोबार के संबंध में ज्ञापन लेने के दौरान धरसीवां टी आई राजेन्द्र दीवान ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि हमारे द्वारा अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के ऊपर पहले भी कार्यवाही करते आ रहे है और अभी भी जांच उपरांत जो भी गलत कार्य में व्यक्ति पुलिस के घेरे में आता है उनके ऊपर कड़ी कार्यवाही किया जाएगा और उनके पकड़े जाने पर आप सब उनका सपोर्ट करने मत आना बल्कि हमारा सहयोग करना । ज्ञापन देने के दौरान नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू , उपाध्यक्ष राजा भैया पार्षद प्रतिनिधि योगेश साहू , मोहन प्रजापति , प्रधान देवांगन , जगमोहन घृतलहरे , रेखराज देवांगन , जगतू देवांगन , रिजवान उल्ला खान , संतोष साहू , ईश्वर यादव , हरीश साहू , मुकेश सिन्हा सहित नगर के बुद्धिजीवी लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए थे ।

शिकारीटोला में ललित नेताम बने ग्राम पटेल, उत्सव जैसा माहौल

डोंगरगांव/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत शिकारीटोला में मंगलवार को ग्राम पटेल का चुनाव शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस चुनाव में तीन प्रत्याशियों–ललित नेताम, रामसाय कंवर और मंथिर चेलक–ने अपनी दावेदारी पेश की। कुल 339 मतदाताओं ने मतदान प्रक्रिया में भाग लिया। मतगणना में ललित नेताम को 221 मत मिले, जबकि रामसाय कंवर को 102 और मंथिर चेलक को 13 मत प्राप्त हुए। इसके अलावा 03 मतपत्र अमान्य पाए गए। ललित नेताम ने

119 मतों की बढ़त से शानदार जीत दर्ज कर ग्रामवासियों का विश्वास जीता। चुनाव परिणाम घोषित होते ही ग्राम में उत्सव का माहौल बन गया। ग्रामवासियों ने ललित नेताम के समर्थन में जुलूस निकाला और उनके स्वागत में नारे लगाए। पूनम साहू, भीष्म कुमार यादव, सुमंत चंद्रवंशी, लादू तुमरेकी, नरेश नेताम, उभेलाल कुंजाम, पुरुषोत्तम साहू, लाला राम नेताम, कीर्तन चंद्रवंशी, जोहान सलामे, संतोष साहू, दुकैश्रु नेताम, तोरण मांडवी, रोहित साहू, कमल साहू, ईश्वर विश्वकर्मा सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल हुए। ग्रामवासियों ने ललित नेताम की जीत को विकास और नई ऊर्जा का प्रतीक बताया। आगामी कार्यकाल में ग्राम की समस्याओं के समाधान और समृद्धि की दिशा में काम करने की अपेक्षा जताई जा रही है।

नपाध्यक्ष ने किया श्रीराम पाठशाला का निरीक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने शासकीय श्रीराम पाठशाला स्कूल का निरीक्षण कर शिक्षा गुणवत्ता की जांच की। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों से चर्चा कर शिक्षा गुणवत्ता के सुधार की दिशा में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। इस दौरान प्रधान पाठक और शिक्षकों द्वारा श्री साहू का सम्मान किया गया। नपाध्यक्ष श्री साहू ने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, मेनू के अनुसार संचालन, बच्चों की नियमित उपस्थिति तथा शाला त्यागी बच्चों को स्कूल आने प्रेरित करने हेतु विशेष प्रयास पर जोर दिया। श्री साहू ने कहा कि सभी शिक्षकों का यह प्रयास होना चाहिए कि बच्चों को स्कूल में बेहतर वातावरण मिले। शैक्षणिक के साथ साथ खेल खेल में पढ़ाई जैसे आयोजन कर हम बच्चों को स्कूल आने प्रेरित कर सकते हैं। उन्होंने बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की बात कही। इस अवसर पर वार्ड पार्षद श्रीमती भारती राजू चंद्राकर, प्रधान पाठक उर्मिला मरकाम, लक्ष्मी मानकीपुरी, लीनू चंद्राकर, हेमंत चक्रधारी सहित शिक्षक गण उपस्थित थे।

अवैध तरीके से संचालित उद्योग पर कार्रवाई करने की मांग

महासमुंद/नवप्रदेश। खैरझिटी में संचालित करणी कृपा पॉवर प्लांट पर कार्रवाई करने लिए छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर जनदर्शन में एक बार फिर गुहार लगाई। इस मामले में कलेक्टर ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। छत्तीसगढ़ संयुक्त किसान मोर्चा का आरोप है, गैर औद्योगिक क्षेत्र में करणी कृपा स्टील एवं पावर प्राइवेट लिमिटेड अपने संयंत्र परिसर में अवैध तरीके से मिनी स्टील प्लांट, स्पंज आयरन प्लांट, पावर प्लांट व फेरो एलाइंस के माध्यम से अवैध निर्माण प्रारंभ किया है। इसका लगातार विरोध किया जा रहा है। इसी क्रम में मोर्चा के सत्याग्रही किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर जनदर्शन में किसानों को राहत दिलाने की गुहार लगाई। सत्याग्रह आंदोलनकारी प्रभारी अशोक कश्यप ने बताया कि, किसानों की गुहार पर कलेक्टर ने सकारात्मक पहल करने का भरोसा दिलाया है। कहा है, इस पूरे मामले की वस्तु स्थिति समझने के लिए टीम गठित कर एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई की जाएगी। इस बारे में उन्होंने नायब तहसीलदार तुमगांव तृप्ति चंद्राकर को 23 सितंबर के पूर्व कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया है। जनदर्शन पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में नाथूराम सिन्हा, बृजबिहारी साहू, देवनारायण साहू, राधा बाई सिन्हा व श्याम बाई ध्रुव समेत अन्य शामिल थे।

रामलला दर्शन के लिए तीर्थयात्री हुए रवाना

महासमुंद/नवप्रदेश। रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत महासमुंद से तीर्थ यात्री भगवान रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने श्रद्धालुओं को यात्रा के लिए भगवा झंडा दिखाकर बस से रवाना किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेतागण रमेश साहू, संदीप घोष, बंटी शर्मा, मुन्ना साहू, शरद राव सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पंडित हरगोपाल शर्मा की भागवत कथा आज से

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रसिद्ध भागवताचार्य पंडित हरगोपाल शर्मा की संगीतमय. श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन आज 12 सितंबर से नगर के कल्याण सागर के समीप रंगमंच के पास प्रारंभ हो रही है।ब्यास पीठ से पंडित हरगोपाल शर्मा अपने मुखारविंद से लोगो को 19 सितम्बर तक कथा का श्रवण कराएंगे।कथा दोपहर 2:30 बजे से प्रारंभ होगी। आयोजक - श्रीमती सम्मत साहू एवं उनके परिजनों ने लोगो से कथा श्रवण कर अपना जीवन धन्य करने का आह्वान किया है।

अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों पर रोक लगाने थानेदार को सौंपा ज्ञापन

धरसीवां/नवप्रदेश। नगरपंचायत कूंरा के विभिन्न वार्डो में काफी लंबे समय से हो रहे अवैध कारोबार जैसे कि गांजा , शराब , जुआ विभिन्न नशीले टेबलेट की सघन जांचकर उक्त अवैध कारोबार में लिप्त व्यक्तियों के ऊपर कड़ी कार्यवाही करने और पूर्ण रूप से रोक लगाने के नाम पर धरसीवां थानेदार को कूंरा के अध्यक्ष , उपाध्यक्ष एवं पार्षदों ने ज्ञापन सौंपा है ।

उन्होंने ज्ञापन में बताया है कि इन सब अवैध कारोबार के चलते नगर के मुख्य मार्ग सहित वार्डो के चौंक चौराहे में आए दिन मामूली बातों को लेकर अश्लील शब्दों का उपयोग कर झगड़ा लड़ाई एवं मारपीट का मामला कामन हो गया है ।जिसके चलते नगर में हर हमेशा अशांति का माहौल बना रहता है

और स्वच्छ छबि के लोगो , माताएं एवं स्कूली बच्चों को इन सबको को सहते हुए शर्मिंदगी महशूस कर उस विवादस्थ स्थान से होकर गुजरना पड़ता है । नगर में यह अवैध कारोबार काफी तेजी से बढ़ा हुआ है जिसका असर छोटे बच्चों के ऊपर भी पड़ने लगा है ।जिससे बच्चों के भविष्य के ऊपर भी खतरा मंडराने लगा है । जनप्रतिनिधियों ने यह भी कहा है कि अगर उक्त असामाजिक तत्व के लोग जो बेवजह किसी मुख्य चौंक चौराहे जैसे कि पारधी मोहल्ले , राम मंदिर चौंक , सुभाष चौंक , बजरंग चौंक , सतनाम रंग मंच , शासकीय स्कूल के आस पास , मंदिर मस्जिद हटरी चौंक एवं वार्ड 10 तिरंगे झंडे के समीप नजर आते है और बाद विवाद की स्थिति बनती है इन लोगों की सघन जांच कर पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही नहीं की जाती तो 1 हफ्ते के अंदर थाने का घेराव कर उग्र प्रदर्शन किया जाएगा इन सब कारोबार के संबंध में ज्ञापन लेने के दौरान धरसीवां टी आई राजेन्द्र दीवान ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों को भरोसा दिलाया कि हमारे द्वारा अवैध कारोबार में लिप्त लोगों के ऊपर पहले भी कार्यवाही करते आ रहे है और अभी भी जांच उपरांत जो भी गलत कार्य में व्यक्ति पुलिस के घेरे में आता है उनके ऊपर कड़ी कार्यवाही किया जाएगा और उनके पकड़े जाने पर आप सब उनका सपोर्ट करने मत आना बल्कि हमारा सहयोग करना । ज्ञापन देने के दौरान नगरपंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू , उपाध्यक्ष राजा भैया पार्षद प्रतिनिधि योगेश साहू , मोहन प्रजापति , प्रधान देवांगन , जगमोहन घृतलहरे , रेखराज देवांगन , जगतू देवांगन , ढालचंद पाल , बसंत रजक , रिजवान उल्ला खान , संतोष साहू , ईश्वर यादव , हरीश साहू , मुकेश सिन्हा सहित नगर के बुद्धिजीवी लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए थे ।

कुसुम को मिला पीएचडी

महासमुंद/नवप्रदेश। कुसुम साहू को उनके शोध विषय 'संजीव बख्शी के साहित्य का सांस्कृतिक अनुशीलन' पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने अपना शोध कार्य स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय प्राचार्य अनुसुइया अग्रवाल के निर्देशन में पूर्ण किया है। उनकी शोध मौखिकी परीक्षा पं. रविशंकर शुक्ल विवि रायपुर के साहित्य एवं भाषा अध्ययनशाला में स्वयं उपन्यासकार संजीव बख्शी की उपस्थिति एवं लगभग 100 शिक्षाविदों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों के मध्य हुई। शोध मौखिकी परीक्षा के बाह्य परीक्षक प्रो.आनंदप्रकाश त्रिपाठी, सेवानिवृत्ति प्राध्यापक डॉ. हरिसिंह गौर केंद्रीय विवि सागर (मप्र) थे।

फिंगेश्वर शाखा में 5 लाख रुपये कागजों पर खर्च, जमीन पर कोई काम नहीं

गरियाबंद जिले में जल संसाधन विभाग का एक और बड़ा कारनामा आया सामने

■ **किसानों ने लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, जांच की मांग**

कोपरा नवापारा/नवप्रदेश। जल संसाधन विभाग फिंगेश्वर शाखा एक बार फिर विवादों में है। ग्रामीणों और दस्तावेजों से सामने आई जानकारी ने विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। आरोप है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में नहरों और माइनरों की मरम्मत का काम कागजों पर दिखाकर लगभग 5 लाख रुपये ठेकेदारों को भुगतान कर दिया गया, जबकि जमीन पर कोई भी काम नहीं हुआ।

कागजों में काम, हकीकत में शून्य

सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत मिले दस्तावेजों से मामला प्रकाश में आया। जहां दस्तावेज के अनुसार अमानाला, साजापाली और अन्य गांवों में टूट-फूट और मरम्मत कार्य किए गए। अमानाला में 51 जगह टूट-फूट और 24 जगह गड्ढों की मरम्मत दर्ज। सजापाली में 33 जगह टूटना और 31 जगह बोरियों से बांधने का काम दर्शाया गया। विभागीय अभिलेखों में 4750 बोरियों में मिट्टी/रेत भराई, और आधा किमी दूरी से सामग्री लाने का विवरण दिया गया। दस्तावेज बताते हैं कि यह कार्य रायपुर की महामाया कंस्ट्रक्शन और जांजगीर-चांपा की ध्रुव एंटरप्राइजेस नामक फर्मों से कराया गया। दोनों फर्मों को करीब 2.5 - 2.5 लाख रुपये का भुगतान किया गया।

किसानों का आरोप- 15 साल से नहीं हुआ कोई काम

ग्राम अमेठी के किसान बांके लाल यादव और नारद यादव ने बताया कि गांव में सिंचाई व्यवस्था के लिए किसान हर साल चंदा इकट्ठा करते हैं। जिनके पास खेत हैं उनसे 150 रुपये और जिनके पास खेत नहीं हैं उनसे 100 रुपये वसूला जाता है। इस चंदे से गांव की नहरों की देखभाल खुद किसान करते हैं। ग्रामीण दिलीप दीवान, हरी नारायण नंदे और बालाराम साहू ने कहा कि खेतों की मेड़ पर बोरियों से बांधने और पानी रोकने का काम भी किसानों ने खुद किया है। नहरों की हालत जर्जर है, लेकिन विभाग सिर्फकागजों में मरम्मत दिखाकर ठेकेदारों को लाखों रुपए का भुगतान कर दिया गया है।

विभागीय चुप्पी और जांच समिति

इस पूरे मामले पर तत्कालीन अनुविभागीयअधिकारी (एसडीओ) एस. के. बर्मन ने कहा कि दस्तावेज देखने के बाद ही वह कुछ कह पाएंगे। इससे पहले ग्राम रोबा के किसान यादराम साहू ने भी इसी तरह के भ्रष्टाचार की शिकायत पुलिस अधीक्षक से की थी।

शिकायत के बाद जिला कलेक्टर ने जांच समिति गठित की, जिसमें अपर कलेक्टर सहित तीन अधिकारियों को शामिल किया गया है। जांच फिलहाल जारी है। पूर्व मुख्यमंत्री पंडित श्यामाचरण शुक्ल के समय राजिम विधानसभा क्षेत्र में नहरों का जाल बिछाया गया था। किसानों का कहना है कि अब विभाग उन नहरों की सफाई और मरम्मत की बजाय फर्जी भुगतान कर भ्रष्टाचार कर रहा है।

क्या कहते हैं अधिकारी

गरियाबंद के कलेक्टर बी एस उईके ने कहा यह मामला आपके माध्यम से संज्ञान में आया है जांच कर कार्रवाही की जाएगी। पूर्व के मामले में जांच कमेटी गठित कर दी गई है जांच जारी है।

सीपी राधाकृष्णन के अनुभव का लाभ देश को मिलेगा : भाऊराम

महासमुंद/नवप्रदेश। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू ने एनडीए के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन की उपराष्ट्रपति पद पर मिली जीत को लोकतंत्र की जीत बताया है। उन्होंने कहा कि राधाकृष्णन की जीत से न केवल सत्ताधारी गठबंधन को मजबूती मिली है, बल्कि देश को एक अनुभवी और सशक्त उपराष्ट्रपति भी मिल गया है। इस उपराष्ट्रपति चुनाव में कुल 767 वोट डाले गए थे। इनमें से 752 वोट वैध पाए गए, जबकि 15 वोट अमान्य घोषित किए गए। राधाकृष्णन की जीत ने न केवल एनडीए को मजबूती दी है, बल्कि उन्हें देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद की जिम्मेदारी भी सौंप दी है। इस चुनावी प्रक्रिया के पूरा होने के साथ ही राधाकृष्णन अब उपराष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे और राज्यसभा के सभापति के रूप में भी जिम्मेदारी संभालेंगे। पार्षद साहू ने कहा कि राधाकृष्णन का जीवन सदैव समाज सेवा और गरीबों व वंचितों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित रहा है। उपराष्ट्रपति बनने के बाद वे देश के संवैधानिक मूल्यों और संसदीय संवाद को आगे बढ़ाएंगे। राधाकृष्णन के नेतृत्व में उपराष्ट्रपति कार्यालय नई ऊंचाइयों को छुएगा और लोकतंत्र को और मजबूत करेगा। सीपी राधाकृष्णन ने 31 जुलाई 2024 को महाराष्ट्र के राज्यपाल के रूप में शपथ ली थीं। अपनी नियुक्ति से पहले, उन्होंने लगभग डेढ़ वर्ष तक झारखंड के राज्यपाल के रूप में कार्य किया। झारखंड के राज्यपाल के रूप में, राधाकृष्णन को भारत के राष्ट्रपति द्वारा तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालने के लिए नियुक्त किया गया था। चार दशकों से अधिक के अनुभव के साथ राधाकृष्णन तमिलनाडु की राजनीति और सार्वजनिक जीवन में एक सम्मानित नाम हैं। उनके अनुभव का लाभ देश को मिलेगा।

जीएनए महाविद्यालय में भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मेलन

भाटापारा/नवप्रदेश। शासकीय गजानंद अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय भाटापारा में गुरुवार को छ.ग. राज्य गठन के रजत जयंती अवसर पर एलुमनी समिति एवं आईक्यूएसी के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालयीन भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मेलन महाविद्यालय की एलुमनी समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव व अन्य सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन करते हुए श्रीमती ऋतम्भरा चैहान, सहायक प्राध्यापक ने उद्बोधन हेतु प्राचार्य डॉ. आनंद कुमार मिंज को मंच पर आमंत्रित किया। प्राचार्य महोदय द्वारा भूतपूर्व छात्र सम्मेलन कराने पर धन्यवाद ज्ञापन किया एवं उपस्थित समस्त सदस्यों को इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए साधुवाद प्रेषित किया उक्त कार्यक्रम की रूपरेखा एलुमनी प्रकोष्ठ प्रभारी वाणिज्य विभाग के सहायक प्राध्यापक गुप्तेश्वर साहू के द्वारा रखा गया, उन्होंने समस्त छात्र-छात्राओं को एलुमनी संगठन के महत्व को सारगर्भित रूप से प्रस्तुत किया एवं पूर्व में एलुमनी समिति द्वारा किये गये कार्यों का उल्लेख किया।

एलुमनी समिति के अध्यक्ष मोहनलाल केशरवानी ने महाविद्यालय में बिताये पुराने समय को याद करते हुए महाविद्यालय के संबंध में सारगर्भित जानकारी प्रदान की एवं वर्तमान में स्थिति में महाविद्यालय को एक व्यापक वृक्ष के रूप में स्थापित होना बताया जिसमें अनेक छात्र-छात्राएं एक ही परिसर में ज्ञान विज्ञान व कला की जानकारी प्राप्त कर सकते है। इस कार्यक्रम में एलुमनी समिति के उपाध्यक्ष दीपक राय एवं सचिव नंदकिशोर अग्रवाल भी उपस्थित रहें। महाविद्यालय जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्रेणीक गोलछा व सदस्य आशीष पुरोहित,अभिषेक मिश्रा व अक्षत जैन भूतपूर्व छात्र रवि शर्मा,अतुल तिवारी प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा नंदनी थारानी, एकता ठाकुर,अब्दुल कादिर, दुर्गा शर्मा, साकेत वैष्णव, स्वेच्छा ठाकुर, नीतेश राठोर, अक्षत केशरवानी, आरती शर्मा, आकाश पुरोहित आदि इस कार्यक्रम में उपस्थित रहें। कार्यक्रम को गति प्रदान करने एवं खुशनुमा वातावरण बनाने डॉ. प्रीति सोनी ने काव्य पाठ किया।

आंगनबाड़ी केंद्र में भोजन कराया

धरसीवां/नवप्रदेश। 11 सितम्बर को ऋषि कुमार भोई के द्वारा अपने पिता के नाम से वार्ड क्रमांक 9 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के समस्त बच्चों को उनके श्रद्धांजलि हेतु खीर , पूड़ी एवं आलू सब्जी खिलाया गया । इस मौके पर उक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता अंबिका भोई एवं सहायिका गीता मरकाम मुख्य रूप से उपस्थित थे ।

साहू समाज ग्रामीण इकाई का पुनर्गठन

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के निर्देश पर सभी जिलों के तहसील, परीक्षेत्र, एवं ग्रामीण इकाइयों के पदाधिकारी का कार्यकाल समाप्त होने के कारण पुनर्गठन चुनाव संपन्न किया जाना है । जिसके तहत ग्राम पंचायत टेहका ग्रामीण में साहू समाज की नई कार्यकरणी का गठन सर्वसम्मति से किया गया । जिसमें अध्यक्ष उमेंद्र साहू, उपाध्यक्ष नंद कुमार साहू, संगठन सचिव खुबीराम साहू, महिला उपाध्यक्ष देवकी साहू संगठन सचिव महिला पूर्णिमा साहू एवं कोषाध्यक्ष शाखा राम साहू, उपकोषाध्यक्ष दिनबंधु साहू तथा ग्रामीण इकाई के पार प्रमुख शोभा राम साहू, भोला साहू, केवा राम साहू के अलावा ग्रामीण सदस्य ,राकेश साहू, नंदू साहू,राजा साहू, महेश साहू, टिकेश्वर साहू,भुनेश्वर साहू, गंगू राम साहू,अर्जुन साहू, प्रभु राम साहू इत्यादि उपस्थित थे ।

प्रेम नारायण नायक बेहतर शिक्षा एवं नवाचारी कार्यों के लिए सम्मानित

भाटापारा/नवप्रदेश। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आयोजित,शिक्षक दिवस कार्यक्रम, में शिक्षा के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्य के लिए, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोहरा विकासखंड सिमगा के व्याख्याता [एल.बी.] प्रेम नारायण नायक को बलौदा बाजार नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले द्वारा सम्मानित किया गया। उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या अग्रवाल, जिला शिक्षा अधिकारी संजय गुहे, सिमगा विकासखंड शिक्षा अधिकारी ढाल सिंह ठाकुर सहित बलौदा बाजार भाटापारा, कसडोल, पलारी के विकासखंड शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे। यह सम्मान प्रेम नारायण नायक को कोरोना काल में किए गए कार्य के लिए प्रदान किया गया। उन्होंने कोरोना काल में 300 से भी अधिक ऑनलाइन कक्षाएं आयोजित किए एवं 15000 से अधिक विद्यार्थियों को जोड़ने का कार्य किया। कार्यक्रम में उन्हें शाल, श्रीफल, एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। श्री नायक की इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य के.पी.राय , संस्था के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं, संकुल समन्वयक मार्कंडेय कैवर्त्य, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मंत राम बंजारे, समिति के सदस्य गण सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी है।

शिक्षा गुणवत्ता... बिना पूर्व सूचना दिए विद्यालय पहुंची माताओं का प्राचार्य और शिक्षकों ने स्वागत किया

50 माताओं का स्वस्फूर्त विद्यालय अवलोकन वाचनालय, टी.वी. कक्ष और कक्षाओं में बिताए तीन घंटे

नगरी/नवप्रदेश। शासन की मंशा है कि समुदाय विद्यालयीन गतिविधियों में मालिकाना हक के भाव से जुड़कर बच्चों की शिक्षा की गुणवत्ता पर नजर रखे। इसी उद्देश्य से शाला प्रबंधन एवं विकास समितियों का गठन किया गया है। इसी कड़ी में सिंगपुर की माताओं ने एक अनुकरणीय पहल करते हुए विद्यालय में पहुंचकर बच्चों की पढ़ाई, कक्षा संचालन और विभिन्न गतिविधियों का बारीकी से अवलोकन किया।

सेजेस सिंगपुर में मातृशक्ति की इस अनोखी भागीदारी का नेतृत्व सफीना बानो ने किया। बिना पूर्व सूचना दिए विद्यालय पहुंची लगभग पचास माताओं का प्राचार्य डॉ. व्ही.पी. चन्द्रा और शिक्षकों ने गर्मजोशी से स्वागत किया। माताओं ने समूहों में विभाजित होकर अलग-अलग कक्षाओं का निरीक्षण किया और बच्चों से पाठ्यक्रम, मासिक टेस्ट, तिमाही परीक्षा एवं उनकी प्रगति पर संवाद किया। माताओं ने समुदाय द्वारा स्थापित वाचनालय थाती का भी अवलोकन किया। प्रभारी मोनिका रावटे ने वाचनालय का टाइम टेबल और रजिस्टर की जानकारी दी। तत्पश्चात प्राचार्य व आईसीटी प्रभारी वेदराम सिन्हा ने टी.वी. कक्ष में माताओं को बच्चों हेतु निर्धारित कार्यक्रमों से अवगत कराया। यहां माताओं के लिए दो लघु डॉक्यूमेंट्री फिल्मों का प्रदर्शन भी किया गया, जिस पर शिक्षकों व माताओं के बीच विस्तृत चर्चा हुई।

फिल्मों और परिचर्चा से प्रभावित माताओं ने कहा कि विद्यालय से जुड़े रहने से उनका मनोबल बढ़ा है। उन्होंने संकल्प व्यक्त किया कि भले ही वे स्वयं अधिक शिक्षा न ले सकीं, लेकिन अपने बच्चों को उच्च शिक्षा दिलाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगी। सभी माताओं ने यह भी माना कि समुदाय द्वारा प्रदत्त टी.वी. ने न केवल बच्चों बल्कि अभिभावकों की सोच में भी सकारात्मक बदलाव लाया है।

विद्यालय पहुंची माताओं में सफीना बानो, यामिनी यादव, सुनीता ध्रुव, राजदा बेगम, मीना मरकाम, हेमा ध्रुव, शालिनी यादव, विमला यादव, ज्योति तिवारी, देवली यादव, अमरुन्निसा अली, विमला सेन, लीला कंवर, भुनेश्वरी बाई, कला बाई सेन, चंद्रिका यादव, भुनेश्वरी कौशल, भुनेश्वरी साहू और पार्वती कौशल सहित अनेक नाम उल्लेखनीय रहे।

इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनंजय साहू पूरे समय माताओं के साथ रहे। उन्होंने इस पहल को रचनात्मक और प्रभावी बताते हुए निरंतर जारी रखने की बात कही। प्राचार्य डॉ. चन्द्रा ने माताओं की भागीदारी को बदलाव का शुभ संकेत बताया। कार्यक्रम में सिंगपुर सरपंच लोमेश्वर साहू, उपाध्यक्ष विष्णु निर्मलकर, सदस्य डॉ. हेमंत साहू एवं उप सरपंच ज्योति तिवारी भी उपस्थित रहे।

सुल्तानपुर और निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन का भाटापारा स्टॉपेज हेतु राजेश ने लिखा पत्र

भाटापारा/नवप्रदेश। दीपावली पर्व के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा अपने रेल यात्रियों को अतिरिक्त सुविधा के लिए विभिन्न ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है,जिससे अंचल के रेल यात्रियों ने हर्ष व्याप्त है और रेल अधिकारियों के प्रति कृतज्ञता भी जाहिर की है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा आगामी दिनों आने वाले त्योहारों पर स्पेशल ट्रेनों की सौगात दी जा रही है,ताकि भाटापारा सहित अंचल के रेल यात्री अपनी कंफर्म सीट के साथ यात्रा कर सके। रेलवे के द्वारा दुर्ग से सुल्तानपुर के लिए ट्रेन नंबर 08763/08764 और दुर्ग से निजामुद्दीन के लिए ट्रेन नंबर 08760/08761 दिवाली स्पेशल ट्रेन चलाई जा रही है,मगर दुर्भाग्य की बात है कि इन स्पेशल ट्रेनों का ठहराव भाटापारा स्टेशन पर नहीं दिया गया है,जबकि भाटापारा रेलवे स्टेशन छत्तीसगढ़ के 4 प्रमुख जिले के रेल यात्रियों के लिए सुगम आवागमन पहुंच वाला स्टेशन है। इस स्टेशन पर उक्त दोनों स्पेशल ट्रेनों का ठहराव होता तो निश्चित रूप से इसका लाभ रेल यात्रियों और रेलवे को राजस्व के रूप में मिलता।इस संबंध में एक चर्चा में रेल उपभोक्ता सलाहकार समिति के सदस्य राजेश शर्मा ने बताया कि उन्होंने लोगों की भावनाओं और मांगों को देखते हुए उक्त दुर्ग सुल्तानपुर स्पेशल और दुर्ग निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेनों का ठहराव भाटापारा में दिए जाने बाबत एक पत्र रेल महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक को प्रेषित किया है।

■ न्यूज गैलरी

हिन्दी दिवस पर विशेष ओपन माइक का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। आंनद समाज लाइब्रेरी कंकाली पारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में एक विशेष

ओपन माइक का आयोजन nstoppable Voice जहाँ हर आवाज़ को मिलती है पहचान (स्थान) आनंद समाज लाइब्रेरी, कंकाली पारा,दिनांक 14 सितंबर,रविवार समय दोपहर 2 बजे से किया जा रहा है। कार्यक्रम की संस्थापक सुरभि राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस मंच का उद्देश्य है, उभरते हुए कवियों, शायरों, लेखकों और कलाकारों को अपनी आवाज़ दुनिया तक पहुँचाने का अवसर देना।अगर आप भी अपनी आवाज़, कला, कविता या कहानी से मंच पर अपनी पहचान बनाना चाहते हैं, तो रजिस्ट्रेशन के लिए Instagram पर @unstoppablevoice को टेक्स्ट करके अपनी सीट बुक करें।

टीवी एस का नया मॉडल जुपिटर 110

रायपुर/नवप्रदेश। लोधी पारा चौक पंडरी स्थित टी वी एस का एक्सलुजीव शो रूम अवन्नी टी वी एस में जुपिटर 110 सी सी का नया वैरिएंट टी वी एझ का नया मॉडल प्रस्तुत किया गया है। कार्यक्रम के इस अवसर पर टी वी एस कंपनी के रिजनल मैनेजर रविन्द्र देसाई जी,एरिया मैजर अशोक महतो रायपुर टेरिटरी मैनेजर रोहित मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित थे। प्राप्त जानकारी के अनुसार 110 सी सी का नया टी वी एझ जुपिटर आकर्षक नया कलर स्टारडस्ट ब्लैक जिसमे 33 लिट् बूट स्पेस के साथ ब्लैक एव गोल्ड प्रीमियम कलर में उपलब्ध है। वही ब्लूटूथ कनेक्ट वॉइस असिस्ट जैसे 29 बेस्ट विशेषताए है जो जुपिटर के स्मार्ट सकनेक्ट मॉडल पर क्लास फीचर में सर्वश्रेष्ठ मिलेंगे जो टीवीएस जुपिटर के स्मार्ट एक्सकनेक्ट मॉडल पर है और यूनिक बैच जिसका साल का सबसे अधिक पुरस्कार प्राप्त स्कूटर है, का खिताब भी स्टारडस्ट ब्लैक के फ्रंट पैनल पे दर्शाया गया है जो इसके अलावा किसी टीवीएस ज्यूपिटर का कोई रंग नहीं है तो आज ही विजिट करें अव्वनि टीवीएस लोधी पारा चौक पंडरी और बुक कराएं अपनी साल का सबसे सम्मानित स्कूटर या जीते सुनिश्चित उपहार और कम डाउन पेमेंट आसान वित्त सेवा जैसे ऑफर के साथ अव्वनि टीवीएस पंडरी रायपुर में उपलब्ध है।

प्रदेश में अब तक 978.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 1 जून से अब तक 978.4 मि.मी. औसत वर्षा रिकार्ड की जा चुकी है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा स्थापित राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रदेश में अब तक बस्तर जिले में सर्वाधिक 1371.1 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। बेमेतरा जिले में सबसे कम 475.1 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है। रायपुर संभाग में रायपुर जिले में 841.3 मि.मी., बलौदाबाजार में 705.5 मि.मी., गरियाबंद में 853.9 मि.मी., महासमुंद में 711.7 मि.मी. और धमतरी में 877.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। बिलासपुर संभाग में बिलासपुर जिले में 994.0 मि.मी., मुंगेली में 970.3 मि.मी., रायगढ़ में 1196.2 मि.मी., सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 818.1 मि.मी., जांजगीर-चांपा में 1166.4 मि.मी., सक्ती में 1057.2 मि.मी., कोरबा में 1005.8 मि.मी. और गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही 920.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। दुर्ग संभाग में दुर्ग जिले में 770.1 मि.मी., कबीरधाम में 695.6 मि.मी., राजनांदगांव में 835.1 मि.मी., मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 1203.0 मि.मी., खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 695.7 मि.मी. और बालोद में 1036.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है। सरगुजा संभाग में सरगुजा जिले में 697.5 मि.मी., सूरजपुर में 1033.3 मि.मी., बलरामपुर में 1364.3 मि.मी., जशपुर में 945.1 मि.मी., कोरिया में 1098.9 मि.मी. और मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 988.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज हुई है।

रायपुर में सड़क सुरक्षा के लिए युवा कैट एवं राडा की संयुक्त पहल

हेलमेट जागरूकता बाइक रैली में युवाओं और व्यापारियों का उमड़ा उत्साह

रायपुर/नवप्रदेश। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की युवा इकाई - युवा कैट एवं रायपुर ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (राडा) द्वारा रायपुर शहर में सड़क सुरक्षा हेलमेट जागरूकता बाइक रैली का भव्य आयोजन किया गया।

रैली का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लाल उम्मेद सिंह, श्री प्रशांत शुक्ला, गुरजीत सिंग , सतीश ठाकुर , राडा अध्यक्ष रविन्द्र भसीन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह रैली शंकर नगर, पंडरी, फाफाडीह, स्टेशन रोड, एम.जी. रोड, शारदा चौक, जयस्तंभ चौक होते हुए कैट प्रदेश कार्यालय में संपन्न हुई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर लाल उम्मेद सिंह, विशेष अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात प्रशांत शुक्ला, उप पुलिस अधीक्षक गुरजीत सिंह एवं सतीश ठाकुर उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि लाल उम्मेद सिंह ने कहा - हेलमेट सचमुच जीवनरक्षक है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटें ही मौत का सबसे बड़ा कारण हैं। यदि हर नागरिक हेलमेट पहनने का संकल्प ले तो हजारों जिंदगियां बचाई जा सकती हैं।

प्रशांत शुक्ला, एएसपी (यातायात) ने कहा - हेलमेट पहनना केवल नियम पालन नहीं, बल्कि अपने परिवार और प्रियजनों के प्रति जिम्मेदारी भी है।

युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कान्ति पटेल एवं महामंत्री रतनदीप सिंह ने कहा -÷इस रैली का उद्देश्य है कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी न रहकर समाज की सामूहिक जिम्मेदारी बने। हर युवा और हर व्यापारी इस अभियान से जुड़कर 'सुरक्षित भारत' की नींव रख सकता है। इस रैली में व्यापारियों, युवाओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सुरक्षा पहले - हेलमेट हर पल का संकल्प लिया।

रैली में विशेष रूप से उपस्थित रहे

जीवत बजाज, राजेन्द्र जग्गी, राम मंधान, वासु माखीजा, राकेश ओछवानी, शंकर बजाज, कैलाश खेमानी, दीपक विधानी, मोहन वल्यानी, सतीश श्रीवास्तव, निलेश सेठ, निलेश मूंधड़ा, प्रीतपाल सिंह बग्गा, गोविंद राम चिमनानी, गौरव मंधान, आनंद छत्री, अमित अग्रवाल एवं युवा कैट प्रदेश अध्यक्ष कान्ति पटेल, महामंत्री रतनदीप सिंह, कोषाध्यक्ष भरत भूषण गुप्ता, विजय पटेल, नागेन्द्र तिवारी, नरेश माखीजा, विक्रांत राठौर, परविन्दर सिंह खनूजा, रौनक पटेल, शैलेन्द्र शुक्ला, सर्वेश दौलतानी, अमीत गुप्ता, जयेश पटेल, राहुल पटेल, मनीष पटेल, गिरिश पटेल, यश पटेल, खोखन कुण्डु, प्रकाश माखीजा, बी.एस. परिहार, सुशील लालवानी, प्रकाश कोसारकर, मनीष सोनी, हिमांशु वर्मा, रविन्द्र उबेजा, गुरमीत रंधावा सहित युवा कैट की पूरी टीम।

रायपुर शहर जिला की सेवा पखवाड़ा कार्यशाला आयोजित

17 से 2 अक्टूबर तक विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे : पवन साय

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने कहा है कि पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के रूप में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा के जो वैचारिक अधिष्ठान थे, एकात्म मानववाद दर्शन के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी का जन्मदिन 2 अक्टूबर को आता है। भाजपा ने इस 15 दिन के कार्यक्रम को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। श्री साय बुधवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में सेवा पखवाड़ा को लेकर आयोजित रायपुर शहर जिला की कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे।

भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री श्री साय ने कहा कि 17 सितम्बर को रायपुर शहर जिला भाजपा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन रखा जाएगा। 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक भाजपा के सभी मंडलों में रक्तदान शिविर का आयोजन होगा। 17 सितम्बर और 2 अक्टूबर को विशेष रूप से कुछ सार्वजनिक स्थानों को चिन्हित करके स्वच्छता अभियान चलाएंगे। 17 सितंबर से 24 सितंबर तक निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सरकारी अधिकारियों के द्वारा सरकारी केंद्रों में तो लगाए ही जाएंगे, हम समाज के अन्य चिकित्सकों के सहयोग से अधिक से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करेंगे जिसमें नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था दी जाएगी। साय ने कहा कि 17 सितंबर को हर जिले में एक संगोष्ठी का आयोजन करेंगे और प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व और कृतित्व पर आमंत्रित नागरिकों को संबोधित और अवगत कराएंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी के जीवन पर प्रदर्शनी जिले में लगाई जाएगी। संगठन एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म तैयार करा रहा है जिसे अधिक से अधिक शैक्षणिक संस्थानों में दिखाने का प्रयास करेंगे।

पीएम मोदी के जीवन, व्यक्तित्व, नेतृत्व शैली को जनता तक पहुंचे : रमेश ठाकुर

रायपुर शहर जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री श्री मोदी के जीवन, व्यक्तित्व, नेतृत्व शैली को जनता तक पहुंचना है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने देश की छवि को वैश्विक स्तर पर बढ़ाया है और अब हम प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यों और जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुँचाने के लिए इस कार्यशाला के माध्यम से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम को सफल बनाएंगे। उन्होंने ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन 17 सितंबर से लेकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर जिला कार्यशाला में सेवा पखवाड़ा अभियान को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। इसके साथ ही सभी 20 मंडलों में कार्यक्रम संयोजक व सह संयोजक व कार्यशाला वक्ता तय किए गए हैं । कार्यक्रम के तहत विभिन्न तरीकों में बैठक लेकर मंडल में होने वाले कार्यक्रमों को अंतिम रूप देंगे।

पूरी दुनिया की निगाहें भारत देश और पीएम मोदी के नेतृत्व पर: नवीन मार्कंडेय

भाजपा प्रदेश महामंत्री नवीन मार्कंडेय ने कहा कि दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने भारत देश का गौरव, मान सम्मान और प्रतिष्ठा को स्थापित किया है और आज पूरी दुनिया की निगाहें भारत देश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत हमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्पना को पूरा करना है और जो अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने चलाया है जैसे स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम, वोकल फॉर लोकल सहित विभिन्न कार्यक्रमों में अधिक से अधिक लोगों को शामिल करके सेवा पखवाड़ा को सफल बनाना है।

विष्णु के कथित सुशासन से भाजपा के कार्यकर्ता ही नाराज

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि विष्णु के सुशासन की पोल खुलने लगी है। विष्णु के कथित सुशासन से भाजपा के कार्यकर्ता ही नाराज है। दो साल के अंदर ही आम आदमी के साथ भाजपा के कार्यकर्ता का भी सरकार से मोहभंग हो गया है। धमतरी जिला के आछोटा गांव के 400 कार्यकर्ताओं ने धमतरी जिला भाजपा कार्यालय की दीवार पर अपना इस्तीफा चिपका दिया। भाजपा जो साय का सुशासन का ढिंढोरा पीट रही हैं उसे भाजपा कार्यकर्ताओं ने ही आईना दिखा दिया है और बता दिया सुशासन नहीं भ्रष्टाचार हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पूरे प्रदेश में यूरिया की कमी से किसान परेशान है फसल बर्बाद हो रही है, साथ ही सरकार ने इस वर्ष समर्थन मूल्य में धान बेचने के लिए किसानों का एग्री स्टेक पोर्टल में पंजीयन अनिवार्य कर दिया है। पोर्टल खुल नहीं रहा, जिनका पंजीयन नही होगा वे धान नही बेच पायेंगे। किसान परेशान है, पंजीयन हो नहीं पा रहा। सरकार सभी किसानों का पूरा धान नहीं खरीदना चाहती। इसलिए यह सब कठिनाई पैदा की जा रही ताकि खाद की कमी से पैदावार कम हो तथा पंजीयन भी नहीं हो पाये। हमारी मांग है धान खरीदी के लिए किसानों के पंजीयन की पुरानी प्रक्रिया ही अपनाई जाए ताकि सभी किसान आसानी से पंजीयन करवा सके।

सरकारी नौकरी बेच कर युवाओं का भरोसा खो चुकी है सरकार

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि यह सरकार युवाओं का भरोसा पूरी तरह से खो चुकी है। एडीईओ भर्ती, वन रक्षक, पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा, आर आई प्रमोशन परीक्षा सहित विगत 20 महीनो के दौरान जितने भी प्रमोशन और भर्ती परीक्षा हुए हैं वे सभी संदेश के घेरे में हैं। किसी एक परीक्षा में 100 में से 27 प्रश्न के उत्तर गलत होना अर्थात लगभग एक तिहाई प्रश्न पत्र पर ही सवाल खड़ा होना सरकार और परीक्षा एजेंसी की क्षमता पर सवाल है। सहायक विकास विस्तार अधिकारी की परीक्षा में व्यापम ने खुद ही माना है कि 12 प्रश्न विलोपित किए जाए, 6 प्रश्नों के एक से अधिक उत्तर मान्य किए गए और 3 प्रश्नों के उत्तर बदले फिर भी 6 प्रश्न अब तक विवादित है।

बस्तर बाढ़ पीड़ितों के लिए चेम्बर ने बढ़ाया मदद का हाथ

■ चेम्बर परिवार बस्तर बाढ़ पीड़ितों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है : थौरानी

रायपुर/नवप्रदेश। प्राकृतिक सौंदर्य और समृद्ध संस्कृति की भूमि बस्तर इन दिनों बाढ़ की भयावह त्रासदी से जूझ रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो चुका है। लोगों के घर, आजीविका और आवश्यक संसाधन जलमग्न हो जाने से हजारों परिवार कठिन परिस्थितियों का सामना कर रहे हैं। इस गंभीर आपदा की घड़ी में हर हृदय बस्तरवासियों की पीड़ा से व्यथित है। ऐसे संकट के समय में मानवीयता और सहयोग की भावना को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने राहत कार्यों में सक्रिय योगदान दिया है। चेम्बर के नेतृत्व में न्यू बर्तन व्यापारी संघ नयापारा तथा होलसेल कपड़ा व्यापारी संघ पंडरी सहित व्यापारी बंधुओं के सहयोग से राहत सामग्री एकत्रित की गई। इस राहत सामग्री में बाढ़ प्रभावित परिवारों की तात्कालिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए बर्तन एवं मच्छरदानी प्रमुख रूप से शामिल किए गए। चेम्बर अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में व्यापारियों ने नगर निगम रायपुर की महापौर मीनल चैबे से भेंट कर उन्हें राहत सामग्री सौंपी, ताकि प्रभावित परिवारों तक समय पर आवश्यक सहयोग पहुँच सके। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने कहा कि ÷बस्तर की यह आपदा केवल बस्तर की नहीं, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की पीड़ा है।

'सेवा पखवाड़ा' भाजयुमो 21 को करेगा 'नमो मैराथन' का आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा की प्रदेश इकाई प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के मौके पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक आहूत 'सेवा पखवाड़ा' के तहत आगामी 21 सितंबर को नमो मैराथन का आयोजन करने जा रही है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा ने बुधवार को एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में पत्रकार वार्ता में यह जानकारी देते हुए बताया कि देशभर में नमो मैराथन के लिए चयनित 100 शहरों में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर और न्यायधानी बिलासपुर का चयन किया गया है। रायपुर में नमो मैराथन सुबह 7 बजे से तेलीबांधा तालाब से जयस्तंभ चौक तक होगी।

वोट चोरी शब्द असंसदीय भाषा का प्रतीक : भाजपा

प्रदेश प्रवक्ता पाण्डेय ने 'वोट चोरी' शब्द को लेकर कहा : कांग्रेस हमेशा ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है, जिनका जुड़ाव असंसदीय भाषा से होता है

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पांडेय ने कांग्रेस नेताओं द्वारा लगातार 'वोट चोरी' शब्द का इस्तेमाल करने पर अपना ऐतराज जताते हुए कहा है कि कांग्रेस की डिक्शनरी में शुचितापूर्ण संसदीय शब्दों का अभाव है। कांग्रेस हमेशा ऐसे शब्दों का इस्तेमाल करती है, जिनका जुड़ाव कहीं-न-कहीं असंसदीय भाषा से होता है। पाण्डेय ने कहा कि हम दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों में एक है और हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों का वैश्विक सम्मान है और कांग्रेस ऐसे 'वोट चोरी' शब्द का इस्तेमाल करके हमारी लोकतांत्रिक शक्तियों पर सवाल खड़ा करके ओछी राजनीति कर रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पाण्डेय ने कहा कि विपक्ष को हमेशा सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए, लेकिन दुर्भाग्य से भारत में विपक्ष हमेशा विध्वंस, हिंसा और अराजकता की नकारात्मक भूमिका में ही है। इसलिए कांग्रेस व उसके नेताओं की प्रतिष्ठा लगातार कम होती जा रही है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता पांडेय ने कहा कि हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था में भाषा की गरिमा सदैव सर्वोच्च रही है। लेकिन कांग्रेस हमेशा भाषा की गरिमा को ताक पर रखकर राजनीति करती आ रही है। समाज में झूठे नरैटिव को गढ़ने का टेंडर कांग्रेस ने ले रखा है। लगातार 'वोट चोरी' जैसे कथित शब्दों का इस्तेमाल कर कांग्रेस भ्रामक प्रचार कर रही है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की घर की रेकी चिंताजनक: कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के देवेन्द्र नगर ऑफिसर कॉलोनी स्थित निवास पर एक युवक रेकी करने घुसा था।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सुरक्षा में तैनात जवानों के मना करने के बावजूद युवक जबरिया गेट को धक्का मारकर अंदर घुसता है तथा उसने वहां कुछ वीडियोग्राफी भी किया है। अध्यक्ष जी के निवास में लगे सीसीटीवी फुटेज में भी युवक को घुसते स्पष्ट देखा जा सकता है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि युवक दो-तीन दिन से अध्यक्ष के निवास के आसपास देखा गया था। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज बस्तर के संवेदनशील नक्सलवादी क्षेत्र से आते है। बस्तर से सांसद तथा दो बार विधायक भी रहे है। उनको जेड प्लस की सुरक्षा मिली हुई है। उनके निवास पर अवांछित व्यक्ति का घुसना बेहद चिंता का विषय है तथा उनकी सुरक्षा में सेंध है। भाजपा सरकार प्रमुख विपक्षी दल के अध्यक्ष की सुरक्षा में कोताही बरत रही है। पूर्व में भी पंचायत चुनाव के समय उनके निवास पर सरकार ने दंतेवाड़ा पुलिस को भेजकर रेकी करवाया था। भाजपा सरकार के राज में आम आदमी और जनप्रतिनिधि कोई सुरक्षित नहीं है।

मांसाहारी नहीं, शाकाहारी है मनुष्यः आचार्य धनंजय

महाराष्ट्र मंडल में चल रहे भागवत कथा के चौथे दिन भक्त प्रह्लाद और ध्रुव की सुनाई गई कथा

रायपुर/नवप्रदेश। मनुष्य का शरीर बना ही शाकाहार के लिए है। मांसाहार करने से तामसी वृत्ति बनती है। इससे पाप बढ़ता है। यही बीमारियों का कारण भी बनता है। मांसाहार करने वाला व्यक्ति उन्मत्त होगा, क्रोधी होगा, रोगी होगा। जिस देश में चावल की 12 हजार प्रजातियां पाई जाती हैं, 18 प्रकार के तो आम पाए जाते हैं, उस देश में मांसाहार की जरूरत ही नहीं है। धर्मसभा विद्वतसंघ श्रीश्री जगतगुरु शंकराचार्य पीठम के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मचारी निरंजनानंद आचार्य वेदमूर्ति धनंजय शास्त्री ने महाराष्ट्र मंडल में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन इस आशय का प्रवचन किया।

आचार्य धनंजय ने कहा कि अंग्रेजों ने भ्रांतियां फैलाई थी कि भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण, शिवाजी महाराज भी मांसाहारी थे, जबकि क्षत्रिय होने के बाद भी उन्होंने कभी भी मांसाहार नहीं किया। भ्रांति फैलाई गई कि भगवान श्रीराम ने पिता राजा दशरथ के श्राद्ध में मांस भक्षण किया था। वेदों में लिखित माष की जान बूझकर गलत व्याख्या की गई। जबकि माष का अर्थ उडद की दाल और गाय के दूध से है। आचार्य शास्त्री ने कहा कि आजकल लोग अंडा को मांसाहार नहीं मानते, जबकि उसमें भी एक प्राणि का जन्म होता है और वह मांसाहार ही होता है।

न्यूज गैलरी

मस्क को पीछे छोड़ दुनिया का सबसे अमीर व्यक्ति, एक ही दिन में संपत्ति 101 अरब डॉलर बढ़ी

नई दिल्ली। दुनिया के सबसे अमीर शख्स की सूची में बड़ा उलटफेर देखने को मिला है। ओरेकल कॉर्पोरेशन के को-फाउंडर और चेयरमैन लैरी एलिसन ने एलन मस्क को पीछे छोड़ते हुए दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति का स्थान हासिल कर लिया है। यह बदलाव ओरेकल के मजबूत तिमाही नतीजों के बाद आया, जिसके चलते कंपनी के शेयरों में जोरदार उछाल दर्ज किया गया और एलिसन की नेटवर्थ में एक ही दिन में 101 अरब डॉलर (करीब 8.9 लाख करोड़ रुपये) की बंपर बढ़ोतरी हुई।

ओरेकल के शेयरों में रिकॉर्ड तेजी दर्ज की गई। बुधवार को कंपनी के शेयरों में 41 प्रतिशत तक की बढ़त देखने को मिली।

इंडेक्स सऊदी अरब मिडिल ईस्ट का सबसे पुराना इंटीरियर डिज़ाइन इवेंट

रियाद में इंडेक्स सऊदी अरेबिया में ईपीसीएच की प्रभावशाली भागीदारी

नई दिल्ली/ए.। 'इंडेक्स सऊदी अरेबिया2025' का शुभारंभ सऊदी अरब के रियाद में हुआ जहां ईपीसीएच के इंडिया पवेलियन का उद्घाटन भारत के सऊदी अरब में राजदूत डॉ. सुहेलअजाज खान ने किया। इस मौके पर मनुस्मृति, काउंसलर भारतीय दूतावास, रियाद; अक्षय सिंह, उप निदेशक, कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार; सलमान आज़म, सदस्य सीओए-ईपीसीएच; सदस्य निर्यातकप्रदर्शक और मास्टर शिल्पकार की गरिमामयी उपस्थिति भी रही।

इस मेले का आयोजन 9 से 11 सितंबर 2025 तक किया जा रहा है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर. के. वर्मा ने बताया भारत को इस आयोजन के माध्यम से रियाद में आयोजित इंडेक्स सऊदी अरब जैसे बड़े मंच पर अपनी अनोखी विविधता, समृद्ध संस्कृति और कला-शिल्प की पुरानी परंपरा दिखाने का शानदार मौका मिला हैजहाँ देशभर से कई निर्यातक और शिल्पकार इसमें हिस्सा ले रहे हैं। उद्घाटन के दौरान सऊदी अरब में भारत के राजदूत डॉ. सुहेलअजाज खान ने ईपीसीएच की सराहना की। उन्होंने कहा कि परिषद लगातार भारतीय हस्तशिल्प को दुनिया तक पहुंचाने और हस्तशिल्प निर्यात का बेहतरीन काम कर रही है। उन्होंने प्रतिभागी प्रदर्शकों से बातचीत भी की और भविष्य में व्यापारिक प्रचार-प्रसार में हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया।महामहिम, कुशल शिल्पकार द्वारा प्रस्तुत लाइव प्रदर्शन देखकर बहुत प्रभावित हुए।

ईपीसीएच अध्यक्ष डॉ. नीरज खन्ना ने बताया कि इंडेक्स सऊदी अरब मिडिल ईस्ट का सबसे पुराना इंटीरियर डिज़ाइन इवेंट है, जिसमें दुनिया भर की कंपनियाँ हिस्सा लेती हैं। भारत की भागीदारी से मेले में और विविधता और विशेषता आएगी और दुनिया भर के निर्माता, रिटेलर्स और ब्रांड्स को भारतीय वस्त्र, होम फर्निशिंग और उपभोक्ता उत्पादों की मजबूत उद्यमिता से परिचित होने का मौका मिलेगा, जिससे यह आयोजन भारतीय हस्तशिल्प के सोर्सिंग का बेहतर अवसर भी प्रदान करने वाला है। ईपीसीएच के कार्यकारी निदेशक आर. के. वर्मा नेबताया इंडेक्स सऊदी अरब 2025 के अवसर पर, ईपीसीएच ने भारतीय दूतावास, रियाद और विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) कार्यालय के सहयोग से इंडिया - ए आइडियल डेस्टिनेशन फॉर सोर्सिंग हैंडीक्राफ्ट विषय पर एक संवादात्मक सत्र का भी आयोजन किया। इस सत्र के मुख्य अतिथि सऊदी अरब, रियाद में भारत के राजदूत महामहिम डॉ. सुहेलएजाज खान थे। उनके साथ अक्षय सिंह, उप निदेशक, कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), कपड़ा मंत्रालय, भारत सरकार; सलमान आज़म, सदस्य सीओए-ईपीसीएचऔर इन डिटेल डिज़ाइन सेंटर जेद्दा की उपाध्यक्ष श्रीमती दलाल अबुदुलेलाअबुलजादयेल भी उपस्थित रहे।श्री सलमान आजम ने अपने स्वागत भाषण में वर्तमान व्यावसायिक परिदृश्य में सऊदी बाज़ार के महत्व पर प्रकाश डाला।

सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का नया गाना पनवाड़ी जारी

धर्मा प्रोडक्शंस की बहुप्रतीक्षित फिल्म सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी का नया गाना पनवाड़ी रिलीज हो चुका है। सोशल मीडिया से लेकर म्यूजिक चार्ट्स तक, हर जगह इस गाने की धूम मची हुई है। गाने में वरुण धवन, जान्हवी कपूर, रोहित सराफ और सान्या मल्होत्रा जैसे सितारों की केमिस्ट्री देखते ही बनती है।इस गाने की शुरुआत भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की देसी गायकी से होती है। इसके बाद गाने में मस्ती शुरू होती है। गाने की चंद लाइनें कुछ इस तरह हैं, पनवाड़ी के पीछे वाली पतली गली में है तुम्हारे सजन की कोठरी।एपीएस के संगीत निर्देशन में तैयार हुए इस गाने के लिरिक्स जयराज ने लिखे हैं। गाने में खेसारी लाल यादव के साथ मासूम शर्मा, देव नेगी, निकिता गांधी, अकासा सिंह और प्रीतम ने भी अपनी-अपनी गायकी का जलवा बिखेरा है। जहां खेसारी ने भोजपुरी का ठेठ रंग डाला, वहीं मासूम शर्मा ने हरियाणवी अंदाज से गाने को और शानदार बनाया।

पेट्रोल, डीजल को जीएसटी के दायरे में लाना संभव नहीं : सीबीआईसी

नई दिल्ली। पेट्रोल और डीजल को वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाने पर केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि फिलहाल इन्हें जीएसटी के अंतर्गत लाना संभव नहीं है।

क्या पेट्रोल और डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाना चाहिए, अग्रवाल ने कहा कि पेट्रोल और डीजल पर फिलहाल केंद्रीय उत्पाद शुल्क और मूल्य वर्धित कर (वैट) लगता है और इन दोनों पेट्रोलियम पदार्थों से राज्यों को वैट के रूप में और केंद्र सरकार को केंद्रीय उत्पाद शुल्क के रूप में अच्छा-खासा राजस्व प्राप्त होता है।उन्होंने आगे कहा, राजस्व संबंधी प्रभावों को देखते हुए, इन वस्तुओं को फिलहाल जीएसटी के दायरे में लाना संभव नहीं है।सीबीआईसी चेयरमैन ने यह बयान ऐसे समय पर दिया है जब वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पिछले हफ्ते कहा था कि केंद्र सरकार ने जानबूझकर पेट्रोल और डीजल को जीएसटी परिषद के प्रस्ताव में शामिल नहीं किया है। उस दौरान वित्त मंत्री ने कहा था कि कानूनी तौर पर हम तैयार हैं, लेकिन यह फैसला राज्यों को लेना होगा।वित्त मंत्री ने अपने बयान में कहा था कि पेट्रोल और डीजल को जीएसटी लागू होने के समय ही शामिल किया जाना तय था, मुझे याद है कि मेरे दिवंगत पूर्व वित्त मंत्री अरुण जेटली ने इस बारे में बात की थी।

वित्त मंत्री सीतारमण ने कहा, राज्यों की सहमति के बाद, उन्हें परिषद में कराधान की दर तय करनी होगी। एक बार यह फैसला हो जाने के बाद, इसे कानून में शामिल कर लिया जाएगा।जुलाई 2017 में लागू हुए जीएसटी में पेट्रोल, डीजल और मादक पेय पदार्थों जैसे उत्पादों को तब से इसके दायरे से बाहर रखा गया था। ये वस्तुएं केंद्र और राज्य सरकारों, दोनों के लिए उत्पाद शुल्क और वैट के माध्यम से राजस्व का प्रमुख स्रोत हैं। कई राज्यों के लिए, ये उनके कर राजस्व में 25-30 प्रतिशत से अधिक का योगदान करते हैं।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजय सपहा पिता भागवत सपहा निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर जिला बेमेतरा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम देवकर प.ह.नं. 11 तहसील देवकर जिला बेमेतरा स्थित भूमि ख.नं. 1931 रकबा 0.23 हे. में से रकबा 0.04 हे. का आवासीय सह व्यवसायिक प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु बी-1 नक्शा खसरा, अधिकार अभिलेख की प्रति पेश कर भू-राजस्व की धारा 172 के तहत व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 15.09.2025 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5.00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पदमुद्रा सहित जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
साजा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद मुंगेली, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र. 748/न.पा./लो.नि.वि./2025-26 — मुंगेली, दिनांक 10/09/2025

-: ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना :-

नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु निम्नानुसार आनलाईन ई-निविदा आमंत्रित की जाती है :-

सिस्टम निविदा क्र.	कार्य का नाम	अनु. व्यय राशि (लाख में)	निविदा आनलाईन सम्मिट करने की अंतिम तिथि
175183	डा. भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन निर्माण कार्य।	116.46	01.10.2025
175146	नगर पालिका मुंगेली क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न भवनों में रैन वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण कार्य।	12.53	26.09.2025

टीप :- 1. निविदा प्रपत्र चिप्स के वेबसाईड Http://eproc.cgstate.gov.in में अवलोकन किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद मुंगेली

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (जोन क्र.- 4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID - rmczone4@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 23954 दिनांक 10-09-2025
वार्ड का नाम - **34- पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 34 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR224D00157 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती YAMUNA BAI KASHYAP पिता/पति श्री श्रीमती LATE MANNU LAL KASHYAP के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **प्रकाश कुमार कश्यप** पिता /पति श्री/श्रीमती **स्व. एम.एल. कश्यप** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**शपथ पत्र, टैक्स रसीद, परिचय दस्तावेज, सहमति पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज** /वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री अरुण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (जोन क्र.- 4)

प्रेस क्लब, पानी टंकी के नीचे, छोटापारा, रायपुर
Email ID - rmczone4@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 24145 दिनांक 10-09-2025
वार्ड का नाम -**34 -पं. रविशंकर शुक्ल वार्ड**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 34 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR224A00049 जो की निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SULEMAN IRANI पिता/पति श्री श्रीमती ...... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती **1. अल्ताफ हुसैन जौहरी 2. सफदर हुसैन 3. दिलावर हुसैन 4. लियाकत अली 5. सुभान हैदर** पिता/पति श्री/श्रीमती **सभी पिता स्व. सुलेमान हैदर** ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**अपंजीकृत वसीयत नामा** /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री अरुण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन (4)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, सेजबहार रायपुर (छ.ग.)

फोन नं. 0771-2991574
Email Id-eocghbzone03@gmail.com

आम - सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजना सेजबहार/दतरेंगा, रायपुर में स्थित भवन क्र. एल.आई.जी.-1244, श्रीमती नीलू पाण्डे पति श्री दीपक पाण्डे के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 1442 दिनांक 05.03.2007 द्वारा भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 26.12.2013 को सेलडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 10.02.2016 को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता श्री सौम्यरंजन बारिक पिता श्री नरोत्तम बारिक, निवासी म.नं. 10, सेक्टर-1, बजाज कालोनी, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 27.02.2016 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री सौम्यरंजन बारिक पिता श्री नरोत्तम बारिक द्वारा उक्त भवन को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर नाम दर्ज किए जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के नाम दर्ज करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था ,निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-03, रायपुर

कार्यालय नगर पालिका परिषद लोरमी, जिला-मुंगेली (छ.ग.)

क्र./577/न.पा.प./ लोनिवि /2025-26 — लोरमी, दिनांक 10/09/2025

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा आमंत्रण सूचना (1st call)

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है :-

1- Bid Start Date - 10.09.2025 Time- 5:30 Pm
2- Bid Due Date - 03.10.2025 Time- 5:30 Pm
3- Physical Submission Date - 06.10.2025 Time- 5:30 Pm
4- Bid Open Date (Scheduled) - 08.10.2025 Time-12:00 Pm

S. No.	System Tender No.	Name Of Work	Estimated Cost (In Lacs)
1	175135	PIPE LINE SHIFTING WORK AT LORMI	180.08

टीप :- उपरोक्त निर्माण कार्य की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in पर तथा विभागीय वेबसाइट https://www.uad.cg.gov.in पर डाउनलोड की जा सकती है। किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना विभाग की वेबसाईट में प्रसारित की जावेगी। पृथक से समाचार पत्र प्रकाशित नहीं की जावेगी।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद लोरमी

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, दन्तेवाड़ा

(फोन/फैक्स नं.-07856-252362, ई-मेल- eedan-phe-cg@nic.in)

आनलाईन निविदा निरस्तीकरण सूचना

जी क्रमांक- 252601864

इस कार्यालय द्वारा नीचे दर्शित कालम अनुसार निम्नलिखित आनलाईन निविदा को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। विवरण निम्नानुसार है।

स.क्र.	निविदा सिस्टम क्रमांक
1	System no.170065

जी क्रमांक-252601864

जी-252603413/2

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड
दंतेवाड़ा

कार्यालय सम्पदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01 सिरपुर भवन

व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर छ.ग.)
ईमेल - eocghbzonel@gmail.com

आम - सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कबीर नगर रायपुर में निर्मित अमलताश परिसर के अंतर्गत, दुकानों में से दुकान क्रमांक-16 में श्री शक्तिधर यादव पिता स्व. मटरू यादव को स्ववित्तीय/ एकमुश्त आधार पर आबंटित/ नामांतरित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 06.09.2021 को दान विलेख निष्पादित कर लिया गया।

आबंटी द्वारा उक्त दुकान के विक्रय हेतु दिनांक 04.09.2025 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर उक्त दुकान क्रेता श्री अतुल कुमार तिवारी पिता श्री दिलीप तिवारी के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय / अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त दुकान के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नही की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी,
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक सनत निषाद पिता जुगेराम निषाद जाति केंवट निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवकर में दिनांक 01/01/1985 को आवेदक के पिता जुगेराम निषाद की जन्म/मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का जन्म/मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/ दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक /2025 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया।

स्थान- देवकर — **तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
सील

न्यायालय तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)

ईश्तहार

सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नंदकिशोर साहू पिता स्व. बड़कू साहू जाति तेली निवासी ग्राम देवकर तहसील देवकर द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवकर में दिनांक 08/10/1991 को आवेदक के पिता बड़कू साहू की मृत्यु हो जाने के कारण उक्त व्यक्ति का मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किए जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार का आपेक्ष/ दावा हो अथवा आवेदन पत्र प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभावक के साथ उपस्थित होकर दिनांक // 2025 हो उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 04/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा जारी किया गया।

स्थान- देवकर — **तहसीलदार देवकर, जिला बेमेतरा (छ.ग.)**
सील

कार्यालय नगर पालिका परिषद, भाटापारा
जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)

TelePhone 07726-221068 Email address-cmobhatapara@rediffmail.com

क्रमांक/667/लो.नि.वि./न.पा.प./2025-26 — भाटापारा, दिनांक 11/09/2025

।। द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना (विस्तृत)।।

नगर पालिका परिषद भाटापारा द्वारा जिला खनिज संस्थान न्यास मद (डी.एम.एफ.) अंतर्गत स्वीकृत राशि से कार्य कराए जाने के लिए सक्षम श्रेणी में पंजीकृत फर्मों से **द्वितीय ई-प्रोक्यूरमेंट** निविदा आमंत्रित की जाती है।

(निविदा प्रपत्र डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 03/10/2025)

क्र.	सिस्टम टेंडर क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (लाख में)	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क रुपए में	समयावधि
1	175448	ईश्वरी प्रसाद धुरंधर वार्ड क्र. 05 स्थित ईतवारी राम यादव शा.उ.मा.विद्यालय में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य	10.00	7500.00	750.00	04 माह
2	175452	संत कंवर राम वार्ड क्र. 30 स्थित शांति नगर में सामुदायिक भवन निर्माण	05.18	3900.00	750.00	04 माह

टीप - उपरोक्त निविदा से संबंधी अन्य एवं विस्तृत जानकारियां संबंधित विभाग से कार्यालयीन समय में प्राप्त की जा सकती है, तथा निविदा विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद भाटापारा

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक - 3, शंकर नगर पानी, टंकी के नीचे
Email:- rmczone3@gmail.com

क्रमांक/35/न.पा.नि./जोन-3/2025-26 — रायपुर, दिनांक 10.09.2025

द्वितीय रूचि की अभिव्यक्ति (EOI)

नगर पालिक निगम, रायपुर जोन क्र. 03 अंतर्गत रूचि की अभिव्यक्ति (**EOI**) के माध्यम से जोन क्रमांक-03 क्षेत्रांतर्गत विभिन्न स्थानों में रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापित करने के कार्य हेतु राशि रु. 1.10 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई है। इच्छुक पंजीकृत अशासकीय संगठन (एन.जी.ओ.), स्व-सहायता समूह, असंगठित कामगारों की पंजीकृत समितियां, बेरोजगार इंजीनियर्स एवं निगम से पंजीकृत हाईड्रोलाजिस्ट एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से बंद लिफाफे में दरें दिनांक 22.09.2025 तक आवेदनकर्ता फर्म/ संस्था का जीवित पंजीयन, पैन कार्ड, जी.एस.टी. संलग्न कर अमानती राशि का एफ.डी.आर. राशि रु. 5000/- (आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से) का स्पीड पोस्ट के माध्यम से सायं 4.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

उक्त कार्य हेतु निर्धारित आवेदन पत्र का डी.डी. राशि रु. 2000/- आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से दिनांक 17.09.2025 सायं 5.00 बजे तक निविदा प्रपत्र प्राप्त कर सकते हैं। दरें सभी करों को सम्मिलित कर होगी तथा कटौतियां भी शासन के नियमों के अंतर्गत की जावेगी। (स्व-सहायता समूह/ असंगठित कर्मचारी पंजीकृत समितियों को धरोहर राशि में छूट की पात्रता होगी)

इस कार्य हेतु अन्य जानकारियों, नियम व शर्तें कार्यालयीन अवधि में कार्यपालन अभियंता जोन क्र. 03 नगर पालिक निगम, रायपुर से प्राप्त की जा सकती है।

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (जोन क्र. - 5)

ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 24192 दिनांक- 11.09.2025
वार्ड का नाम- 41 - पं. सुंदर लाल शर्मा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 41 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी... RPR565A00077 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती SHANTI BAI KASHYAP पिता / पति श्री/श्रीमती ATMARAM KASHYAP के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती RAVI KUMAR SONI, SAROJ SONI पिता/पति श्री/श्रीमती MOTILAL JI SONI, RAVI KUMAR SONI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार / **पंजीकृत विक्रय विलेख** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (जोन क्र. - 5)

ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 24153 दिनांक- 11.09.2025
वार्ड का नाम - 39 - ठाकुर प्यारे लाल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR759A0025A जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती PURUSHOTTAM SARTHI पिता / पति श्री/श्रीमती FIRTURAM के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती LEELADHAR SARTHI पिता / पति श्री / श्रीमती PURUSHOTTAM SARTHI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **BATWARANAMA** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा /प्रस्तुत करे। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (जोन क्र. - 5)

ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 24152 दिनांक- 11.09.2025
वार्ड का नाम - 39 - ठाकुर प्यारे लाल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन / भूमि जिसका प्रॉपर्टी आई. डी. RPR759A00025 जो की निगम अभिलेख श्री / श्रीमती MR. PURUSHOTTAM SARTHI पिता / पति श्री/ FIRTURAM के नाम से दर्ज है जिसको श्री / श्रीमती SHIV KUMAR SARTHI पिता / पति श्री / श्रीमती PURUSHOTTAM SARTHI ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ **BATWARANAMA** / वंशानुक्रम / अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते है, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा / प्रस्तुत करे । निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
(जोन कमिश्नर)
जोन (5)
नगर पालिक निगम, रायपुर

इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक | India Post Payments Bank

(A Government of India Undertaking)
Corporate Office, Speed Post Centre Building, Bhai Veer Singh Marg, New Delhi 110001

ENGAGEMENT OF RETIRED GENERAL MANAGER/DEPUTY GENERAL MANAGER FROM PUBLIC SECTOR BANK AS CONSULTANT ON CONTRACT BASIS

Advt. No.: IPPB/CO/HR/RECT/2025-26/02

Applications are invited for the position of Consultant on Contract basis from retired Deputy General Managers (TEGS-VI) and retired General Managers (TEGS-VII) of Public Sector Bank on contractual full-time basis.

Position	Number of Vacancies	Type of Employment	Age	Experience
Consultant	01	Contract Basis	Not more than 65 Years as on 01.07.2025	1. Should be a retired Deputy General Manager (TEGS-VI) or retired General Manager (TEGS-VII) 2. Should have deep functional knowledge and diverse experience of at least 30 years of working in branch banking and Administrative offices including various departments of the Bank such as Operations, Risk, compliance, HR, Audit, Finance.

IMPORTANT DATES:
Opening date of the advertisement is 18th August 2025. Candidates are required to send a scanned copy of the application form and supporting documents to careers@ippbonline.in. The hard copy and soft copy of the application form along with the required documents, as specified in the advertisement, must reach the IPPB Corporate Office by 25th September 2025, 5:00 PM. Applications received after the deadline will not be considered.
For detailed advertisement, please visit our official website https://ippbonline.com/web/ippb/current-openings

Place: New Delhi — **Sd/-**
Date: 18.08.2025 — **CBC-06346/12/0005/2526** — **Chief HR Officer**

कार्यालय, सेनानी, 8वी वाहिनी (भा/र)
छ.स. बल, पेण्ड्री-राजनांदगांव (छ.ग.)

क्रमांक-8वीं बटा./(भा/र)/छसबल/कमेटी/M/1005-A/2025 राजनांदगांव, दिनांक 10.09.2025

// निविदा आमंत्रण सूचना //

सेनानी 8वीं वाहिनी (भा/र) छसबल, राजनांदगांव की ओर से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु 02 लिफाफा पद्धति आमंत्रित मुहरबंद निविदा में ई-पंजीयन अंतर्गत ''द'' श्रेणी अथवा उससे अधिक के ठेकेदारों से अंतर्गत किया जाता है :-

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित राशि (लाख) में	धरोहर राशि रुपये में	कार्यपूर्ण अवधि
01	वाहिनी में क्वार्टर मास्टर शाखा हेतु स्टोर रूम निर्माण कार्य।	19.73	59,190/-	03 माह
02	वाहिनी कार्यालय में टायलेट निर्माण कार्य।	3.04	9,120/-	
03	वाहिनी परिसर में कंसटीना वायर फेंसिंग कार्य।	10.15	30,450/-	

01. चालान जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 29.09.2025
02. ठेकेदार द्वारा प्रस्तुत जमा करने की अंतिम तिथि - 13.10.2025 के 15.00 बजे
03. निविदा खोलने की तिथि - 13.10.2025 के 16.00 बजे

नोट :- निविदा प्रपत्र प्राप्त करने हेतु प्रति निविदा रू. 750/- को राशि सेनानी 8वीं वाहिनी (भा/र) छसबल, राजनांदगांव के नाम से ''लेखा शीर्ष 0055 एम.पी.आर.उपशीर्ष 800 अन्य रिसिप्ट'' में चालान के माध्यम से स्वीकार्य होगा। निविदाकारों को पुलिस विभाग में सफलतापूर्वक निर्माण कार्य करने संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। निविदा से संबंधित अन्य शर्तें व जानकारी या अधोहस्ताक्षरित कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

जी-252603410/1

सेनानी,
8वीं बटा. (भा/र) छ.स. बल,
राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

प्रभारी मंत्री चौधरी के जशपुर आगमन पर जनप्रतिनिधियों ने किया स्वागत

रायपुर/नवप्रदेश । वित्त मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री ओ.पी. चौधरी आज एक दिवसीय प्रवास पर जशपुर पहुंचे। उनके आगमन पर सर्किट हाउस परिसर में उन्हें पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उनका आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक और सरगुजा आदिवासी विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष श्रीमती गोमती साय, विधायक रायमुनी भगत, राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड के चेयरमैन राजीव अग्रवाल, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्षशौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, कलेक्टर रोहित व्यास, पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।

सीएम कैंप कार्यालय की त्वरित पहल से अंधेरे में डूबा गांव हुआ रोशन

रायपुर /नवप्रदेश । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जनसमस्याओं के निराकरण के लिए स्थापित सीएम कैंप कार्यालय बगिया में ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनने के साथ ही उनका त्वरित समाधान भी किया जाता है। आम लोगों के प्रति संवेदनशीलता और जनसमस्याओं के निराकरण की त्वरित पहल की वजह से आशा और विश्वास का केंद्र बन चुके कैंप कार्यालय में समय के साथ लोगों का विश्वास और भी गहरा होता जा रहा है। फरसाबहार तहसील के ग्राम अंकिरा के ग्रामीण बिजली ट्रांसफार्मर खराब होने की समस्या से जूझ रहे थे। ग्रामीणों ने अपनी यह समस्या सीएम कैंप कार्यालय बगिया के समक्ष रखी।कैंप कार्यालय ने इसे गंभीरता से लेते हुए विद्युत बहाल करने के लिए विभाग को निर्देशित किया था।जिस पर विभाग ने दूसरे ही दिन त्वरित कार्यवाही कर नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर दिया, जिससे पूरा गांव रोशन हो गया।

नेशनल लोक अदालत का आयोजन कल

रायपुर /नवप्रदेश। आपसी सुलह (राजीनामा) के जरिए मामलों का निपटारा करने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) नई दिल्ली के तत्वावधान में शनिवार 13 सितम्बर 2025 को देशव्यापी नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला न्यायालयों एवं व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित किए जाएंगे। यह कैलेण्डर वर्ष 2025 की तीसरी नेशनल लोक अदालत होगी तथा 13 दिसम्बर 2025 को वर्ष 2025 की अंतिम लोक अदालत आयोजित की जाएगी।

17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलेगा स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान

रायपुर /नवप्रदेश । महिलाओं के स्वास्थ्य और सशक्तिकरण को केंद्र में रखते हुए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक देशव्यापी स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान शुरू करने जा रहा है। इसका राष्ट्रीय शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इंदौर (मध्यप्रदेश) से करेंगे। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा मनाए जा रहे पोषण माह के साथ मिलकर चलाया जाएगा, ताकि मातृ, किशोरी और बाल पोषण पर व्यापक असर डाला जा सके। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से इस अभियान को जनआंदोलन के रूप में सफल बनाने का आह्वान किया है। राज्यों से अपेक्षा की गई है कि वे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन आयुष्मान आरोग्य मंदिरों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, जिला अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में करें।

नक्सल की छाया से निकलकर बस्तर में निवेश की सुनहरी किरण

छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट- बस्तर में निवेश और विकास का नया अध्याय शुरू

बस्तर की समृद्धि प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की गाथा लिखेगी : सीएम विष्णु देव साय

जगदलपुर /नवप्रदेश । हमारी नई औद्योगिक नीति के केंद्र में बस्तर है। खनिज संसाधनों और प्रचुर प्राकृतिक संपदा से भरा यह इलाका विकास की विपुल संभावनाएँ अपने भीतर समेटे हुए है। माओवाद बस्तर के विकास की राह में कांटे की तरह चुभ रहा था और नक्सलवादी आतंक ने बस्तर के विकास को जकड़ कर रखा था। हमने संकल्प लिया कि बस्तर को मुख्यधारा में लाएँगे और इसे विकसित छत्तीसगढ़ की केंद्रीय धुरी बनाएंगे। हमारे बहादुर जवानों और बस्तरवासियों ने साहस और दृढ़ संकल्प से माओवाद का मुकाबला किया और आज बस्तर माओवाद के काले इतिहास को मिटाकर निवेश का स्वर्णिम अध्याय लिखने की राह पर आगे बढ़ रहा है। मार्च 2026 तक माओवाद की बची-खुची निशानियाँ भी समाप्त हो जाएंगी और नक्सलमुक्त बस्तर और भी तेजी से विकास की राह पर आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जगदलपुर में छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि जापान के टोक्यो, ओसाका और दक्षिण कोरिया के सियोल के बाद इंवेस्टर्स कनेक्ट कार्यक्रम की अगली श्रृंखला के लिए हमने बस्तर संभाग का चुनाव किया और हमें खुशी है कि इतनी जल्दी यह आयोजन हम कर सके। यह बुलेट ट्रेन की रफ्तार का दौर है और इस रफ्तार से कदमताल करते हुए विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण करने हमने नई औद्योगिक नीति का निर्माण किया है। हमारी यह नीति यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा दिखाए गए सुशासन के परफार्म, रिफार्म और ट्रांसफार्म के मंत्र पर तैयार की गई है।

साढ़े तीन सौ से अधिक रिफार्म किए गए

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण की बुनियाद तेजी से विकसित होते उद्योगों के आधार पर रखी जाएगी। इसे ध्यान में रखते हुए नई औद्योगिक नीति में राज्य में निवेश के लिए अनुदान प्रावधान और प्रोत्साहन रखे गए हैं तथा इज ऑफ डूइंग बिज़नेस और स्पीड आफ डूइंग बिज़नेस के संकल्प के अनुरूप साढ़े तीन सौ से अधिक रिफार्म किए गए हैं। हमने जापान और दक्षिण कोरिया के अलावा मुंबई, दिल्ली, बेंगलुरु तथा नवा रायपुर में भी इंवेस्टमेंट समिट किए हैं। नई औद्योगिक नीति लागू होने के बाद अब तक हमारे पास लगभग 6 लाख 65 हजार करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आ चुके हैं। नई नीति में कोर सेक्टर के साथ आईटी, एआई, फार्मा, टेक्सटाइल्स, इलेक्ट्रॉनिक्स तथा ग्रीन एनर्जी से जुड़े माध्यमों पर विशेष अनुदान प्रावधान रखे गए हैं।

भारत का पहला एआई डाटा सेंटर पार्क बनाया

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आकर्षक अनुदान प्रावधानों के साथ ही हम ऐसी अधोसंरचना भी उद्यमियों को दे रहे हैं ताकि सिंगल विंडो सिस्टम से निवेश प्रस्ताव स्वीकृत होते ही वे औद्योगिक क्षेत्र में अपना उद्यम लगा सकें। नवा रायपुर इसका उदाहरण है, जहाँ भारत का पहला एआई डाटा सेंटर पार्क बनाया गया है। यहाँ फार्मास्युटिकल पार्क, मेडिसिटी और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर भी बनाए जा रहे हैं। अब बस्तर में औद्योगिक अधोसंरचना की स्थिति पर बात करें तो सभी जिलों और विकासखंडों में नये लघु औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जा रही है। जगदलपुर के ग्राम फ्रेजरपुर और गीदम रोड में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित हैं। नगरनार के निकट नियानार में 118 एकड़ क्षेत्र में नवीन औद्योगिक क्षेत्र विकसित किया गया है। कांकेर के ग्राम लखनपुरी, दंतेवाड़ा के टेकनार और नारायणपुर में औद्योगिक क्षेत्र स्थापित हैं। हमारी सरकार द्वारा सुकमा के साथ ग्राम पाकेला, फंदीगुड़ा, कोंडागांव के ग्राम अड़का-छेपड़ा और बीजापुर के ग्राम कोडोली में भी औद्योगिक क्षेत्रों की स्थापना की जा रही है।

औद्योगिक माहौल काफी उन्नत होगा

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व का सर्वाधिक लाभ बस्तर के इंफ्रास्ट्रक्चर को मिला है। यहाँ से विशाखापट्टनम के लिए एक्सप्रेसवे गुजर रही है। रावघाट-जगदलपुर रेलमार्ग का कार्य हो रहा है और तेलंगाना से किरंदुल को जोड़ने वाली रेल रूट का सर्वे किया जा रहा है। उड़ान परियोजना से माँ दंतेश्वरी एयरपोर्ट जगदलपुर को उन्नत बनाया गया है। बोधघाट परियोजना पर शीघ्र कार्य शुरू होगा। कनेक्टिविटी के इस दौर में आगे रहने के लिए बस्तर में नये मोबाइल टावर लगाए जा रहे हैं।

उद्यमियों को सर्वाधिक लाभ मिलेगा

नई औद्योगिक नीति में बस्तर के 88 प्रतिशत ब्लॉक ग्रुप-3 में चिन्हांकित किए गए हैं। यहाँ निवेश करने पर उद्यमियों को सर्वाधिक लाभ मिलेगा। हमारी सरकार समावेशी विकास पर काम करती है और प्राथमिकता यह है कि पीछे रह गए वर्गों को उद्यम के सबसे पहले अवसर मिलें। इसलिए एससी-एसटी वर्ग के उद्यमियों के लिए 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी का प्रावधान भी किया गया है। उद्योगों की स्थापना के पीछे उद्देश्य केवल अर्थव्यवस्था को रफ्तार देना ही नहीं बल्कि बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन भी है। इस रोजगार में स्थानीय लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 1,000 करोड़ रुपये से अधिक निवेश या 1,000 से ज्यादा लोगों को रोजगार देने वाली इकाइयों को अतिरिक्त अनुदान का प्रावधान रखा गया है।

पर्यटन को उद्योग का दर्जा

बस्तर भारत का स्वर्ग है और इसे देखने बड़े पैमाने पर लोग आएँ, इसके लिए पर्यटन को उद्योग का दर्जा दिया गया है। जो उद्यमी बस्तर में पर्यटन क्षेत्र में निवेश करेंगे, उन्हें 45 प्रतिशत सब्सिडी मिलेगी। इससे होटल इंडस्ट्री, इको-टूरिज्म, वेलनेस, एडवेंचर स्पोर्ट्स आदि क्षेत्रों में निवेश के स्वर्णिम अवसर बनेंगे। होम स्टे पर विशेष अनुदान से स्थानीय उद्यमशील लोगों को भी पर्यटन क्षेत्र में अवसर मिल रहे हैं। इसी तरह एग्रो इंडस्ट्री पर भी विशेष फोकस है। सबसे खास बात यह है कि बस्तर में स्किल डेवलपमेंट पर सबसे अधिक जोर दिया जा रहा है। कोर इंडस्ट्री और नये दौर के उद्योगों के अनुरूप बस्तर के सभी 32 ब्लॉकों में स्किल डेवलपमेंट सेंटर बनाए जा रहे हैं।

वैश्विक मंच पर नई पहचान

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री एवं प्रभारी मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बीजापुर में पहली बार राइस मिल की स्थापना हो रही है। उन्होंने बताया कि जगरगुंडा की इमली मंडी, जो वर्षों से बंद थी, को फिर से चालू कराया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयासों से राज्य की औद्योगिक नीति की सराहना दक्षिण कोरिया में भी हुई है, जिससे छत्तीसगढ़ को वैश्विक मंच पर नई पहचान मिली है। कार्यक्रम में 34 उद्योगों की स्थापना के लिए प्रोत्साहन प्रमाणपत्र वितरित किए गए। **छोटे उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन :** वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार ने वीडियो प्रजेंटेशन के माध्यम से राज्य की औद्योगिक नीति और बस्तर संभाग में उभरती संभावनाओं का विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि बस्तर की समृद्धि के लिए पर्यटन और छोटे उद्योगों को विशेष प्रोत्साहन दिया जा रहा है। साल बीज और इमली जैसे उत्पादों की देशव्यापी आपूर्ति में बस्तर की प्रमुख भूमिका है, जिनका उपयोग कॉस्मेटिक उद्योग में किया जाता है।

उभयलिंगी समुदाय के अधिकारों की रक्षा और सशक्तिकरण के लिए सरकार प्रतिबद्ध: राजवाड़े

- **मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की अध्यक्षता में उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की राज्य स्तरीय बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। नवा रायपुर मंत्रालय में आज उभयलिंगी कल्याण बोर्ड की राज्य स्तरीय बैठक समाज कल्याण मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में उभयलिंगी समुदाय के सशक्तिकरण, अधिकारों की सुरक्षा और सामाजिक पहलुओं पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, रोजगार के अवसरों के विस्तार तथा समुदाय को सामाजिक मुख्यधारा से जोड़ने के लिए ठोस नीति और योजनाएँ लागू करने पर चर्चा हुई। इस अवसर पर यह संकल्प लिया गया कि समुदाय के सम्मानजनक जीवनयापन और आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने हेतु ठोस कदम उठाए जाएँगे।

राजवाड़े ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि उभयलिंगी समुदाय के लिए संचालित सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जाए और उनकी सतत समीक्षा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सरकार इस वर्ग के जीवन, आजीविका और सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़े विषयों पर गंभीरता से काम कर रही है।

उन्होंने यह भी कहा कि यह पहल समानता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है और विकसित भारत 2047 के विज़न को साकार करने में भी मील का पत्थर साबित होगी। बैठक में समाज कल्याण विभाग के सचिव श्री भुवनेश यादव और संचालक श्रीमती रोक्तिमा यादव वरिष्ठ अधिकारी, संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधि और उभयलिंगी समुदाय के सदस्य उपस्थित रहे।

बिजली बिल की समस्या से मिली राहत, मुफ्त बिजली से हो रही बचत

सूर्य घर योजना से धीरेंद्र बने बिजली उत्पादक, 78 हजार मिली सब्सिडी

रायपुर /नवप्रदेश। सूरज की किरणें धरती पर हर दिन असीम ऊर्जा लेकर आती हैं। यही ऊर्जा पौधों में प्रकाश संश्लेषण कर जीवन को बनाए रखने में मदद करतीं हैं। लेकिन अब तकनीकी विकास के कारण सूर्य घर-घर मुफ्त बिजली का स्रोत भी बन रहा है। ये कहानी है अंबिकापुर के प्रतापपुर नाका, शिवधारी कॉलोनी के रहने वाले धीरेंद्र नाथ दुबे की। उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत 5 केवीए का सोलर रूफटॉप सिस्टम लगाकर स्वयं बिजली उत्पादक बनने का मार्ग प्रशस्त किया है। दुबे ने बताया कि पहले हर महीने उनका बिजली बिल औसतन 1500 से 1600 आता था। लेकिन सोलर रूफटॉप लगने के बाद अब अप्रैल माह में उनका बिजली बिल घटकर मात्र 120 रुपए रह गया है। इतना ही नहीं, उन्हें योजना के अंतर्गत मिलने वाली केंद्र सरकार की 78000 सब्सिडी की राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्राप्त हो गई है।

बैंक से मिली त्वरित फाइनेंस की सुविधा

धीरेंद्र दुबे ने बताया कि योजना का लाभ लेने में उन्हें वित्तीय दिक्कत न हो, इसके लिए ग्रामीण बैंक से तुरंत फाइनेंस सुविधा मिल गई। बैंक की मदद से केवल 5 दिनों में पूरा सोलर सिस्टम स्थापित हो गया। उन्होंने कहा कि सब्सिडी मिलने के कारण यह निवेश मात्र दो वर्ष में ही पूरी तरह वसूल हो जाएगा और उसके बाद वे पूरी तरह मुफ्त में बिजली का उपयोग कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि आज हम सिर्फ उपभोक्ता नहीं, बल्कि बिजली उत्पादक भी बन सकते हैं। प्राकृतिक संसाधनों का सही उपयोग कर हम अपने बिजली खर्च को कम कर सकते हैं और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सकते हैं।

केंद्र और राज्य सरकार से डबल लाभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार इस योजना में सब्सिडी दे रही है, साथ ही साथ छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 30,000 रुपए की अतिरिक्त सब्सिडी दी जा रही है। इससे उपभोक्ताओं को और भी अधिक राहत मिल रही है। श्री दुबे का कहना है कि यह योजना आम जनता के लिए बड़ी सहूलियत लेकर आई है।

विश्व बंधुत्व दिवस पर संगोष्ठी में शामिल हुए राज्यपाल

बंधुत्व की शुरूआत अपने घर से हो: राज्यपाल डेका

रायपुर /नवप्रदेश । बंधुत्व की शुरूआत अपने घर से होनी चाहिए, तभी विश्व में बंधुत्व का भाव होगा। राज्यपाल डेका ने आज विश्व बंधुत्व दिवस पर संगोष्ठी में यह विचार व्यक्त किया। स्वामी विवेकानंद कन्याकुमारी केंद्र शाखा रायपुर के सौजन्य से दुर्गा कॉलेज रायपुर के सभागार में यह संगोष्ठी आयोजित की गई थी, जिसमें श्री डेका बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। स्वामी विवेकानंद द्वारा वर्ष 1893 में शिकागो के विश्व धर्म सम्मेलन में आज के दिन ही ऐतिहासिक वक्तव्य के माध्यम से भारत की उज्जवल संस्कृति एवं परंपरा को दुनिया के समक्ष रखा गया था। इस विशेष दिन को विश्व बंधुत्व दिवस के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर अपने उद्बोधन में राज्यपाल डेका ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जो दीपक 1883 में प्रज्जवलित किया था, उसकी लौ आज भी जगमगा रही है। हम उस लौ को भाईचारे, सेवा और सकारात्मक सोच से अपने जीवन में जलाएं रखें। स्वामी विवेकानंद ने भारत की महान संस्कृति और आध्यात्म को

संसार के सामने प्रस्तुत ही नहीं किया बल्कि पूरे विश्व को यह संदेश दिया की मानवता से बढ़कर कुछ भी नहीं है।

मानवता के लिए सबसे बड़ी चुनौती जलवायु परिवर्तन, जल संकट और माइक्रो प्लास्टिक

डेका ने कहा कि आज मानवता के समक्ष बड़ी-बड़ी चुनौतियां है। सबसे बड़ी चुनौती जलवायु परिवर्तन, जल संकट और माइक्रो प्लास्टिक का है। इन तीनों के चीजों के दुष्प्रभाव से बचेंगे तभी हमारी सभ्यता भी बचेगी। उन्होंने छत्तीसगढ़ में अच्छी वर्षा के बावजूद भू-जल के गिरते स्तर को गंभीर समस्या बताते हुए इस पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। वर्षा जल के संरक्षण के लिए अनिवार्य रूप से रेन वाटर हार्वेस्टिंग, किसानों के खाली पड़े जमीनों पर डबरी निर्माण जैसे कदम उठाने पर जोर दिया। डेका ने युवकों से आव्हान किया कि वे यह न सोचे कि समाज उन्हें क्या दे रहा है बल्कि यह विचार करें कि वे समाज को क्या दे रहे हैं। जीवन मे सफलता के लिए अनुशासन और समय का पाबन्द होना आवश्यक है। परिवार के बुजुर्गों का सम्मान, भाई-बहन के बीच स्नेह व मित्रता समाज में बंधुत्व की भावना ब?ाने में मदद करती है। मानव जीवन अनुपम है। हर एक क्षण का आनंद लें। इस पृथ्वी और प्रकृति का आनंद लें। आज कृत्रिम बुद्धिमता के इस युग में कृत्रिम जीवन के बजाय प्राकृतिक जीवन जीने की कोशिश करें। उन्होंने युवाओं से कहा कि यह सोने का समय नहीं है उठो और जो काम तुम्हारा है उसे पूरा करने में जुट जाओ।

संगोष्ठी की अध्यक्षता दुर्गा महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रोतिभा मुखर्जी साहूकार ने की। मुख्य प्रवक्ता के रूप में जैव विविधता बोर्ड के अध्यक्ष एवं सेवा निवृत्त मुख्य वन संरक्षक राकेश चतुर्वेदी ने स्वामी विवेकानंद के जीवन, कार्यो एवं उनके आदर्शो पर विस्तृत प्रकाश डाला। संजीव गुप्ता ने भी अपने विचार रखें। स्वागत भाषण सुभाष चंद्राकर ने दिया। कार्यक्रम का संचालन शजिन्ता शुक्ला और आभार प्रदर्शन श्री चेतन तारवानी ने किया। इस अवसर पर विवेकानंद केन्द्र के पदाधिकारी, कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक, महिलाएं, युवा बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

छग में आज उद्योग को लेकर सकारात्मक माहौल : केदार कश्यप

रायपुर /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने गुरुवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की तारीफ की। उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह कहना गलत नहीं होगा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में उद्योग को लेकर लगातार सकारात्मक माहौल बन रहा है। आज की तारीख में प्रदेश के हर शख्स का रुझान उद्योग को लेकर बढ़ रहा है। इसका श्रेय निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को जाना चाहिए। उन्होंने प्रदेश में उद्योग को लेकर कई तरह के अभूतपूर्व कदम उठाए हैं, जिसे लेकर उनकी तारीफ की जानी चाहिए। उन्होंने बस्तर में आयोजित होने जा रहे 'इनवेस्टर मीट समिट' के संबंध में कहा कि यह हम सभी लोगों के लिए खुशी की बात है कि इस तरह के समिट का आयोजन हमारे प्रदेश में होने जा रहा है। प्रदेश में उद्योग को समृद्ध करने की दिशा में इस तरह का आयोजन होता रहा है, ताकि लोग उद्योग को लेकर आकर्षित हों।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक - यशवंत धोटे द्वारा मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर रजबंधा मैदान प्रेस काम्पलेक्स रायपुर से प्रकाशित, (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी) फोन : 0771-3526755, 6262188999, navpradesh@gmail.com